डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹74600 10 ग्राम

₹96000 01 किलो

सेंसेक्स 77,042.82 +318.74 | डॉलर 86.614 +0.237

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



माघ कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 17 जनवरी 2025, वर्ष-31, अंक-94, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | पेज-12 | भारत की युवा शक्ति की ताकत...

## अज्ञात वाहन ने वैन को धक्का मारा, तीन की मौत

**गिरिडीह।** जिले में दर्दनाक घटना घटी है। यहां अज्ञात वाहन ने एक वैन को धक्का मारा है। इस घटना में वैन में सवार तीन लोगों की मौत हो गई है। मरने वाले तीनों लोग आइसक्रीम बेचने वाले थे। घटना गिरिडीह - डुमरी पथ पर चैनपुर में घटी है। हादसे में मारे गए लोगों में निमियाघाट थाना इलाके के लक्ष्मणटुंडा निवासी 53 वर्षीय देवचंद साव, केंदुआडीह निवासी 16 वर्षीय थानू कुमार तथा रंगामाटी निवासी 38 वर्षीय घनश्याम साव शामिल हैं। तीनों शव का पोस्टमार्टम गुरुवार की दोपहर में कराया गया। घटना को लेकर मधुबन थाना के चौकीदार इंद्रदेव महतो ने बताया कि बुधवार को मधुबन में मेला लगा था। इसी मेला में आइसक्रीम बेचने तीनों आए थे। आइसक्रीम बेचने के बाद तीनों एक वैन में सवार होकर घर जा रहे थे। बुधवार - गुरुवार की रात एक बजे अज्ञात वाहन ने आइसक्रीम बेचने वालों के वैन को धक्का मार दिया। दुर्घटना में वैन के परखच्चे उड़ गए।

## लॉज में फंदे से लटकता मिला लड़के का शव

**रांची।** ओरमांझी में एक लड़के की लाश फंदे पर लटकता हालत में मिला। यह लाश ईरबा के पनाह लॉज के एक कमरे में मिली है। डेड बॉडी मिलने की फैली खबर के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची ओरमांझी पुलिस ने डेड बॉडी को फंदे से नीचे उतारा और आगे की कार्रवाई में जुट गयी। बॉडी देखने से लग रहा है कि लड़के की मौत एक दिन पहले ही हो गयी है। डेड बॉडी की शिनाख्त गोपी कुमार प्रसाद के तौर पर की गयी है। वह सिल्ली प्रखंड के मुरी का रहने वाला बताया गया।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का आदेश

# चार महीने के अंदर शुरू करें प्रक्रिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में डेढ़ साल से लंबित निकाय चुनाव मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को 4 महीने में निकाय चुनाव कराने को कहा है। सुनवाई के दौरान मुख्य सचिव और नगर विकास सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। सुनवाई के बाद अदालत ने मुख्य सचिव को अगली सुनवाई में सशरीर उपस्थित रहने से राहत दी है। अदालत ने गुरुवार को प्रार्थी रोशनी खलखो व अन्य की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से उक्त बात कही। सुनवाई के क्रम में अदालत ने एकल पीठ के तीन सप्ताह में चुनाव कराने के आदेश का पालन नहीं होने पर सवाल उठाए।

### सरकार ने ट्रिपल टेस्ट का दिया तर्क

आदेश का पालन नहीं करने के पीछे की वजह पूछने पर जवाब देते हुए राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की पात्रता निर्धारण को लेकर जिला स्तर पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। कुछ ही जिलों में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया बाकी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। वहीं भारत निर्वाचन आयोग से वोटर लिस्ट भी अबतक नहीं मिल पाया है। जिससे कुछ देरी हो रही है। सुनवाई के क्रम में प्रार्थी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार बिना ट्रिपल टेस्ट कराए भी निकाय चुनाव करा सकती है। ऐसा हो सकता है। प्रार्थी ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा चुनाव कराने की नहीं है।

### हाईकोर्ट ने कहा था तीन हफ्ते में जारी करें अधिसूचना

पूर्व पार्षद रोशनी खलखो और अरुण झा की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते बीते साल जनवरी में हाईकोर्ट ने तीन हफ्ते के भीतर चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी करने को कहा था। पर यह नहीं हो सका। राज्य के 34 नगर निकायों में चुनाव लंबित है। इनमें से 14 में मई 2020 से ही चुनाव लंबित है।

### झारखंड में नगर निकाय क्षेत्र जहां होने हैं चुनाव

**नगर निगम :** रांची, हजारीबाग, मेदनीनगर, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, चास, आदित्यपुर और मानगो।

**नगर परिषद :** गढ़वा, विश्रामपुर, चाईबासा, झुमरी तिलैया, चक्रधरपुर, चतरा, चिरकुंडा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, गुमला, जुगसलाई, कपाली, लोहरदगा, सिमडेगा, मधुपुर, रामगढ़, साहिबगंज, फुसरो और मिहिजाम।

**नगर पंचायत :** बंशीधर नगर, मझिआंव, हुसैनाबाद, हरिहरगंज, छतरपुर, लातेहार, कोडरमा, डोमचांच, बड़की सरैया, धनवार, महगामा, राजमहल, बरहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, बुंडू, खूंटी, सरायकेला और चाकुलिया।

## बेहतर इलाज के लिए कड़िया मुंडा दिल्ली एम्स रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के एम्स अस्पताल में रेफर किया गया है। उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली रवाना किया गया। उनके साथ परिजनों के अलावा मेडिका अस्पताल के एक चिकित्सक को भी दिल्ली भेजा गया है।

मकर संक्रांति के दिन केन्द्रीय मंत्री जुएल ओरांव ने रांची के मेडिका अस्पताल में कड़िया मुंडा से मुलाकात की थी और हाल-चाल जाना था। जुएल ओरांव द्वारा सारी व्यवस्थाएं देखने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि सात जनवरी को कड़िया मुंडा की तबीयत खराब होने पर उन्हें मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कड़िया मुंडा झारखंड की खूंटी लोकसभा सीट से आठ बार सांसद रहे हैं। वह पद्मभूषण से सम्मानित हैं। सबसे अधिक 12 लोकसभा चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड इनके नाम है। खूंटी लोकसभा सीट वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई। 1971 में पहली बार कड़िया मुंडा ने चुनाव लड़ा। 2014 में उन्होंने अंतिम लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान उन्होंने आठ लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज की। चार लोकसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 1977 के चुनाव में उन्हें पहली बार जीत मिली थी।

### जैक बोर्ड : मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से

## राज्यभर में बनाए गए 2100 परीक्षा केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। इस वर्ष परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए 2100 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। मैट्रिक के लिए राज्यभर में 1305 केंद्र व इंटर के लिए 795 केंद्र बनाये गये हैं। इस वर्ष मैट्रिक और इंटर मिलाकर कुल 7,83,711 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष मैट्रिक में 12208 व इंटर तीनों संकाय में परीक्षार्थियों की संख्या में 5267 की वृद्धि हुई है। जैक ने 10वीं (मैट्रिक) और 12वीं (इंटरमीडिएट) की बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षाएं 11 फरवरी 2025 से शुरू होकर 3 मार्च 2025 को समाप्त होंगी। कक्षा 10 (मैट्रिकुलेशन) की परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू होकर 3 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। मैट्रिक परीक्षा के पेपर सुबह के सत्र में होंगे और परीक्षा का समय सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। झारखंड बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए एडमिट कार्ड और अन्य संबंधित जानकारी जल्द ही जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

### मंत्री दीपक बिरुआ ने बनाया प्लान

# अब घर बैठे ही कटेगी जमीन की रसीद

**म्यूटेशन समेत अन्य जमीन संबंधित कार्यों को राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में लाएं**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि जमीन संबंधित मुद्दों पर आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व संग्रहण किया जाए। इसलिए म्यूटेशन समेत अन्य जमीन संबंधित कार्यों को राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में लाएं। अधिकारी ऐसे कार्यों को ससमय पूरा कराने की दिशा में काम करें। ताकि आमजनों को बेहतर सुविधा मिल सके और सरकार को राजस्व संग्रहण वृद्धि हो सके। मंत्री दीपक बिरूआ प्रोजेक्ट भवन स्थित अपने विभागीय कार्यालय में गुरूवार को सभी प्रमंडलीय आयुक्त और विभागीय सचिव के साथ वर्चुअल बैठक में निर्देश देते हुए बोल रहे थे।

दीपक बिरुआ ने कहा कि अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने के लिए भी लोगों को कचहरी और कर्मचारियों के कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। इसलिए अब राज्यवासियों को बार कोड की सुविधा मिलेगी। इसके माध्यम से लोग मोबाइल से ही अपनी जमीन की रसीद काट सकेंगे। विभाग इसपर आगे की कार्यवाही करेगा। उन्होंने कहा कि बार कोड के जरिए रसीद कटने पर लोगों को रसीद कटवाने के लिए यहां वहां जाने की जरूरत नहीं होगी।

बैठक में चाईबासा आयुक्त द्वारा जमशेदपुर जिले की कंपनियों से दो हजार करोड़ राशि के बकाया वसूली करने का प्रस्ताव सामने आया। जिसपर माननीय मंत्री ने तत्काल मामले पर संज्ञान लेते हुए उसपर आगे की कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले हैं, जहां से राजस्व वसूली होने पर राज्य की राजस्व में बढ़ोतरी होगी, लेकिन इसपर काम करने की जरूरत है।

मौके पर मंत्री ने सरकारी जमीन के कब्जे मामले में भी सख्ती दिखाते हुए निर्देश दिया है कि सरकारी जमीन पर जमाबंदी कायम है या नहीं इसकी सूची तैयार करें। उन्होंने कहा कि हरमू नदी किनारे भी अनावश्यक रूप से कब्जा कर नदी को समाप्ति के कगार पर छोड़ा जा रहा है। इसपर विभागीय स्तर पर चर्चा कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

बैठक में इसके अलावे लंबित म्यूटेशन की कठिनाईयों को दूर कर जमीन संबंधित राजस्व संग्रहण को सहूलियत बनाने, खासमहल जमीन के रिन्यूअल कराने के सुझाव पर अमल किए जाने, सैरात की वसूली को सुविधाजनक बनाने, नीलाम पत्र वाद के निष्पादन पर खास निर्देश देने, लंबित कोर्ट केस की नियमित समीक्षा कर वरीय पदाधिकारियों **शेष पेज 11 पर**

## छत्तीसगढ़ में 10-12 नक्सलियों का हुआ एनकाउंटर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पुजारी कांकेर के जंगल में गुरुवार को पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। एनकाउंटर में 10-12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। बीजापुर, डीआरजी सुकमा, डीआरजी दंतेवाड़ा, कोबरा के अलग-अलग बटालियन और सीआरपीएफ के करीब 1200 से 1500 जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है। जंगल में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं, इनमें कुछ बड़े नक्सल लीडर भी शामिल हैं। बीजापुर में ही आईईडी ब्लास्ट में 2 जवान घायल हो गए हैं। गुरुवार दोपहर बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र में कोबरा बटालियन के 2 जवान आईईडी की चपेट में आ गए। साथी जवानों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि पुतकेल कैंप से जवान सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। नक्सलियों ने इलाके में पहले से ही आईडी लगा रखी थी। इसी दौरान जवानों के पैर का दबाव आईडी पर पड़ा, जिससे जोरदार धमाका हुआ।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज कल**




## आठवें वेतन आयोग की मंजूरी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग को मंजूरी प्रदान कर दी है, जो 2026 से लागू होगा। इस बारे में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सातवां वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था और इसका कार्यकाल 2026 तक रहेगा। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहले ही लागू की जा चुकी हैं। सरकार बाद में आयोग के सदस्यों सहित अन्य विवरणों के बारे में जानकारी देगी। सातवें वेतन आयोग ने केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के वेतन ढांचे, भत्तों और पेंशन में महत्वपूर्ण बदलाव किए, जिससे वेतन समानता सुनिश्चित हुई और सक्रिय कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशन भोगियों दोनों को लाभ हुआ। इसके बाद, अब सबकी नजरें 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के संभावित कार्यान्वयन की ओर जा रहा है। 8वें वेतन आयोग के लागू होने से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। 8वां वेतन आयोग जब स्थापित हो जाएगा, तो केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन और भत्तों में भी संशोधन करेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दिए जाने की घोषणा बजट 2025 की घोषणाओं से कुछ दिन पहले हुई है। जबकि अश्विनी वैष्णव ने पुष्टि की है कि कैबिनेट ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है, लेकिन इसकी स्थापना की सही तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 8वें वेतन आयोग के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए जल्द ही अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी।

## बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर जानलेवा हमला



**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर जानलेवा हमला हुआ है। एक्टर की टीम ने आधिकारिक बयान में प्रशंसकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। हमले के वक्त सैफ की पत्नी करीना कपूर घर पर ही मौजूद थीं। सूत्रों के अनुसार, करीना एक पार्टी अटेंड कर गुरुवार रात 1:30 बजे घर लौटी थीं। यह घटना रात 2:15 बजे हुई, जब चोर कथित तौर पर उनके बांद्रा स्थित घर में घुस आया और उनके घरेलू सहायक पर हमला किया। इस दौरान कथित तौर पर सैफ ने बीच-बचाव किया। सैफ पर छह बार चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया। जिनमें से दो जख्म गहरे हैं जो उनकी रीढ़ की हड्डी के करीब लगे हैं। एक्टर को मुंबई के बांद्रा इलाके में लीलावती अस्पताल ले जाया गया। मुंबई पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। कथित तौर पर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। करीना की टीम ने भी एक बयान जारी कर प्रशंसकों और मीडिया से धैर्य रखने और अटकलों से बचने का अनुरोध किया है, क्योंकि पुलिस वर्तमान में सैफ अली खान के चाकू घोंपने के मामले की जांच कर रही है।

## धनबाद हिंसक झड़प : झामुमो नेता कारू यादव गिरफ्तार

**बिहार के जमुई में पुलिस को मिली सफलता**



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** कंपनी में वर्चस्व को लेकर खरीखरी हिलटॉप आउटसोर्सिंग में गोलीबारी और बमबाजी के मास्टरमाइंड कारू यादव को धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कारू यादव को बिहार के जमुई से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस कारू यादव को धनबाद ले आई है। एसएसपी द्वारा गठित एसआईटी टीम ने झामुमो नेता को बिहार से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। कारू यादव को एसआईटी टीम धनबाद लेकर आई। इसके बाद पुलिस भारी सुरक्षा के बीच कारू यादव को मधुबन थाना ले गई। कारू यादव को खरखरी स्थित उसके मार्केट परिसर में ले जाकर पूछताछ कर रही है। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा के लिए सड़क पर जवानों को भी तैनात किया है। कारू यादव के साथ उसके भतीजे रोशन यादव को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि रोशन ने ही एसडीपीओ बाघमारा पर पत्थर से हमला किया था। जिसमें एसडीपीओ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

# अदाणी पर आरोप लगाने वाले खुद सनसनी बन दुकान बढ़ा गए



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

भारत की उपलब्धियों की उपेक्षा और कमियों को प्रमुखता देना पश्चिमी मीडिया का पुराना शगल रहा है जिसमें कभी बीबीसी और वॉइस ऑफ अमेरिका तक शामिल थे । आजकल सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर यही काम छद्म नामों से भी हो रहा है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के बयान पर मेटा इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सार्वजनिक रूप से खेद प्रकट किया। मार्क जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट के दौरान कहा था कि कोविड-19 के बाद भारत समेत दुनिया के लगभग सभी देशों में सत्ता परिवर्तन हुआ, जो सरकारों के प्रति लोगों में विश्वास की कमी को दशार्ता है। इस पर भारत की तरफ से केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसे लेकर मेटा को फटकार लगाई थी। 'पर अदाणी पर आरोप लगाने वाली अमेरिकी शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च पर ताला लगने जा रहा है। यह कंपनी भारत में अदाणी ग्रुप के खिलाफ सनसनीखेज आरोप लगाकर चर्चा में आई थी। फाउंडर नेथन एंडरसन ने बुधवार देर रात हिंडनबर्ग रिसर्च के बंद होने का एलान किया। हिंडनबर्ग रिसर्च की शुरूआत 2017 में हुई थी जो बड़ी कंपनियों की वित्तीय धांधली का पदार्फाश करने का दावा करती थी।नेथन एंडरसन का कहना है कि हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद करने का फैसला काफी सोच-समझकर लिया गया है। हालांकि, उन्होंने कंपनी को बंद करने का कोई सटीक कारण नहीं बताया। एंडरसन का कहना है कि कंपनी की शुरूआत जिस मकसद को लेकर की गई थी, उसे पूरा होने के बाद इसे बंद कर दिया जाएगा। एंडरसन ने हिंडनबर्ग रिसर्च फर्म को बंद करने के फैसले के बारे में स्पष्ट किया कि यह बेहद निजी फैसला है। उन्होंने कहा, 'कोई एक खास बात नहीं है- कोई विशेष खतरा नहीं, कोई हेल्थ इश्यू नहीं और कोई बड़ा व्यक्तिगत मुद्दा नहीं।'हिंडनबर्ग रिसर्च ने कई बड़ी कंपनियों के खिलाफ गंभीर वित्तीय गड़बड़ी के आरोप लगाए थे। इनमें भारत का अदाणी ग्रुप और अमेरिका का इकान एंटरप्राइजेज शामिल है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट ने इन कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाया था। अदाणी ग्रुप को सबसे अधिक झटका लगा था। जब हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आई थी, तो अदाणी ग्रुप के मालिक गौतम अदाणी दुनिया के चौथे सबसे अमीर शख्स थे। रिपोर्ट आने के बाद



ग्रुप की सभी लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई। अदाणी उस समय टॉप 20 रईसों की लिस्ट से भी बाहर बाहर हो गए थे। पिछले साल अगस्त में सेबी चीफ माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की अदाणी ग्रुप से जुड़ी ऑफशोर कंपनी में हिस्सेदारी होने का दावा भी किया था।हिडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर और प्रमुख विश्लेषक नेथन एंडरसन थे। एंडरसन और उनकी फर्म को सार्वजनिक तौर पर अलग-अलग कंपनियों के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इसमें कथित रूप से वित्तीय धोखाधड़ी के मामले उजागर करने का दावा किया गया है। उनकी रिपोर्ट को मीडिया और कारोबार जगत में काफी गंभीरता से लिया जाता था। इससे खासकर लिस्टेड कंपनियों के शेयरों पर काफी बुरा असर पड़ता था। एंडरसन अपने काम की वजह से अक्सर विवादों में रहें, उन्हें आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा। हालांकि, एंडरसन ने हमेशा दावा किया कि उन्होंने जो कुछ भी किया, उसका मकसद कारोबार जगत की गंदगी को निवेशकों के सामने लाना था। हिंडनबर्ग नाम रखने का कारण 6 मई 1937 को ब्रिटेन के मैनचेस्टर शहर में हिंडनबर्ग नाम का एक जर्मन एयर स्पेसशिप उड़ान भरते समय हवा में ही क्रैश होने से 35 लोगों की मौत हुई थी। जांच में पता चला कि कंपनी ने नियमों को ताक पर रखर क्षमता से ज्यादा लोगों को विमान में बिठा दिया था, जिसके चलते हादसा हुआ। एंडरसन का मानना था कि कंपनी अगर नियमों का पालन करती, तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता।इसीलिए एंडरसन ने 2017 में अपनी कंपनी का नाम 'हिंडनबर्ग' रखा था। एंडरसन का दावा था कि वह वित्तीय गड़बड़ी करने वाली कंपनियों की पोल खोलना चाहते हैं, ताकि हिंडनबर्ग एयरशिप जैसा हादसा शेयर बाजार की दुनिया में न हो। और निवेशकों को अपने खून-पसीने की कमाई न गंवानी पड़े। भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि बिगाड़ने वाले नेताओं की प्रतिक्रिया अब देखने लायक होगी। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी के बंद होने की खबरों पर कहा, "खबर ये आई है कि हिंडनबर्ग ने अपनी दुकान बंद कर ली है। एक बात तो स्पष्ट है कि हिंडनबर्ग एक टारगेट सुपारी लेकर भारत की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने की मंशा से और निजी मुनाफा कमाने की मंशा से काम कर रहा था। हिंडनबर्ग अब खुद जांच के घेरे में है। अमेरिकी न्याय विभाग और यूएस सेक द्वारा जांच,ऑफशोर और ओडीआई रूट से भारतीय सिक्यूरिटीज पर शॉर्ट्स बनाए,कई नियामकों ने हिंडनबर्ग पर चारों ओर से शिकंजा कसा और हिंडनबर्ग ने अभी तक सेबी के नोटिस का जवाब नहीं दिया। उल्लेखनीय है कि सख्त रुख वाले डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने ही वाले हैं। पर जो नुकसान भारत या अदाणी का हुआ उसका क्या?

## मंईयां सम्मान योजना के लिए नया पोर्टल लॉन्च, पुराने को भी खोला जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए एक नया पोर्टल लॉन्च किया गया है, जिसका उद्देश्य लाभुकों को सुविधा प्रदान करना है। यह पोर्टल सामाजिक सुरक्षा कोषांग झारखंड की नई गाइडलाइन के अनुसार बनाया गया है, जिसमें सीओ-बीडीओ को लॉग-इन दिया जायेगा। इस बीच, मंईयां सम्मान योजना के पुराने पोर्टल को भी खोलने की तैयारी चल रही है, ताकि पुराने लाभुकों के आवेदन में हुई त्रुटियों को सुधारा जा सके। नये सिरे से महिलाएं आवेदन भी कर सकेंगी। दरअसल महिलाओं ने मंईयां सम्मान योजना के तहत अपना पंजीकरण तो करा लिया है, लेकिन उनके बैंक अकाउंट में पैसे नहीं आ रहे हैं। समाज कल्याण निदेशालय ने मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ियां आने के बाद आवेदन की जांच रिपोर्ट सभी जिलों से मांगी है। राज्य सरकार चाहती है कि सभी लाभुकों को इस योजना का लाभ मिले। इसलिए पोर्टल को एक बार फिर से खोलने की तैयारी है। इस बीच, मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ी के बाद आवेदन की जांच रिपोर्ट समाज कल्याण निदेशालय ने सभी जिलों से मांगी है। समाज कल्याण निदेशालय ने जिलों से कहा था कि मंईयां सम्मान योजना के अपात्र लाभुकों को चिह्नित करें और उसकी रिपोर्ट भेजें। जिलों ने अब तक इसकी रिपोर्ट नहीं दी है। उधर, तैयारी है कि गड़बड़ी के सभी बिंदुओं की जांच और उस पर मंथन करने के बाद मंईयां सम्मान योजना के लिए एक नया पोर्टल लांच किया जाए।

**झारनेट पर लांच हुआ मंईयां सम्मान का नया पोर्टल :** प्रज्ञा केंद्र से करार खत्म करने के बाद झारनेट पर झारखंड सरकार ने मंईयां सम्मान योजना का अपना पोर्टल 11 जनवरी 2025 को लांच कर दिया है। पोर्टल सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने लांच किया है। हालांकि, बीडीओ और सीओ को अब तक लॉग-इन नहीं दिया गया है।

## एक नजर

### मुखिया ने किया कंबल का वितरण

**नावाबाजार।** राजहारा पंचायत के मुखिया चंदन कुमार ने ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सैकड़ों कंबल अपने वार्ड सदस्य के उपस्थिति में रजहारा पंचायत भवन के प्रांगण में गुरुवार को वितरण किया। मुखिया चंदन कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक वार्ड क्षेत्र में 10-10 कंबल उपलब्ध कराई गई थी, जिसे वार्ड सदस्य के समक्ष कंबल वितरण किया गया। मौके पर पंचायत सचिव पंकज कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि कमल कुमार, वार्ड सदस्य विजय चौहान ,वार्डपति राम परीखा राम, धनंजय चंद्रवंशी के साथ सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे ।

# एसडीओ ने की बैठक, दो दिवसीय स्वास्थ्य मेला सफल बनाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रखंड योजना समिति की आयोजित बैठक में विभागीय निर्देश के आलोक में 20 से 22 जनवरी तक तक लगने वाले प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने का निर्देश दिया गया। इसके तहत 20 को मध्य विद्यालय लोहबंधा में, 21 को मोहम्मदगंज प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में 22 को हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत इमामनगर बरेवा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाना है। स्वास्थ्य मेला में सभी प्रकार के बीमारियों



का इलाज, स्क्रीनिंग, जांच किया जायेगा। सिकल सेल जांच, बीपी, शुगर जांच, गर्भवती महिलाओं का जांच, शिशु टीकाकरण, आंख जांच, दन्त जांच, टीबी जांच, कुष्ट जांच, परिवार नियोजन की सलाह दी जायगी। साथ ही मेला में एंबुलेंस की सुविधा उपलब रहेगा। मेला का प्रचार-प्रसार दो दिन पहले से किया जायेगा। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, महिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, संबंधित पंचायत के मुखिया के सहित प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड लेखा प्रबंधक उपस्थित थे।

# कार से बाइक टकराई, दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के तेंदूआ गेट के समीप एनएच 139 पर गुरुवार की शाम अनियंत्रित बाइक विपरीत दिशा से आ रही कार से टकराने से दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों में बाइक सवार 34 वर्षीय राजू यादव तथा 40 वर्षीय अजय कुमार यादव नाम शामिल है। दोनों घायल छतरपुर थाना के खाटीन गांव के रहने वाले हैं।



घायलों को सीएचसी इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रेफर कर दिया है। दुर्घटना में कार चालक का भी सिर फट गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार तेज गति से छतरपुर की ओर जा रहे थें। विपरीत दिशा से आ रही कार से बाइक जा टकराई। घटना की सूचना पर एसआई सुनील कुमार झा घटनास्थल पर पहुंच कर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से

### हाइवा व बाइक में टक्कर, तीन घायल

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को जपला-छतरपुर मुख्य पथ के कचरा मोड़ के समीप बाइक और हाइवा के बीच टक्कर में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सरिता देवी उनके भाई श्रीराम बैठा व आठ वर्षीय उत्तम कुमार घायल है। सभी घायलों को ग्रामीणों ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों की स्थिति को गंभीर देखते हुए सभी को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। बाइक सवार श्रीराम बैठा मोहमदगंज के कादल गांव से बहन को लेकर बाइक से हुसैनाबाद के इमलियाटिकर गांव पहुंचाने जा रहा थे। इस बीच कचरा मोड़ के समीप हाइवा से हुई टक्कर में घायल हो गये।

# अनुशासन की मिसाल बना मकर संक्रांति पर भीम चूल्हा में लगा मेला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मकर संक्रांति पर भीम चूल्हा में लगने वाला मेला इसमें आए लोगों के संयम और अनुशासन का मिसाल है। दरअसल इसकी चारों दिशाओं में जोखिम भरे गहराई, गड्ढे और खाई हैं। दो ओर दक्षिण-पश्चिम में कोयल नदी, पूरब में कादलकुर्मी गांव को बाढ़ में डूबने से बचाव के लिए पानी की निकासी को लेकर खोदी गई गहरी और काफी लंबी खाई और मुख्य सड़क है। इसके साथ ही उत्तर दिशा में हथिया पत्थर से सटे तालाबनुमा काफी गहरा और चौड़ा गड्ढा है। इनके बीच और किनारे पर मेला का संपन्न होना, लोगों के संयम, अनुशासन के साथ ही इस ऐतिहासिक महत्व के धरोहर के संरक्षण के प्रति गहरा लगाव बताया जाता है। इन सब के बावजूद पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था भी मेला के सफलता पूर्वक संचालन को सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होता है। इसको इस वर्ष और ज्यादा सराहना मिली। पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी, जिला परिषद सदस्य अंजू देवी, प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी, उपप्रमुख नगीना कुमार सिंह ने मेला की बढ़ती भीड़ और ख्याति को देखते हुए गहरी नदी और गड्ढे के किनारे बाड़ेबंदी के साथ ही खाई को पाटने की जरूरत बताया है। उनका कहना है कि ऐसा करने से परिसर के विस्तारित और सुरक्षित क्षेत्र में और बड़ा मेला लग सकता है। उन्होंने इसके लिए पर्यटन विभाग को वृहद योजना पर काम करने की जरूरत बताया है।

# अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार ने बुधवार की रात दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर को छतरपुर थाना को अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि छतरपुर अंचल क्षेत्र के 8 चिन्हित बालू घाटों के संचालन के लिए सभी मुखिया को पत्र जारी किया है। इसके बावजूद सिर्फ बगैया पंचायत के मुखिया के अलावा अन्य कहीं कमेटी गठन नहीं किया गया है। जिसमें कैटेगरी 1 बालू घाट से सिर्फ 100 रुपए प्रति 100 सीएफटी बालू स्थानीय इस्तेमाल के लिए उपलब्ध हो सकेगी, परन्तु अभी तक इस पर अमल नहीं किया गया है। रास्ते में पत्थर लदे हाइवा को भी रोका गया पर चालान प्रस्तुत करने पर छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि खनिजों के अवैध परिचालन से सरकारी राजस्व की क्षति होती है। इसे रोकना अनिवार्य है। अवैध चल रहे ट्रैक्टर न सिर्फ राजस्व की क्षति कर रहे है, बल्कि पकड़े जाने के डर से अनियंत्रित गति से चलने के कारण दुर्घटना को भी आमंत्रित करते है। सभी कैटेगरी 1 के मुखिया से अनुरोध किया गया कि बालू घाटों के संचालन के लिए कमेटी का गठन कर संचिका अंचल कमेटी के पास जल्द समर्पित करें, ताकि बालू का क्रय-विक्रय नियंत्रित किया जा सके।

# गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** अनुमंडल पदाधिकारी आशीष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय के सभागार में गणतंत्र दिवस मानने को लेकर गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में छतरपुर के सरकारी कार्यालय व स्कूलों में झंडोत्तोलन को लेकर समय का निर्धारण किया गया। गणतंत्र दिवस मानने को लेकर चर्चा की गई। इसमें छतरपुर के हाई स्कूल मैदान में स्कूलों और संस्थानों द्वारा झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि एक कमेटी बनाकर झांकी का विधि व्यवस्था संचालन किया जाएगा। झांकी में छतरपुर क्षेत्र के स्कूल की छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। डीसीएलआर विजय करकेटा ने कहा कि झंडोत्तोलन के दौरान सभी



नियमों का पालन करें। झंडोत्तोलन के दौरान किसी तरह की कोई चूक न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विधि व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने के लिए पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा। बच्चों द्वारा निकाले जाने वाले प्रभात फेरी के दौरान बड़ी गाड़ियों की एंट्री बंद रहेगी। इससे कोई व्यवधान न हो। बैठक में छतरपुर अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू, प्रखंड प्रमुख उर्मिला कुमारी,निवर्तमान नगर अध्यक्ष मोहन जायसवाल, 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, उपाध्यक्ष चन्दन सिन्हा, डिग्री कॉलेज प्राचार्य राजकिशोर लाल, इंटर कॉलेज प्राचार्य स्वास्ति कुमारी समेत कई लोग शामिल रहे।

# केंद्रीय गृह मंत्री का बयान निंदनीय:कांग्रेस




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को विश्रामपुर प्रखंड मुख्यालय में जय बापू, जय भीम,जय संविधान अभियान चलाया गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू ने की। कार्यक्रम की शुरूआत विश्रामपुर थाना चौक स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर किया गया। इसके बाद कांग्रेसियों ने रैली निकाली। रैली के दौरान कांग्रेसियों ने जय बापू, जय भीम,जय संविधान का नारा लगाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान निमार्ता डॉ. भीम राव आंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है,वह काफी निंदनीय है। इसके लिये उन्हें देश से माफी मांगते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। मौके पर पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, सुरेंद्र तिवारी, शैलेश चौबे बच्चा, आलोक चौबे, डब्बू चौबे,डॉ. इलियास अंसारी, सुरेन्द्र दुबे,मोनू वर्मा, बिट्टू शुक्ला, लकी शुक्ला सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 6 साल की ऐना का डांस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

# आईपीएस बनकर देश सेवा का है लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज पंचायत के उप मुखिया रवि रंजन सिंह की भांजी ऐना सिंह की डांस का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है, जो चर्चा का विषय बना है। मात्र 6 साल की ऐना ने छोटी उम्र में ही



अपनी प्रतिभा से न केवल परिवार, बल्कि स्कूल और सोसायटी में भी लोगों को प्रभावित किया है। जयपुर (राजस्थान) के वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में पहली कक्षा की छात्रा ऐना सिंह इन दिनों ननिहाल में बड़े मामा रविशंकर सिंह की शादी समारोह में शिरकत करने आई है।

### शिक्षक और सहपाठी उसकी मेहनत से प्रभावित

उपमुखिया छोटे मामा रविरंजन सिंह ने बताया कि ऐना पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहती है। इसके साथ ही डांस की भी शौकीन है। अपनी इस कला से वह सभी को मंत्रमुग्ध कर देती है। उसका सपना बड़ी होकर आईपीएस बन देश की सेवा करने का है। वह बचपन से ही होनहार और मेहनती है। उसकी हर गतिविधि में लगन और जुनून झलकता है। स्कूल के शिक्षक और उसके सहपाठी भी उसकी मेहनत और सफलता से प्रभावित हैं। उसके डांस के वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल देखकर लोग उसकी तारीफ कर रहे हैं। उसकी यह उपलब्धि परिवार के लिए गर्व का कारण बनी हुई है। स्कूल के शिक्षक अन्य बच्चों के लिए इसे प्रेरणा का स्रोत मानते हैं। उसकी प्रतिभा और लगन को देखकर अन्य लोग भी बच्चों को ऐना के जैसा बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने ऐना की इस टैलेंट पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यदि छोटी उम्र में ही किसी लक्ष्य के प्रति जिसमें जुनून और दृढ़ता हो, तो बड़ा होकर बड़ी उपलब्धियां हासिल करना हर किसी के लिए संभव है। ऐना एक ऐसा ही मिसाल बनकर उभर रही है।


### हर वार्ड के लिए 10-10 कंबल आवंटित

**मोहम्मदगंज।** जाड़े के मौसम के अंतिम चरण में कड़ाके की ठंड के बीच पंचायतों में कंबल वितरण करते हुए असहाय, वृद्ध अन्य जरूरतमंदों को समाज कल्याण विभाग की ओर से प्राप्त आवंटन के आलोक में बीडीओ रणवीर कुमार के निर्देश पर कंबल बांटने का काम शुरू कर दिया गया है। हर वार्ड को 10-10 के हिसाब से सभी पंचायतों में कंबल की खेप आवंटित कर दी गई है। बीडीओ ने सभी मुखिया, पंचायत सचिव व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों को शीघ्र कंबलों का वितरण करने का निर्देश दिया है। गुरुवार को लटपौरी पंचायत में मुखिया उमेश राम ने उपमुखिया शशि देवी के साथ मिलकर कंबल वितरण की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि लटपौरी पंचायत को कुल 150 कंबल आवंटित किए गए हैं। कोशिश है कि सार्वजनिक तौर पर असहाय, वृद्ध और जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध करा दिया जा जाए।

## न्यूज बॉक्स

### समाजसेवी रामाधार सिंह का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**मेदिनीनगर।** क्षत्रीय महासंघ के प्रदेश सचिव रामाधार सिंह कजरी का 75 वर्ष की उम्र में हृदयगति रूकने से निधन हो गया। उनका निधन अचानक हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। रामाधार सिंह का अंतिम संस्कार अमानत नदी श्मशान घाट में किया गया, जहां उनके ज्येष्ठ पुत्र बबलू सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। श्री सिंह ने कई वर्षों तक क्षत्रीय महासचिव के पद पर कार्य किया और धार्मिक आयोजनों के



लिए भी वे काफी प्रसिद्ध थे। उनके निधन पर क्षेत्रीय विधायक और मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने शोक व्यक्त करते हुए परिवार के प्रति गहरी संवेदना जाहिर की। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, मनोज कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह बरवाडीह, नरेंद्र नाथ सिंह पाल्हेकला, शेषनाथ सिंह, राजहरा सीसीएल के राजकिशोर सिंह, फेयर माइंस के संचालक राजीव रंजन सिंह, राणा अरुण सिंह, रमेश सिंह उर्फ भोला सिंह, बेनीमामधव सिंह पाल्हेकला, उपेंद्र कुमार सिंह बटसारा, महाराणा प्रताप सिंह मुखिया ग्राम पंचायत कजरी, रणजीत सिंह, हितनरायण सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह समेत कई अन्य लोग शामिल हैं।

### परता में 130 गरीबों को मिला कंबल

**हैदरनगर।** प्रखंड के परता पंचायत के विभिन्न टोलों के 130 गरीब, असहाय ग्रामीणों के कंबल का वितरण बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, मुखिया कमल कुमार पासवान व पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने संयुक्त रुप से किया। लाभुक बिरजू चंद्रवंशी, प्रसिद्ध राम, सुगिया देवी रघुनी राम आदि ने बताया कि इस कंपकपाती ठंड में लंबे समय से कंबल मिलने का उन्हें प्रतीक्षा थी। अब उन्हें कंबल मिलने से काफी राहत मिलेगी। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव संतोष तिवारी, पर्यवेक्षिका सीमा झा, वार्ड सदस्य रंजीत पांडेय ने वितरण कार्य में सहयोग कर कहा कि अन्य वंचित ग्रामीण जरुरतमंदों को भी लाभ यथा शीघ्र दिलाने का प्रयास जारी है। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि इस ठंड में देर से प्राप्त कंबल को हर संभव अत्यंत जरुरतमंदों तक वितरण कराने की मुहिम जारी है। इस कार्य पंचायतों के मुखिया और अन्य प्रतिनिधियों के भी सक्रियता व सहयोग अति आवश्यक है। उन्होंने सभी मुखिया से अपने पंचायत में वास्तविक लाभुकों को चिन्हित कर ठंड में कंबल देकर अविलंब राहत पहुंचाने में सहयोग करने को कहा।

# आरपीएस विद्यालय को मिली सीबीएसई से मान्यता, अभिभावकों व छात्रों में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आरपीएस विद्यालय को सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा 10 वीं व 12 वीं की मान्यता दी गयी है। गुरुवार को आरपीएस स्कूल के कार्यालय कक्ष में विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य मनुज शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर जानकारी दी गई। विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह ने बताया कि अब सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित आरपीएस पब्लिक स्कूल इस क्षेत्र का एक मात्र विद्यालय है, जिसमें कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक की सफलता



पूर्वक सभी कक्षाएं संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय अपने एकेडमिक फैसिलिटी के आधार पर बहुत कम समय मे 10 वीं व 12 वीं कक्षा की मान्यता प्राप्त कर लिया। अब विद्यालय में कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय की 12 वीं कक्षा तक पढ़ाई होगी। इस सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य मनुज शर्मा व उनके नेतृत्व में कार्य करने वाले शिक्षक समूह को दिया। प्रधानाचार्य मनुज शर्मा ने बताया कि सीबीएसई की मान्यता संख्या 3430764 के अन्तर्गत प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का यह भी एक कीतिमान है कि हमें एक साथ माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर की मान्यता सफलता पूर्वक प्राप्त हुई है। इस कीतिमान से हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र समेत आस-पास के क्षेत्रों के अभिभावकों व छात्रों को बेहतर व गुणवतापूर्ण शिक्षा के लिए बाहर पलायन नहीं करना होगा।

# 42 बच्चों को मिली ड्रेस व पठन सामग्री की किट

**हैदरनगर।** प्रखंड के परता पंचायत मुख्यालय स्थित प्राथमिक विद्यालय में वर्ग प्रथम व द्वितीय के 42 बच्चों को ड्रेस व पठन सामग्री का वितरण बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने किया। उन्होंने उपस्थित इनके अभिवावकों को



ससमय विद्यालय तक ससमय पहुंचाने व खाली समय में अपने बच्चों को पढ़ाई कराने में अपना योगदान देने को कहा। उन्होंने कहा कि विद्यालय से बच्चा जो पढ़ व सीखकर घर जाता है, तो उसकी पूछताछ व जांच करने में अभिवावकों को भी बड़ा योगदान होना चाहिये। कार्यक्रम में मुखिया कमल कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, प्रधानाध्यापक शशि शेखर पांडेय आदि शामिल थे।

## कार्यक्रम

### 651 छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल

# विद्यालय आने जाने में छात्राओं को होगी सहूलियत: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बीआरसी हुसैनाबाद परिसर में एक सादे समारोह में हुसैनाबाद प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों की 651 छात्राओं के बीच गुरुवार को साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम में हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, एसडीओ गौरांग महतो, बीडीओ सुनील कुमार व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम समेत कई लोग मौजूद थे। साइकिल वितरण कार्यक्रम में विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि सरकार ने छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराकर सशक्तिकरण के साथ साथ उनकी परेशानियों का समाधान भी किया



है। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने जाने में काफी सहूलियत होगी। विद्यालय आने जाने में समय की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन सामग्री के साथ छात्रवृति व साइकिल की व्यवस्था कर रही है। विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई कर अपने गांव जिला व राज्य का नाम रौशन करना चाहिए। विद्यालयों में भी बेंच टेबल कंप्यूटर की व्यवस्था की गई है। जिस स्कूल में व्यवस्था में कमी है, उसे भी पूरा कराने का काम वह करेंगे। एसडीओ गौरांग महतो ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में योग्य शिक्षक होने के साथ सभी जरूरी व्यवस्था सरकार ने किया है। अगर शिक्षक लापरवाही करते हैं तो इसकी जानकारी ग्रामीण अभिभावक शिक्षा विभाग या अन्य अधिकारी को जरूर दें, जिससे उसे सुधारा जा सके। उन्होंने छात्राओं को साइकिल का सही उपयोग करने की हिदायत दी। कार्यक्रम में हुसैनाबाद बीडीओ सुनील वर्मा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम, राजद नेता विनय कुमार सिंह यादव, बीपीएम रंजना भारती, लेखापाल जयप्रकाश कुमार, विनय कुमार सिंह समेत कई शिक्षक व छात्राएं मौजूद थे।

# सड़क पर गंदा पानी बहाने का ग्रामीणों ने विरोध किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** देवी मंडप रबदा सड़क पर शौचालय टंकी व नाली का गंदा पानी बहने का स्थानीय ग्रामीणों ने गुरुवार विरोध किया है। ग्रामीण मनोज प्रसाद 1, मनोज प्रसाद 2,संतोष प्रसाद ,संदीप कुमार, आनन्द प्रसाद, रंजन सोनी, बाबुलाल प्रसाद, संजय प्रसाद समेत दर्जनों लोगों ने विरोध करते हुए कहा कि इस सड़क से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है। साथ ही सड़क पर चलकर दर्जनों श्रद्धालु देवी मंदिर व दुर्गा मंदिर में पूजा के लिए आते-जाते हैं। इसके बाद भी सड़क पर शौचालय टंकी व नाली का गंदा पानी खुल्लेआम सड़क पर बहाने में शर्म महसूस नहीं करते। घर तो लाखों का है, पर घर का सारा गंदा



पानी सड़क पर बहाने से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सड़क पर गंदा पानी 2 वर्षों से बह रहा है, पर न जनप्रतिनिधि को दिखाई दे रहा है और ना प्रशासन को। हद तब हो गई जब मुखिया को दो से तीन बार कहने बाद भी इसको नजर अंदाज किया जा रहा है। सहिया शांति देवी, आंगनबाड़ी सेविका मूला देवी, वीएलई नवीन कुमार सिंह समेत दर्जनों महिला ने भी 27 दिसंबर को विरोध किया था। बीडीओ से मिलने की बात कही थी। फिर भी अभी तक जस का तस पानी बह रहा है। अगर जल्द इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो पलामू उपायुक्त से मिल कर ग्रामीणों ने अपनी बात रखने की बात कही है।

### खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# अवैध बालू परिवहन करते 3 ट्रैक्टर जब्त, 8 लोगों पर एफआईआर

**■ खनन माफियाओं के खिलाफ प्रशासन की कड़ी कार्रवाई, फरार चालक की तलाश जारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन और बालू के परिवहन पर कड़ी रोक लगाने के लिए उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में खनन विभाग ने गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान अवैध बालू परिवहन करते हुए तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया गया, जबकि एक ट्रैक्टर का चालक वाहन लेकर फरार हो गया। खनन विभाग ने आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।



**गुप्त सूचना पर जब्त किए गए ट्रैक्टर**

खनन पदाधिकारी को रात के अंधेरे में अवैध बालू परिवहन की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद कार्रवाई के लिए खान निरीक्षक हरेंद्र कुमार और शुभम कुमार को गुरुवार सुबह पांच बजे पांकी और सदर अंचल के रजवाडीह क्षेत्र में भेजा गया। रजवाडीह के मुख्य मार्ग से दो ट्रैक्टर जब्त किए गए, जबकि पांकी के सूर्यवान मोड़ से एक ट्रैक्टर पकड़ा गया। इस दौरान एक ट्रैक्टर का चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

**खनन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई**

खनन विभाग ने इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन और बालू के परिवहन में शामिल आठ लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### यातायात की अव्यवस्था, वाहनों की आवाजाही में परेशानी

## दिनभर जाम की मार : स्कूली बच्चों को पहुंचने में हुई देरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बड़े वाहनों के आवागमन के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान स्कूली वाहनों के आवागमन में भी खासी परेशानी हुई, जिससे बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचने में देरी हुई। बुधवार से शहर के निजी और सरकारी विद्यालयों में कक्षाएं फिर से शुरू हुई हैं, जिसके चलते स्कूल बसों और वैन की संख्या में वृद्धि हुई और यातायात सिपाही जाम खुलवाने में संघर्ष करते दिखे।



मुख्य सड़कों में अतिक्रमण भी जाम का एक बड़ा कारण बन रहा है, खासकर शहर की बड़ी कमर्शियल बिल्डिंगों के सामने छोटे वाहनों की पार्किंग से स्थिति और भी बदतर हो रही है। रेड़मा चौक के इर्द-गिर्द स्थित मॉल के सामने सड़क पर बाइकें खड़ी होने से जाम बढ़ता जा रहा है, जिसे न तो मॉल प्रबंधन न ही पुलिसकर्मी हटवाने के लिए कदम उठा रहे हैं।

इसके परिणामस्वरूप ओवरब्रिज और कचहरी चौक जैसे प्रमुख इलाकों में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्कूलों की छुट्टी के समय जाम की स्थिति और भी बिगड़ गई, जिससे एंबुलेंस और स्कूल वाहन काफी देर तक फंसे रहे। रेड़मा ओवरब्रिज पर वाहनों की रेंगती हुई कतारें और कचहरी परिसर में भी रुक-रुक कर जाम की समस्या बनी रही।

आबादगंज की शिल्पी देवी ने बताया कि जाम में फंसने के कारण उनकी बेटी को करीब 30 मिनट देरी से घर पहुंची। वहीं, हमीदगंज के विकास कुमार तिवारी ने कहा कि उन्हें स्टॉपेज तक पहुंचने में बहुत देर हुई, जिससे बच्चों के समय पर स्टॉपेज पर न पहुंचने से अफरा-तफरी का माहौल रहा। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद और अन्य पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने रहे।

## पेंशनर समाज का 45वां स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित, अतिथियों ने दिया सहयोग का आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पेंशनर समाज पलामू का 45वां स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव और आजाद समाज पार्टी के अजय सिंह चेरो ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों को शॉल और पुष्पमाला से सम्मानित किया गया। पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों को भी शॉल देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने पेंशन भवन के अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पेंशनर समाज के उत्थान के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरान उन्होंने पलामू प्रमंडल के महापुरुष मेदिनी राय और शहीद नीलांबर-पीतांबर को नमन करते हुए समाज के सभी सदस्यों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में पेंशनर समाज के अध्यक्ष झूबल राम, उपाध्यक्ष जंगली महतो, सचिव कुलदीप सिंह चेरो, कोषाध्यक्ष लोचन बैठा, पूर्व अध्यक्ष रामयश, पूर्व कोषाध्यक्ष रामनरेश राम, महेश कुमार सिंह, श्याम नारायण सिंह और अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। समारोह में पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ों पेंशनर समाज के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### महिला ने पति, ससुर और जेठ पर दहेज उत्पीड़न का आरोप, शहर थाना में दर्ज हुई प्राथमिकी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी स्थित त्रिपाठी कॉलोनी में एक महिला ने अपने पति, ससुर और जेठ पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना की जानकारी के बाद टीओपी 3 के प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर महिला को बेहोशी की हालत में पाया। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और देखा कि महिला जमीन पर बेहोश पड़ी थी, जबकि पास में एक साड़ी फंदे के रूप में लटकी हुई थी। महिला को तुरंत प्राइवेट वाहन से मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, गले में कोई भी चोट या निशान नहीं पाया गया है। केस के इंचार्ज एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि महिला ने अपने बयान में ससुर रमाशंकर पांडे, पति सुमित रंजन और जेठ अमित रंजन पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, सही तरीके से भोजन नहीं देने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला का मायका तरहसी में है और उसके दो बच्चे भी हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और महिला के आरोपों की सत्यता की पुष्टि के लिए सभी पहलुओं की गहन पड़ताल की जा रही है।

### उपायुक्त ने की बैठक, 20 से 24 जनवरी तक होगा स्वास्थ्य मेला का आयोजन

## जिले के प्रखंडों में स्वास्थ्य मेला, जन जागरूकता और सुविधाओं के लिए दिए गए व्यापक निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में 20 से 24 जनवरी के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने के लिए 'प्रखंड स्वास्थ्य मेला' 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में संबंधित पदाधिकारियों संग बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए टीम वर्क की भावना से स्वास्थ्य मेला आयोजित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को स्वास्थ्य मेले की तिथि और स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि आम जनता को समय रहते मेले से संबंधित जानकारी मिल सके। उन्होंने मेले में आने वाले आगंतुकों के लिए उचित भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने की बात कही।



इसके अलावा, बैठक में उपायुक्त ने प्रखंडों में स्वास्थ्य मेले के दौरान चिकित्सकों की ड्यूटी चार्ट तैयार रखने और विभिन्न जांचों के लिए अलग-अलग काउंटरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नेत्र जांच के काउंटर पर चश्मे के वितरण की व्यवस्था करने का भी सुझाव दिया गया। स्वास्थ्य मेला में आभा कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, मोतियाबिंद जांच, ईएनटी, दंत, चर्मरोग, कुष्ठ, टीबी, मलेरिया, अंधापन, कैंसर, आयुर्वेद, यूनानी, होमियोपैथी, योगा जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, छत्तरपुर एसडीओ, सिविल सर्जन, डीआरडीए निदेशक, एमएमसीएच के सुपरिटेंडेंट समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे, जबकि विभिन्न बीडीओ व अन्य लोग वर्चुअल मोड से जुड़े रहे।

## साफ-सफाई में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिष्ठानों को पुरस्कार से सम्मानित करेगा नगर निगम




**● क्लीन शॉप प्रतियोगिता का आयोजन, दुकानदारों को स्वच्छता के लिए मिलेगा पुरस्कार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम द्वारा आम जनता में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता और उत्साह बढ़ाने के लिए 'क्लीन शॉप' प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। निगम क्षेत्र के दुकानदारों और होटलों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता में सबसे अधिक साफ-सफाई रखने वाले प्रतिष्ठानों को आगामी गणतंत्र दिवस पर नगदी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दुकानदारों को यह सूचित किया गया है कि वे अपने प्रतिष्ठान को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखें। निगम द्वारा गठित टीम नियमित रूप से दुकानों और होटलों की स्वच्छता की जांच करेगी। जांच के आधार पर, उत्कृष्ट स्वच्छता रखने वाले प्रतिष्ठानों को 26 जनवरी को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पहले स्थान पर आने वाले को 5000 रुपये, दूसरे स्थान को 3000 रुपये, और तीसरे स्थान को 2000 रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

इस प्रतियोगिता का संचालन सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो की अध्यक्षता में किया जाएगा, जिसमें नगर प्रबंधक मो. शाहिद हसन और जोन प्रभारी इसके सदस्य होंगे।

नगर प्रबंधक शाहिद हसन ने बताया कि दुकानदारों को अपने परिसर और आसपास की जगह को स्वच्छ रखना होगा, साथ ही कचरे को डस्टबिन में डालने और प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की हिदायत दी गई है। किसी भी प्रकार की गंदगी, दूषित जल या मलबे को सार्वजनिक स्थल पर नहीं फेंका जाएगा।

## नीलांबर-पीतांबर के स्मारकों की स्थिति पर उठ रहे सवाल, प्रशासन की जिम्मेदारी पर गंभीर प्रश्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा और पलामू जिले के गौरव नीलांबर और पीतांबर, जिन्होंने 1857 के विद्रोह में अपनी जान की आहुति दी, आज अपनी स्मृतियों में उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। नीलांबर-पीतांबर पार्क, जो शहर के बीच में स्थित है, की दुर्दशा न केवल नगर निगम की लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि यह शहीदों के प्रति हमारी जिम्मेदारी पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

नीलांबर और पीतांबर, खरवार जनजाति के सदस्य थे और 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों के खिलाफ पलामू क्षेत्र में क्रांति का नेतृत्व किया। उनका संघर्ष न केवल बाहरी शक्ति के खिलाफ था, बल्कि उन्होंने अपने समाज को एकजुट करते हुए अंग्रेजों के अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। इन वीरों ने अंग्रेजों की सत्ता को चुनौती दी।



**शहीदों के सम्मान में उपेक्षा का आरोप**

10 जनवरी को नीलांबर-पीतांबर की जयंती पर जिला प्रशासन, विश्वविद्यालय या किसी छात्र संगठन द्वारा न तो प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और न ही किसी प्रकार का आयोजन हुआ। प्रतिमा के पास का मार्ग घास-फूस और गंदगी से भरा पड़ा है और पार्क का रखरखाव पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है।

**नगर निगम और प्रशासन से अपेक्षाएं**

हालाँकि, नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने नगर निगम क्षेत्र में महापुरुषों की प्रतिमाओं और उनके आस-पास के क्षेत्रों के रिनोवेशन की योजना बनाई थी, लेकिन नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा अब भी गंदगी में पड़ी हुई है और वहाँ जनता का पहुंच पाना भी मुश्किल है।

बहरहाल, प्रशासन से उम्मीद की जाती है कि वह तत्काल कदम उठाए और पार्क और प्रतिमा का रखरखाव सुनिश्चित करे। शहीदों के बलिदान को याद करना और भावी पीढ़ी तक पहुँचाना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

### सीओ के नेतृत्व में दर्जनों अतिक्रमण स्थल पर चला बुलडोजर

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक के आस पास के क्षेत्रों में अंचलाधिकारी सबिता कुमारी के नेतृत्व में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। बता दें कि अतिक्रमण से आए दिन इटखोरी चौक पर सड़क जाम की समस्या से लोगों को परेशानी होती थी। कई दुर्घटनाएं भी घट चुकी है। एक की मौत भी हो चुकी है। ऐसे में लगातार शिकायत और न्यायालय के आदेश के तहत बुधवार से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। अतिक्रमण मुक्त होने से चौक पर गुरुवार को सन्नाटा पसरा रहा। इस दौरान मुख्य रूप से खराब पड़े यात्री शेड को जेसीबी से हटाया गया। दूसरी ओर सीओ के आदेश पर दुकानदारों द्वारा स्वयं अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। रविवार बाजार को भी अतिक्रमणमुक्त किया गया है। इस दौरान सीओ सबिता कुमारी ने कहा कि जो भी सब्जी, फल, रेडीमेड दुकानदार है वह आज से ही रविसार बाजार में लगाना प्रारंभ करें। चौक में अस्थाई दुकान व ठेला ना लगाएं। सड़क जाम होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए सभी व्यवसाई सहयोग करें। कर्मचारी अनुभव आनंद समेत अंचल के दर्जनों कर्मचारी मौजूद थे।

### जिला स्तरीय फल सब्जी पदर्शनी का आयोजन

## उत्कृष्ट 75 कृषकों को किया गया पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर आत्मा के तत्वावधान में अनुमंडल कृषि प्रक्षेत्र, तपेज चतरा में जिला स्तरीय फल व सब्जी प्रदर्शनी 2025 का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन विधायक सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी व उप विकास आयुक्त अम्रेंद्र सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। मेला में कृषि व संबद्ध विभाग के साथ जेएसएलपीएस, बीज कंपनियों, कृषि यंत्र की कंपनियों, पीडीएमसी कंपनी, इफको कंपनी, बिरसा कृषक पाठशाला, इंडियन नर्सरी का स्टॉल लगाया गया। मेला में जिले के सभी 12 प्रखंडों के कृषक अपने-अपने कृषि उत्पाद के साथ उपस्थित हुए एवं उत्कृष्ट उत्पाद के लिए उन्हें क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बीरेन्द्र कुमार, पिता स्व. महेन्द्र साहू अमगावां, प्रखंड सिमरिया को जिला स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कृषक पुरस्कार के लिए प्रथम पुरस्कार स्वरूप 25 हजार रुपये, बसंती पन्ना, पति विनय सेंगर, खूंटीकेवाल, प्रखंड हंटरगंज को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 15 हजार रुपये व अवध किशोर दांगी, पिता स्व. छेदी दांगी, ब्रहमन्ना, प्रखंड चतरा को तृतीय पुरस्कार स्वरूप 10 हजार रुपये दिया गया। मोहन प्रजापति, पिता अकलू प्रजापति, सिदकी, प्रखंड प्रतापपुर, जिला स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कृषक मित्र पुरस्कार हेतु प्रथम पुरस्कार 12 हजार रुपये, भीम रजक, पिता झामन रजक, दारियातु, प्रखंड चतरा द्वितीय पुरस्कार 7 हजार रुपये व विजय गंझू, पिता शंकर गंझू, ग्राम बाहागड़ा, प्रखंड लावालौंग तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपये दिया गया। उत्कृष्ट कृषि उत्पाद के लिए कुल 75 कृषकों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। 6 किसानों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मेला में लगभग 600 कृषक उपस्थित थे। कार्यक्रम में कृषि व संबद्ध विभाग के पदाधिकारी निकहत परवीन, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक राजेश कुमार सिंह, प्रभारी उप परियोजना निदेशक, आत्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## खुदरा महंगाई दर कम होने के बावजूद कई खाद्य वस्तुओं की दर में वृद्धि

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** खुदरा महंगाई दर में कमी आने के बावजूद मेदिनीनगर शहर में पिछले महीने की तुलना में कई खाद्य पदार्थों और अन्य वस्तुओं की कीमतों में बदलाव देखा गया है। हालांकि, खुदरा महंगाई दर में कमी होने के बावजूद, मेदिनी नगर में मुख्य खाद्य पदार्थों जैसे गेहूं का आटा, मैदा, सूजी, ब्रेड, दलिया, नूडल्स आदि महंगे हो गए हैं। इस दौरान रिफाइंड तेल भी महंगा हुआ है, जिससे इसका सीधा असर मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है। हालांकि, पिछले महीने के मुकाबले सरसों तेल, चना दाल और उनसे निर्मित वस्तुओं के दाम में गिरावट आई है। वहीं, मसालों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया, और वे पिछले महीने जैसी ही बनी रही।



राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में खुदरा महंगाई दर घटकर 5.22 प्रतिशत पर आ गई, जो चार महीने का निचला स्तर है। नवंबर में यह दर 5.48 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई चार महीने के बाद निचले स्तर पर पहुंची है।

रेड़मा चौक स्थित सुकृत किराना दुकान के संचालक राजेश गुप्ता के अनुसार, कई खाद्य पदार्थों की दर में कमी आई है, लेकिन गेहूं के उत्पादन में कमी और इसके दाम में वृद्धि होने के कारण इससे निर्मित सभी वस्तुओं की कीमतें बढ़ गई हैं।

इस दौरान, 5 किलो आटा का थैला 180 रुपये से बढ़कर 185-190 रुपये बिक रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले चार महीनों में इसमें 25 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जो पहले सितंबर में 160 रुपये प्रति किलो था। वहीं, मैदा 35 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 40 रुपये प्रति किलो हो गया है। सूजी 50 रुपये से बढ़कर 60 रुपये प्रति किलो हो गई है। 200 ग्राम ब्रेड भी 3 रुपये बढ़कर 20 से 23 रुपये का बिक रहा है। पतंजलि दलिया, जो पहले आधा किलो 30 रुपये का था, अब बढ़कर 34 रुपये का हो गया है। वहीं, 14 रुपये में मिलने वाली मैगी नूडल्स 14 से बढ़कर 15 रुपये की हो गई है। इस दौरान, सरसों तेल 165 रुपये से घटकर 155 रुपये प्रति लीटर, रिफाइंड तेल 140 रुपये से बढ़कर 150 रुपये प्रति लीटर और डालडा 140 रुपये से बढ़कर 165 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। चना दाल 100 रुपये से घटकर शहर में 90 रुपये प्रति किलो बिक रही है, जबकि खड़ा चना, जो पहले 95 रुपये प्रति किलो था, अब 80-85 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

### पीसीपीएनडीटी का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला

## मिशन डायरेक्टर ने भ्रूण हत्या पर रोक लगाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** पीसीपीएनडीटी को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। ऑनलाइन आयोजित कार्यशाला में उपस्थित अपर मुख्य सचिव तथा मिशन डायरेक्टर ने भ्रूण हत्या पर रोक लगाने को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर वैसे लोग जिनका अल्ट्रासाउंड अथवा क्लीनिक चल रहा है ऐसे लोगों को पीसीपीएनडीटी कमेटी में शामिल नहीं करें। कई बार ऐसा देखने को मिलता है कि क्लीनिक अथवा अस्पताल में गर्भवती महिला आती तो हैं, परन्तु उसकी डिलीवरी की कोई जानकारी नहीं हो पाती है। उन्होंने कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि उसका गर्भपात करा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच सिविल सर्जन गहनता से करें। इसके लिए गर्भवती महिलाओं का रजिस्टर हर अल्ट्रासाउंड सेंटर में अलग से खोलने का निर्देश दिया। इस गलत कार्य में कहीं न कहीं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी संलिप्त हैं। इसमें चाहे एएनएम, जीएनएम, सहिया या कोई और सबकी मिलीभगत होती है। कार्यशाला के दौरान सभी अल्ट्रासाउंड संचालकों से अपने केंद्र में उस डॉक्टर के फोटो के साथ सर्टिफिकेट लगाने को कहा गया, जिसके नाम से लाइसेंस लिया गया है। साथ ही जिस रूम में अल्ट्रासाउंड होता हो वहां किसी भी पुरुष, महिला यहां तक कि देवी या देवता तक का फोटो (स्टेचू) आदि नहीं लगाने का सख्त हिदायत दिया। इसके अलावा प्रत्येक माह के 5 तारीख को रिकॉर्ड ऑनलाइन भरने के साथ ऑफ लाइन सिविल सर्जन कार्यालय में जमा करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने कई निर्देश दिए। कार्यशाला में सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, डीएस डॉ. मनीष लाल, राज्य नोडल पदाधिकारी, सभी जिलों के सहायक नोडल पदाधिकारी सभी अल्ट्रासाउंड संचालक के साथ मैनेजिंग कमिटी के सदस्य आदि उपस्थित थे।



## एक नजर

### एसएससी जीडी में युवक का चयन, ग्रामीणों में हर्ष

**रमना।** भागोडीह पंचायत अंतर्गत मंझीगावां झुरहा के युवक का एसएससी जीडी में सीआरपीएफ के पद पर अंतिम रूप से चयन हो गया है। सीआरपीएफ में इस पंचायत के युवक के चयन से ग्रामीणों में हर्ष है। जानकारि अनुसार झुरहा के इंद्रदेव पासवान सेवानिवृत्त जमादार का छोटा पुत्र व जिलाध्यक्षा शांति देवी का भाई राकेश कुमार ने एसएससी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता को पास कर साबित कर दिया की कड़ी राकेश कुमार के चयन की सूचना पाकर परिजनों, मित्रो और ग्रामीणों ने बधाई दी। इस संबंध में सीआरपीएफ में चयनित राकेश कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास और लगन से यह लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसका श्रेय माता, पिता गुरु को जाता है, जिन्होंने उचित मार्गदर्शन दिया। जिससे वह इस परीक्षा में सफल हो सका।

# एसडीओ ने किया अनुमंडलीय पुस्तकालय का निरीक्षण, समस्याओं के समाधान का भरोसा



▸ 100 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) संजय कुमार ने अनुमंडलीय पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। एसडीओ ने पुस्तकालय संचालन को बेहतर बनाने के लिए स्थानीय लोगों को भी संरक्षक समिति से जोड़ने की पहल की बात कही। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय में 100 से अधिक छात्र-छात्राएं शांतिपूर्वक पढ़ाई करते हुए मिले। एसडीओ ने उनकी अनुशासनबद्ध पढ़ाई की सराहना की। ज्यादातर छात्र-छात्राएं एसएससी, बैंकिंग और लोक सेवा आयोग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

### पेयजल और साफ-सफाई की समस्या

छात्रों ने पेयजल की कमी और शौचालयों की नियमित सफाई न होने की समस्या बताई। एसडीओ ने इन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### अंग्रेजी पुस्तकों और करंट अफेयर्स की पत्रिकाओं की मांग

छात्रों ने एसडीओ से अंग्रेजी माध्यम की प्रतियोगी पुस्तकें और समसामयिक करंट अफेयर्स पत्रिकाओं की मांग रखी। इस पर एसडीओ ने जल्द ही इनकी उपलब्धता सुनिश्चित कराने का भरोसा दिया।

### वाई-फाई सेवा तुरंत बहाल की गई

छात्रों ने बताया कि पुस्तकालय का वाई-फाई रिचार्ज नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। एसडीओ ने तत्काल प्रभाव से वाई-फाई सेवा बहाल करवाई और जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि हर महीने वाई-फाई रिचार्ज सुनिश्चित किया जाए। एसडीओ ने कहा कि पुस्तकालय के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय सक्षम लोगों को जोड़कर संरक्षक समिति बनाई जाएगी। इसके लिए उपायुक्त से अनुमति लेकर जल्द बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी पुस्तकालय की जरूरतों में सहयोग की अपील की। एसडीओ ने छात्रों को सरकारी शैक्षणिक पोर्टलों और ऑनलाइन कंटेंट प्लेटफॉर्म्स के उपयोग के सुझाव दिए। पुस्तकालय कर्मियों के साथ बैठक कर संचालन से जुड़ी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अजय केसरी, मकसूद अंसारी और 100 से अधिक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## 500 क्विंटल राशन का पदाधिकारियों ने जांच किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत आवंटित खाद्यान के तहत मेराल गोदाम से डंडई व मेराल को मिलाकर लगभग 500 क्विंटल राशन जून 2024 से बकाया रहने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस मामले में मेराल बीईईओ द्वारा अक्टूबर 2024 में ही डीएसओ व डीएसई को पत्र लिखा गया था। बावजूद खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं होने पर दुबारा स्मार पत्र देने के बाद गुरुवार को दोनों पदाधिकारी मेराल प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित गोदाम पर पहुंच कर मामले का जांच किया। अधिकारियों द्वारा स्टॉक रजिस्टर का जांच करने के बाद गोदाम प्रबंधक दीपक चंचल से मामले के बारे में पूछताछ किया गया। मौके पर गोदाम प्रबंधक द्वारा प्रभार का आदान-प्रदान होने का कारण बताते हुए देर होने की बात कही। गोदाम प्रबंधक ने कहा स्टॉक का मिलान कर बकाया खाद्यान्न का आपूर्ति कर दिया जाएगा। मामले में पूछे जाने पर डीएसई अनुराग मिंज ने कहा कि गोदाम प्रबंधक द्वारा जल्द खाद्यान्न आपूर्ति करने की बात कही गई है।

## मंईयां सम्मान राशि के लिए महिलाएं10 दिनों से प्रखंड कार्यालय का लगा रही हैं चक्कर



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड में हेमंत सरकार द्वारा 18 से 50 वर्ष की महिलाओं के लिए शुरू की गई मंईयां सम्मान योजना का लाभ पाने के लिए खरौंधी और करिवाडीह पंचायत की महिलाएं पिछले 10 दिनों से प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट रही हैं। महिलाओं का कहना है कि कई लाभार्थियों का एक माह का पैसा आने के बाद दोबारा नहीं मिला, जबकि कुछ ने आवेदन तो किया है, लेकिन अभी तक कोई राशि नहीं प्राप्त हुई। खरौंधी पंचायत की अनिता देवी, संजू देवी, मंजू देवी, खुशबू देवी, एतवरिया देवी, माया देवी, चंचला देवी, कंचन कुमारी, शनिचरी देवी सहित कई महिलाओं का कहना है कि उन्हें अब तक योजना का लाभ नहीं मिला। करिवाडीह पंचायत की महिलाओं में मंजू देवी, अनीता कुमारी और अन्य ने भी शिकायत की है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि प्रखंड कार्यालय में बीडीओ से भेंट नहीं हो पा रही है। अन्य कर्मचारी यह कहकर लौटा देते हैं कि साइट बंद है, बाद में आइए। इससे महिलाओं को आशंका है कि उनकी योजना की राशि कहीं अन्य खातों में तो नहीं जा रही। गौरतलब है कि कूपा पंचायत के लाभुकों ने भी अपनी राशि अन्य खातों में ट्रांसफर होने की शिकायत की है और जांच की मांग की है। महिलाओं ने संबंधित अधिकारियों से जल्द समाधान की मांग की है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता: फुटबॉल मैच में दर्शकों को दी गई हिट एंड रन और गुड समेरिटन पॉलिसी की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत फुटबॉल मैच के दौरान दर्शकों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर हिट एंड रन योजना और गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि किसी भी दुर्घटना पीड़ित की मदद करना न केवल नैतिक जिम्मेदारी है, बल्कि इसे कानूनी सुरक्षा भी प्रदान की गई है।



### गुड समेरिटन पॉलिसी: मददगारों को सम्मान और सुरक्षा

कार्यक्रम में बताया गया कि गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के तहत दुर्घटना पीड़ित की मदद करने वाले व्यक्ति को 2000 से 5000 तक की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। इस नीति के तहत मददगार व्यक्ति को पुलिस या अस्पताल द्वारा अनावश्यक पूछताछ और कानूनी प्रक्रियाओं से भी मुक्त रखा गया है। गोल्डन आवर के दौरान पीड़ित की मदद करने की महत्ता पर जोर दिया गया, जिससे कई जानें बचाई जा सकती हैं।

### हेलमेट का उपयोग और सड़क सुरक्षा के अन्य उपाय

कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा ने दर्शकों को हेलमेट के उपयोग का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि सिर की चोटों का इलाज संभव नहीं है, इसलिए गाड़ी चलाते या सवारी करते समय हमेशा हेलमेट पहनें। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा 2025 अभियान के तहत इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने सड़क सुरक्षा के इन उपायों को गंभीरता से लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### सम्मान समारोह रविवार को

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भवनाथपुर विधान सभाक्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह रविवार को 11 बजे प्लस टू हाइस्कूल के सभागार में आयोजित होगा। समारोह में जिला शिक्षा अधीक्षक और जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहेंगे।

### ठंड से बचाव के लिए मुखिया ने की अलाव की व्यवस्था



**खरौंधी।** प्रखंड के मझिगावां पंचायत में कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत देने के लिए पंचायत की मुखिया बिंदा देवी और पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने संयुक्त रूप से अलाव की व्यवस्था की है। पंचायत के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की पहल से ठंड से जूझ रहे ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। मुखिया बिंदा देवी ने बताया कि इस साल ठंड ने अपना प्रचंड रूप दिखाया है, जिससे लोगों को दैनिक जीवन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। गरीब और जरूरतमंद लोग ठंड से परेशान थे, जिससे उन्हें रात के समय ठंड से बचने में दिक्कत हो रही थी। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पंचायत ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अलाव की व्यवस्था कराई है। यह व्यवस्था खासकर ग्रामीण इलाकों के सार्वजनिक स्थलों जैसे चौक, चौराहा और सामुदायिक स्थानों पर की गई है, जहां लोग समूह में आकर ठंड से बच सकते हैं। ग्रामीणों ने मुखिया और पंचायत समिति सदस्य के इस कदम की सराहना की है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे प्रयासों से न केवल ठंड से राहत मिलती है, बल्कि यह सामाजिक जुड़ाव और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जरूरत के अनुसार और स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाएगी।

## खेल हमें अनुशासन सिखाता है: अनंत प्रताप देव



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के पिपरडीह गांव (सोनपुरा मैदान)में पिपरडीह प्रीमियम क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच गुरुवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि खेल हमें अनुशासन सिखाता है। खेल स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बेहतर है। खेल में जीत हार होते रहता है। दोनों टीम चाहते हैं कि जीते, लेकिन कोई एक टीम ही विजेता बनता है। उन्होंने कहा कि जो आज हारता हैं वह कल जीतता भी है। इसलिए उपविजेता टीम को निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि और बेहतर खेलने का प्रयास करना चाहिये। उन्होंने कहा कि महेंद्र सिंह धौनी झारखंड ही नहीं बल्कि दुनियां में नाम रौशन किये। पिपरडीह व सोनडीहा के खिलाड़ी में कोई ना कोई कोहिनूर का हीरा जरूर निकलेगा। मुखिया उषा देवी ने दोनों टीम के खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोनडीहा व पिपरडीह टीम के बीच खेला गया। 12-12ओवर के मैच में पिपरडीह टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए10 विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाकर सिमट गयी, जबकि जवाबी पारी खेलने उतरी सोनडीहा क्रिकेट टीम ने 6 विकेट के नुकसान 66 रन बनाकर कप पर कब्जा जमाया लिया। विधायक अनंत प्रताप देव ने विजेता व उपविजेता टीम को कप प्रदान किया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम,सुदेश्वर राम, मुखिया उषा देवी, अमरनाथ पाण्डेय, अजित सिंह, भगवान राम, मंटू दुबे, भरत प्रसाद, पिंटू सिंह, सूर्यदेव कुमार,अध्यक्ष सुधीर कुमार चंद्रवंशी, रंजन कुमार, हर्षित कुमार, रोहित, प्रिंस, प्रेम, रामकेश, रोहन, सुनील, रंजित सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## माले ने महेंद्र सिंह का 21वां शहादत दिवस मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** भाकपा माले अनुमंडलीय इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को जंगीपुर ग्राम स्थित राजू विश्वकर्मा के आवास पर महेंद्र सिंह का 21वां शहादत दिवस मनाया व संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महेंद्र सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यकर्ताओं ने किया। साथ ही महेंद्र सिंह के बताये रास्ते पर चलने व उनके अधूरे कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया गया। कामेश्वर विश्वकर्मा ने कहा कि महेंद्र सिंह सदन से लेकर सड़क तक गरीबों के हक व अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए अपनी शहादत दे दिया। यहां के गरीब और भाकपा माले उनकी कमी को जीवन भर याद रखेंगे। महेंद्र सिंह का शहादत 16 जनवरी 2005 में एक जनसभा को संबोधित करते हुए हुआ था। महेंद्र सिंह अपने कार्यकाल में गिरिडीह जिला के खेमरा गांव का 37 वर्षों तक एक भी केस थाना या कोर्ट में नहीं गया। वह अपने जीवन में कभी झूठ नहीं बोले। उन्होंने कहा कि जिस दिन उनका शहादत हुआ था, उस दिन जनसभा के बीच हत्यारो ने पिस्तौल लेकर पूछा कौन है, महेंद्र सिंह? उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया कि मैं हूं महेंद्र सिंह। इसके बाद हत्यारों ने ताबड़तोड़ उन्हें गोलियों से भून डाला। संकल्प सभा की अध्यक्षता राजू विश्वकर्मा ने की। मौके पर महेंद्र सिंह, गणेश रजक, शिवकुमार अगरिया, सोबरन आगरिया, कृष्णा पहाड़िया, लाल सिंह, रमेश भुइया, मुनेश्वर सिंह, सुरेश पासवान, रविंद्र राम, बुधन सिंह, संजय चौधरी, शिव शंकर लोहरा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सम्मान

### गढ़वा के खिलाड़ियों का जलवा, 5 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक पर कब्जा

## खिलाड़ियों ने जीते 6 पदक, उपायुक्त ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने रामगढ़ में आयोजित यूथ किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले गढ़वा के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। गढ़वा के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 6 पदक जीते, जिनमें 5 स्वर्ण और 1 कांस्य शामिल हैं। 24 किलोग्राम वर्ग में अनुराज पांडेय ने स्वर्ण पदक जीतकर गढ़वा का नाम रोशन किया। अदिति पांडेया (32 किलोग्राम), सुप्रिया कुमारी (38 किलोग्राम), पुण्य प्रसून (38 किलोग्राम) और अर्णव कुमार (23 किलोग्राम) ने भी स्वर्ण पदक जीते। वहीं, समीर कुमार चौबे ने 85 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। उपायुक्त ने अपने कार्यालय कक्ष में खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज संसई, पदक विजेता खिलाड़ी और उनके परिजन उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### बीडीओ व मुखिया ने मुसहरों के बीच बांटे कंबल



**धुरकी।** ठंड के प्रभाव को देखते हुए उपायुक्त के निर्देश धुरकी बीडीओ जुल्फिकार अंसारी व स्थानीय मुखिया महबूब अंसारी ने बुधवार को पेड़ के नीचे आशियाना बनाकर धुरकी बांध के किनारे रह रहे गरीब मुसहर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। साथ ही उनकी समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि उनकी वह जहां भी रहते हैं, वहां के स्थायी पता से अपना आधार कार्ड बनवाने के साथ बैंक का खाता खुलवायें। इसके बाद उनका राशन कार्ड से नाम भी जोड़ दिया जायेगा। उन्होंने 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं व लड़कियों को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाने का भी आश्वासन दिया। कहा कि जिन लोगों को आवास नहीं मिला है, उन्हें आवास भी दिलाया जायेगा। इसके लिए स्थायी जगह व पता पर होना चाहिए। मौके पर मुखिया ने भी अपनी बात रखी।

### सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट: चिनियां थाना 3-2 से विजय



**चिनियां।** सामुदायिक पुलिसिंग के तहत गढ़वा में चल रहे फुटबाल टूर्नामेंट में चिनिया थाना 3-2 से विजयी रही। चिनियां थाना की ओर से गुरुवार की देर शाम प्रखंड परिसर से थाना चौक तक विजयी जुलूस निकाला गया, जिसमें चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार मुख्य रूप से शामिल थे। जुलूस में तरकश बाजे की धुन पर सभी खिलाड़ी, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि जमकर थिरके। बताते चले कि गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के नेतृत्व में गढ़वा फुटबॉल स्टेडियम में पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जिसमें जिला के कुल 25 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल में चिनियां और भंडरिया थाना की टीम के बीच मुकाबला हुआ। पहले हाफ में भंडारिया एक शून्य से आगे थी, इसके तुरंत बाद चिनियां थाना से खेल रहे अमरनाथ सिंह ने एक गोल दाग कर खेल को बराबरी कर दिया। दूसरे हाफ में चिनियां 3-2 से बढ़त बनाकर मैच का खिताब अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच व सीरीज चिनियां थाना के खिलाड़ी वीरेंद्र सिंह को मिला। विजय टीम को कप और 11000 रुपए नकद पलामू आईजी सुनील भास्कर, उपायुक्त शेखर जमुवार, गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने दिया। मौके पर एएसआई कृष्णा शाह, संतोष सिंह, काशिद हुसैन, नवीन कुमार राणा, राधेश्याम कुमार, रवि प्रसाद, बंधु राम रवि, निसार अंसारी, अब्दुल मन्नान उर्फ भोला सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

### गुरजीत अजय की जोड़ी बनी फाईनल विजेता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत गढ़ परिसर में नया सवेरा, नया उजाला सीजन तीन के तत्वावधान में बैडमिंटन टूर्नामेंट का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला गया। पहले सेमी फाइनल में डालटनगंज की टीम ने गुरजीत सिंह, अजय ठाकुर की टीम बनाम मझिआंव टीम ऋषभ और गोलू के बीच खेला गया, जिसमें डालटनगंज की टीम ने मझिआंव टीम को हरा दिया। दूसरे सेमी फाइनल मुकाबला में डालटनगंज शौर्य,नरेंद्र की दूसरी टीम बनाम गढ़वा चंदन, प्रशांत टीम के बीच खेला गया, जिसमें डालटनगंज की टीम ने गढ़वा टीम को दो सेट से हराया। डालटनगंज की दोनों टीम बैडमिंटन टूर्नामेंट फाइनल के मुकाबला में जगह बनाई। गुरजीत सिंह अजय ठाकुर के टीम बनाम शौर्य, नरेंद्र टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। गुरजीत सिंह के टीम को टक्कर देते हुए शौर्य नरेंद्र,की टीम ने दो सेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। मैच समापन के बाद अंचल के सीओ प्रमोद कुमार ने मैन ऑफ द सीरीज शौर्य सोनी तथा मैन ऑफ द मैच नरेंद्र कुमार को दिया। डालटनगंज के शौर्य,नरेंद्र की विजेता टीम को कप व नकद 11000 रुपए तथा उपविजेता टीम को कप व 5100 रुपया नकद दिया गया। बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजनकर्ता मारुति नंदन सोनी ने सीओ प्रमोद कुमार को माला पहना कर एवं बुके देकर सम्मानित किया। अंपायर के रूप में गोपाल सोनी व पप्पू जायसवाल थे। मंच संचालन अशोक कमलापुरी ने किया। मौके राधा कृष्ण मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास, स्थानीय थाना के पदाधिकारी संजय कुमार मुंडा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष एसएन त्रिपाठी,बिरजू सिंह, व्यवस्था रिंकू तिवारी, पप्पू खलीफा, चंदन कमलापुरी, गायत्री परिवार के नागेंद्र सिंह, वीरेंद्र सोनी,बिरेंद्र पाठक सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### विस्थापित संघर्ष समिति का धरना 25वें दिन भी जारी



**भवनाथपुर।** क्रसिंग प्लांट की नीलामी के बाद प्लांट की कटिंग के विरोध मे विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व में मजदूरों का धरना प्रदर्शन 25वें दिन भी जारी रहा। धरना के 24वें दिन शाम मे प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद जी राम ने प्रखंड कार्यालय बुलाकर विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे, अध्यक्ष वीरेंद्र साह, नंदलाल पाठक,महासचिव रामविजय साह, दीपक जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, मजदूर नेता शंभू राम के साथ वार्ता की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विस्थापित संघर्ष समिति से अनुरोध किया कि आप धरना को समाप्त करें,सेल प्रबंधन के समक्ष आपकी मांगो को रखा जाएगा। उक्त वार्ता में प्रखंड विकास पदाधिकारी व विस्थापित संघर्ष समिति के बीच समन्वय नहीं बन पाने से वार्ता विफल हो गई। विस्थापि संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे ने बीडीओ से कहा कि सेल प्रबंधन सभी प्रकार के मजदूरों का रिटेचमेंट एवं ग्रेच्युटी का पैसा भुगतान किया जाए। तुलसीदामर डोलोमाइट खदान को चालू कराने, क्रशर प्लांट कटिंग के आक्शन को रद्द करने सहित अन्य मांगे सेल प्रबंधन नहीं मानती है तब तक धरना जारी रहेगा। 25वें दिन धरना में सुशील चौबे, वीरेंद्र साह, धर्मेंद्र गुप्ता, ददुली साह, शंभू राम, बाला यादव, शनीचर अगरिया, रामपति देवी,बुधनी देवी, चिंता देवी, फुलवा देवी, प्रमिला देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### स्वास्थ्य मेला आयोजन को लेकर बैठक

**बालूमाथ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित बैठक में प्रखंड प्रमुख के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे। बैठक में चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि जिला के वरीय अधिकारी के निर्देश पर बालूमाथ बारियातू और हेरहंज प्रखंड में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाना है। आगामी 20 जनवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ, 22 जनवरी को बारियातू बाजारटांड़, 24 जनवरी को हेरहंज प्रखंड परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन होना है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अलावा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, डॉ, अलीशा दंत चिकित्सक, डॉ, सुरेन्द्र कुमार आयुष चिकित्सक, बीपीएम मृत्युंजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### कांगेस ने निकाला सम्मान यात्रा

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के समीप बाजार टांड़ मार्ग मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जय बापू, जय भीम, जय संविधान के तहत सम्मान यात्रा निकाली। सम्मान यात्रा में दर्जनों गांव के कार्यकर्ताओं ने हाथ में पार्टी का बनैर लेकर महात्मा गांधी अमर रहे, पंडित जवाहरलाल नेहरू अमर रहे, बाबा साहेब अमर रहे समेत कई स्लोगन को दुहराया। कार्यक्रम के दौरान प्रतापपुर के प्रखंड अध्यक्ष रकीबुल इमाम, प्रविल साव,अजित भारती, उमेश यादव, चंद्रशेखर यादव,अरविंद कुमार समेत कई लोग शामिल हुए।

### जिला समन्वय समिति की बैठक, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारना पदाधिकारियों की जिम्मेवारी : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला में चल रही सभी कल्याणकारी योजनाओं व विकास की योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन, सड़क निर्माण, छात्रवृति, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन, प्रधानमंत्री आवास, पशु शेड निर्माण, समाज कल्याण सहित अन्य योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिला में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जाएं। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। सरकार की ओर से स्वीकृत सभी योजनाओं को समय पर धरातल पर उतारना पदाधिकारियों की जिम्मेवारी है। इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने कहा कि यह योजना सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। लंबित सभी आवेदनों का जांच कर सभी मामलों निष्पादन सुनिश्चित करने की बात कही। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा योजना का क्रियान्वयन के लिए प्रखंड में भूमि उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही पीएम किसान योजना के लंबित मामलों पर ससमय डिस्पोज करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर जिला पशुपालन पदाधिकारी को ससमय लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही अभियान चलाकर अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर योग्य लाभुकों को जागरूक करते हुए योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। समाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं को लक्ष्य के पूरा करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, बाबा साहब आंबेडकर आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।




### पोषण वाटिका लक्ष्य के अनुरूप स्थापना करें

उपायुक्त ने विद्यालयों में पोषण वाटिका की स्थापना के संबंध में जानकारी ली। जिला शिक्षा अधीक्षक को संबंधित पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप सभी विद्यालयों में वाटिका की स्थापना कराने का निर्देश दिया। छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए छात्रवृति योजना से ससमय विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। यूडीआईडी कार्ड की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। साथ ही राशन कार्ड को आधार सीडिंग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में छात्रवृत्ति, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, आंबेडकर आवास, पशुधन विकास योजना, पेंशन, राशन, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पोषण वाटिका, भू अर्जन व सभी विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने व समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड विपिन कुमार दुबे, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक व अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में सहायक अध्यापक के पुत्र की मौत

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के एकतारा गांव निवासी सह सहायक अध्यापक शैलेश सिंह के 27 वर्षीय पुत्र सुबोध कुमार सिंह की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी अनुसार मृतक युवक बुधवार रात्रि 11 बजे मोटरसाइकिल से चौपारण से अपने घर एकतारा आ रहा था। सिंदूवारी मोड़ के समीप अचानक कुत्ता दौड़ जाने से मोटरसाइकिल दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया गया। परिजनों ने एकतारा मुक्तिधाम में अग्नि संस्कार कर दिया। मृतक युवक अपने पीछे माता पिता के साथ पत्नी व एक छोटी बच्ची को छोड़ गया है।

### दुकानदारों ने दुकान नहीं हटाने का विधायक से की मांग

**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड परिसर स्थित सभी गुमटी व ठेला दुकानदारों द्वारा गुमटी नहीं हटाने के लिए मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को आवेदन दिया है। मौके पर मौजूद दुकानदारों ने बताया कि गुमटी हट जाने के बाद बेरोजगार हो जाएंगे व सभी दुकानदारों के परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो जाएगा, जिससे भूखमरी की स्थिति पैदा हो सकती है। अधिकारियों द्वारा बराबर हटाने की बात कही जाती है। दुकानदारों द्वार 20 से 30 रुपए प्रत्येक दिन लिया जाता था। विधायक ने कहा कि संबंधित अधिकारी से बात कर समस्या का समाधान किया जाएगा। मौके पर सभी दुकानदार मौजूद थे।

### शिव शनि देव मंदिर का पांचवा वार्षिकोत्सव 19 से, तैयारी शुरू

**लातेहार।** शहर के बाजारटांड स्थित प्राचीन शिव शनि देव मंदिर का पांचवा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आगामी 19 जनवरी से प्रारंभ होगा। वार्षिकोत्सव को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। यह जानकारी मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका ने दी। उन्होंने बताया कि शिव शनि देव मंदिर का वार्षिकोत्सव को लेकर तैयारी आरंभ कर दी गई है। वार्षिक उत्सव को लेकर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। 19 जनवरी को प्रातः 8:00 बजे कलश यात्रा और स्थापना, वेदी पूजन, शनि पाठ, संध्या आरती, 20 को शनि अभिषेक, पूजन व रुद्राभिषेक और हवन का कार्यक्रम होगा। अपराह्न 12:30 बजे से उद्घाटन के बाद महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने इन सभी कार्यक्रमों में भाग लेने और सहयोग करने की अपील की है।

### शिक्षिका को दी गई भावभीनी विदाई

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत आरा ग्राम में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका एलिसबा तिग्गा के सेवानिवृत्त के बाद विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका के साथ छात्र-छात्राएं, अभिभावक, ग्रामीण, समाजसेवी मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने शिक्षिका को फूलमाला पहनाकर व अंग वस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। शिक्षिका ने कहा कि मैं 20 वर्षा से इस विद्यालय में योगदान दी। जब से पदस्थापित हुई तब से लेकर अब तक इस क्षेत्र के लोगों से अपना जैसा रिश्ता जुड़ गया है। यहां के लोगों से हमेशा सहयोग मिलता रहा है। वह यहां से सेवानिवृत्त हो रही हैं, यहां के लोगों से नहीं। मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया, जो बहुत ही मनमोहक था। मौके पर शिक्षक विनय निराला, जितेंद्र प्रसाद, रामसेवक प्रसाद, निरंजन प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद, स्कूल के प्रबंधक समिति के अध्यक्ष पदुम यादव, गणेशपुर पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव सहित अभिभावक मौजूद थे।

### एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को किया सम्मानित

**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में करनी रोड स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक बिजेश प्रसाद को आरबीओ रामगढ़ के आरएम प्रसून कुमार ने बेहतर कार्य करने पर गिफ्ट और बुके देकर सम्मानित किया। आरएम ने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों को सम्मानित करना चाहिए। उन्होंने संचालकों से कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना से ग्राहकों को जोड़ें और इसका लाभ उन्हें दिलवाने में सहयोग करें। मौके पर धनखेरी ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक बबलू पासवान, बबलू यादव, परमेश्वर दांगी, परमेश्वर यादव, सिकंदर यादव बरुण कुमार, अमरदीप पाण्डेय व अनुज दांगी आदि उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा व प्रदूषण समिति का दो दिवसीय धरना शुरू

# डीवीसी कोल माइंस ढुलाई से प्रदूषण का बढ़ा खतरा, ग्रामीण हुए गोलबंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हेरहंज।** लातेहार जिला अंतर्गत डीवीसी द्वारा संचालित तुबेद कोल माइंस से कोयला का ढुलाइ कुसमाही रेलवे साइडिंग के लिए एक वर्षों से किया जा रहा है। इससे प्रभावित ग्राम मुरूप, जानी, नवादा, चिरू, हुंबू, ब्रहमोरिवा, इचाक, झाबर, बनियो, बालूमाथ के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके विरोध में सड़क सुरक्षा व प्रदूषण समिति द्वारा अंचल कार्यालय के बाहर दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम किया जा रहा है। गुरुवार को पहला दिन था। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष चन्द्रदेव उरांव ने की। यह कार्यक्रम 16 व 17 जनवरी को किया जाएगा। 18 जनवरी को हाट बाजार बंद, उसी दिन प्रभावित सभी गांव में शाम को मशाल जुलूस और 19 जनवरी को चक्का जाम का घोषणा किया गया है। सड़क सुरक्षा व प्रदूषण समिति ने प्रभावित लोगों से इस आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की है। प्रभावित क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, किसानो, राहगीरों में जहां एक ओर दुर्घटना को लेकर भय व्याप्त रहता है। वहीं दूसरी ओर 24 घंटा लगातार परिचालन से पूरा क्षेत्र प्रदूषित हो गया है। तुबेद कोल माइंस में ट्रांस्पोटिंग कार्य कर रही डीवीसी, जो दूसरे राज्य से आकर ग्रामीण सड़क से कोयला की ढुलाई कर रही है। समिति ने सभी दुकानदार, कोयला परिचालन से प्रभावित ग्रामीण जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, युवाओं, राजनीति कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता से विषेश रूप से अपील की है कि इस आंदोलन को सफल करने में आप हमें सहयोग करें। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य संरक्षक संजीव सिन्हा उर्फ पप्पू सिन्हा ने कहा कि डीवीसी कंपनी लगभग 50 गाड़ी दूसरे राज्य से लाकर कोयला परिवहन का कार्य कर रही है। मौके पर सचिव रंजीत जायसवाल, समिति के अध्यक्ष चन्द्रदेव उरांव, आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडेय, संजीव सिन्हा, मंगल उरांव, जिला परिषद सदस्य चंचला देवी, प्रमुख पार्वती देवी, उप प्रमुख विजय उरांव, चिरु मुखिया हीरामणि लकड़ा, शिवनाथ रजक, रामबृक्ष भोक्ता, मनीष जायसवाल, देवनन्दन प्रसाद, महेंद्र भगत, रॉकी कुमार, लड्डू जायसवाल, सुनील राम, दीपक सिंह, बिहारी प्रसाद गुप्ता, नागेन्द्र उरांव, सलमान समेत काफी संख्या में प्रभावित ग्रामीण उपस्थित थे।



### जिला योजना कार्यकारणी बैठक : 6 करोड़ रुपये की योजनाओं का चयन

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारणी समिति की बैठक हुई। जिसमें जिला योजना अनावद्ध निधि से वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 6 करोड़ रुपए के लिए योजनाओं का चयन किया गया। योजनाओं में पथ, पुल-पुलिया, प्रखंड कार्यालय के मुख्य सड़क से पहुंच पथ का निर्माण, शहीद विनय भारती पार्क के पीछे तालाब का सौंदर्यीकरण, सोलर लाईट, कस्तूरबा विद्यालय के पहुंच पथ, लावालौंग के ग्राम टिकदा में पथ निर्माण, नगर परिषद, चतरा शहर के लाइब्रेरी में कुर्सी व टेबल की व्यवस्था का कार्य, डीएमएफटी हॉल के नजदीक दो अदद बाथरूम आदि कार्य कराने का निर्णय जिला योजना कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से लिया। उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी व सभी संबंधित अधिकारियों को जल्द प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, सिविल सर्जन दिनेश प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, सभी कार्यकारिणी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### विधायक ने प्रखंड में तीन योजनाओं का शिलान्यास व एक पुल का किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने तीन योजनाओं का शिलान्यास व जरहाटोली पुल का उद्घाटन किया। बेल्टोली में पीसीसी पथ निर्माण,चुटिया, बेलवार के बीच पुल निर्माण, ग्राम कुरूद में पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया। लगभग करोड़ों रुपए की लागत से कार्यो शिलान्यास गया। ग्राम चुटिया के नवयुवकों ने बिजली गांव तक पहुंचाने को लेकर विधायक को आवेदन देकर बिजली दुरुस्त कराने की मांग रखी। विधायक ने कहा कि हर समस्या का समाधान किया जाएगा। मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रतिनिधि इफ्तेखार अहमद,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड उप प्रमुख अभय मिंज, प्रमुख कंचन कुजूर, प्रखंड के मुखिया रीता खलखो, मगदली टोप्पो,पंचायत समिति सदस्य निर्मला टोप्पो, युवा प्रखंड अध्यक्ष आमिर सुहेल, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, नसीम अंसारी, नूरूल हसन, रानू खान, बसारत अली, सुबोध खलको, राजेश ठाकुर, तनवीर अहमद, शाहिद अख्तर, शकील अहमद, राहुल कुमार, कन्हैया कुमार सफरुल अंसारी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सीआरपीएफ 11 बटालियन ने सिविक एक्शन प्रोग्राम का किया आयोजन

# ग्रामीणों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ना उद्देश्य : एसपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला के गारू प्रखंड अंतर्गत मारोमार गांव में सीआरपीएफ 11 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, कमांडेंट यादराम बुनकर, द्वितीय कमान अधिकारी पिताबासा पांडा, उप कमांडेंट मुकेश कुमार, सोमनाथ यादव, नीरज कुमार सोनकर समेत कई अधिकारी मौजूद थे। पुलिस कप्तान ने बताया कि ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के साथ समाज की मुख्यधारा से जोड़ना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान उन्होंने बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेंसिल, जर्सी, जूता, कंबल, शैक्षिक उपकरण वितरित किए गए। साथ ही युवाओं और महिलाओं के बीच फुटबॉल, जर्सी, बर्तन, डिजिटल लेखन टैब, कंबल आदि का वितरण किया। विद्यालय में एक कंप्यूटर सेट स्थापित किया गया। कमांडेंट यादराम बुनकर ने शिक्षा और खेल को समाज के विकास की नींव बताते हुए ग्रामीण युवाओं को नक्सलवाद से दूर रहने और विकास की मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की। ग्रामीणों ने सीआरपीएफ के इस प्रयास की सराहना की और इसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास और शांति की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। कार्यक्रम में गारू थाना प्रभारी पारसमणी, जिला परिषद जिरा देवी, रूपमणि नगेसिया, प्रभा देवी, उप निरीक्षक इंद्रदेव सिंह, रणधीर सिंह, रामकृष्ण राय, ब्रजेश सिंह तोमर, हवलदार अजीत सिंह, ताजदार अली, संजय कुमार, मनोज कुमार यादव, सुशील कुमार, राजेश कुमार, कार्यालय लिपिक धर्मेंद्र कुमार पाल, सुनील कुमार, अमित कुमार, शिवम कुमार, गुड्डु तिवारी, जुगल दुबे, अजय प्रसाद, संजय कुमार, चंदन कुमार, दीपक कु.सिंह, अविनाश कुमार, अभिषेक कुमार, पवन कुमार, रविशंकर, मनदीप कुमार, अंजनी कु. सिंह, जगनारायण यादव, दुलाराम टुडू, आशुतोष कुमार, सुमन गोंड, जयदेव, संजय कुमार रजक, चंदन कुमार, राजा विपीन कुमार और संजय कुमार सिंह समेत कई जवान और ग्रामीण उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, गढ़वा**

**INDIAN AIR FORCE : AGNIVEERVAYU**

**सूचना**

भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत देश के अविवाहित युवक एवं युवतियों के लिए **IAF** से जुड़े पदों हेतु अधिसूचना (**Notification**) जारी किया है। जिसके तहत युवक/युवती उम्मीदवारों के लिए अग्निवायु सेवा परीक्षा हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस पदों हेतु आवेदन करने की तिथि दिनांक–07.01.2025 से दिनांक–27.01.2025 तक निर्धारित की गई है। जिसका ऑनलाईन परीक्षा दिनांक–22.03.2025 को आयोजित किया जाना है। जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट एवं समकक्ष परीक्षा उतीर्ण होने के साथ कुल मिलाकर न्यूनतम 50प्रतिशत अंक और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। वायु सेना में भर्ती होने की इच्छा रखने वाले योग्य युवक/युवती जिनका उम्र 17.5 वर्ष से लेकर 21 वर्ष तक है वे वायु सेना के अधिकृत वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस अधिसूचना से संबंधित विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजन कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.344390 Labour Employment and Traning(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।**

जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT)

अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्याः–**02/2024-25/NREP/GARHWA** दिनांक–16.01.2025

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि – अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि – अक्षर में | कार्य समाप्ति की थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | गढ़वा | ग्राम–अंचला में इसमाईल अंसारी के घर से असगर अंसारी के घर तक पथ निर्माण। | 62.937 | बासठ लाख तीरानवे हजार सात सौ रूपये। | 03 (तीन) माह। |
| 2 | मेराल | ग्राम–बसरिया में मुख्य पथ नारायण चंन्द्रवंशी के घर से लेकर गोविन्द भुईयां के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (300फीट) | 15.77 | पंन्द्रह लाख सतहत्तर रूपये। | 03 (तीन) माह। |
| 3 | मेराल | ग्राम–दुलदुलवा, बंगलवाटांड, ब्रह्मदेव रवि के घर से उपकेन्द्र रवि के घर तक पथ निर्माण। (300 फीट) | 13.06 | तेरह लाख छः हजार रूपये। | 03 (तीन) माह। |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–24.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–30.01.2025
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.02.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभिंयता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 :–9955921643

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *www.jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।

PR.NO.344386 NREP(24-25):D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(चोरी गयी मोटरसाईकिल स्पलेण्डर प्रो)**

गढ़वा थाना कांड सं0– 522/24 दिनांक– 29.09.2024, धारा– 303(2), बी0एन0एस0–2023 में चोरी गयी मोटरसाईकिल स्पलेण्डर प्रो जिसका रजि0 न0– JHO3AC-7831, इंजन नं0– HA11EYMHA75831, चेचिस नं0– MBLHAW129MHA75471 का दिनांक– 29.09.2024 को अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0– 9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 344365 Police (24-25)_D



**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Office of the General Manager-Cum-Chief Engineer,**
**Electric Supply Area, Medininagar**

**Very short e-TENDER NOTICE**

e-Tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 279/PR/JBVNL/2024-25 | Construction of Ladies Toilet in the premises of Electric Supply Area, Medininagar. | Rs5,53,100.00 | Rs 11,100.00 | 1250.00+225.00 (GST 18%) = 1475 .00 | 03 Month |

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | 16.01.2025 2:00 PM to 25.01.2025 at 5:00 PM |
| Last date and time for bid submission/uploading | 25.01.2025 at 5:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 27.01.2025 at 05:30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | GM(T) , Electric Supply Area ,Medininagar |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules ofe-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager Cum Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR 344381 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25).D

# जंगली हाथियों ने जमकर मचाया गांव में उत्पात, ग्रामीणों में भय का माहौल

नवीन मेल संवाददाता


**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के गडरपो पंचायत में बुधवार की देर रात दो जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। इससे गांव के ग्रामीणों को रात जग्गा करना पड़ा। स्थनीय ग्रामीणों ने बताया कि भरनो थाना क्षेत्र के आमलिया जंगल से बीती रात दो जंगली हाथी गडरपो पंचायत के महुआ डिपा निवासी मादा गुड़ी टाना भगत के घर को ध्वस्त कर दिया। साथ ही घर मे रखा 50 बोरा धान को चट कर गया। हालांकि घर में सो रहे स्वजन जंगली हाथी के आहट सुनते ही घर से भाग जान बचाने में सफल रहे। इस दौरान हाथियों की झुंड ने गांव के ही लोदरो टाना भगत द्वारा नवनिर्मित मिट्टी घर को ध्वस्त कर दिया गया। इससे दोनो पीड़ित परिवार को 50-50 हजार का आर्थिक नुकसान हुआ है। दो जंगली हाथियों की झुंड गांव में उत्पात मचाने के बाद सिससई प्रखंड के अरको गांव की तरफ रुख किया है। इधर पीड़ित परिवार को खाने के लिए अनाज की समस्या उत्पन हो गई है।





1857 की क्रांति में अंग्रेजो के दांत खट्टे करनेवाले शहीद का गांव आज भी उपेक्षित

# शहीद पांडेय गणपत राय का पैतृक गांव भौरों विकास की बाट जोह रहा



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सन 1857 की क्रांति में अपनी वीरता से अंग्रेजों के दांत खट्टे करनेवाले अमर शहीद पांडेय गणपत राय की जन्मभूमि भौरो गांव आज भी अपने को उपेक्षित महसूस कर रहा है।

उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सबकुछ कुर्बान कर दिया था। लेकिन इस वीर शहीद का गांव आज तक आदर्श गांव नहीं बन पाया है। शहीद पांडेय गणपत राय के गांव भौंरो को अब तक आदर्श गांव नहीं बनाये जाने से ग्रामीण मर्माहत हैं। शहीद पांडेय गणपत राय के गांव को आदर्ष गांव के रुप में विकसित करने की घोषणाएं पूर्व में हो चुकी है। भंडरा प्रखंड मुख्यालय से महज तीन किमी पर स्थित भौरों गांव के ग्रामीण जनसमस्याओं से प्रतिदिन जूझ रहे है। बावजूद उनकी समस्याओं का निदान करने के प्रति अबतक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। प्रखंड मुख्यालय से भौरों गांव जाने वाली पथ जर्जर है।

जिससे इाने जाने के लिए लोगों को आज भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांव में सड़क, पेयजल, नाली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की घोर समस्या है। गांव में जल जमाव, नाली जाम व कचरों का अंबार लगा हुआ हैं। परंतु किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा गांव के विकास के लिए ठोस कदम नहीं उठाया जाना दुखद पहलू है। झारखंड के तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने शहीद के पैतृक गांव भौरो को आदर्श गांव बनाने के साथ-साथ भंडरा से भौरो तक 20 फीट चैड़ी पक्की सड़क निर्माण की घोषणा की थी। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष 17 जनवरी को शहीद के जन्म दिवस के मौके पर शहीद स्मारक स्थल की साफ-सफाई एवं रंग रोगन का कार्य कराया जाता है।

## घोषणाओं को धरातल पर उतारने से होगा विकास

**भंडरा/लोहरदगा।** ग्रामीणों ने बताया कि पांडेय गणपत राय ने देश की आजादी के लिए अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया, लेकिन आज उनके गांव की स्थिति भी बदतर है। कहा गया कि शहीद पांडेय गणपत राय की जन्मदिवस पर लगनेवाले मेले में नेताओं व मंत्री ने जो भी घोषणाएं किया है यदि उन्हे धरातल पर उतारा जाता तो शहीद के गांव विकसित हो पाता। वर्तमान में यह गांव मॉडल बन गया होता। गणपत राय के गांव का निश्चित रूप से विकास करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर पहल होनी चाहिए। कहा गया कि प्रत्येक वर्ष 17 जनवरी को शहीद पांडेय गणपत राय का पैतृक गांव भौरो में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मंचीय कार्यक्रम में घोषणाओं की झड़ी लगाई जाती है। एक से एक लुभावने बातें कही जाती है। विकास मेला लगा कर जिले की विकास की झांकी प्रदर्शित की जाती है, लेकिन कार्यक्रम की समाप्ति के बाद कोई धरातल पर काम नहीं होता है।

# योजनाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : सुखदेव भगत

## दिशा की बैठक में सांसद ने दिये कड़े निर्देश, योजनाएं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें

**नंदिनी जलाशय में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतर प्रस्ताव तैयार किया जाए**

**श्रम विभाग को मजदूरों का रजिस्टेशन कैंप लगाकर करने का निर्देश दिया गया ताकि उन्हें आपात स्थिति में सुविधाएं दी जा सकें**



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सुखदेव भगत, सांसद, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गुलदस्ता देकर सांसद का स्वागत किया गया और फिर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में सभी विभागों के द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश सांसद द्वारा दिये गये। सांसद ने कहा कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके में पूर्ण करें। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजनों बालू समय पर मिले और जो आसानी से मिल सके, ऐसी व्यवस्था रहे। सांसद द्वारा सर्वप्रथम कुडु-घाघरा पथ में किये जा रहे कार्य व कार्य में असंतोषजनक प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। बरवाटोली चौक के पास चौड़ीकरण व सुदृढ़िकरण, कंडरा पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने और कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। तय समय के अंदर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत पेशरार प्रखण्ड में नाशपाती बागवानी की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक पौधों को जीवित रखने का प्रयास करें ताकि उसका फायदा लाभुकों को मिल सके। जेएसएलपीएस डीपीएम को निर्देश दिया गया कि जिला में रागी पैदावार के अनुकूल परिस्थितियां हैं जिसका पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर उत्पादन किया जाना चाहिए। गुमला जिला में इस प्रकार की शुरुआत किया गया है। आज जेएसएलपीएस की सखी मंडल को रागी के उत्पाद के लिए प्रोत्साहित करें जो स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर उत्पाद है। मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना में सामाजिक सुरक्षा निदेशक को निदेश दिया गया कि लाभुकों के त्रुटिपूर्ण आवेदन को सुधार करने व लंबित आवेदन पर कार्रवाई की जाए। वृद्धावस्था पेंशन योजना के जिन लाभुकों की मृत्यु हो चुकी हो ऐसे लाभुकों को चिन्हित कर उनके खाते का पैसा सरकार को वापस लौटाये जाने की प्रक्रिया की जाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में सांसद द्वारा जिला के दो पंचायतों में लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पाने की जानकारी दी और कहा कि जल्द ही छूटे हुए लाभुकों को सर्वे में जोड़ा जाए। साथ ही, जिनके कारण उनका नाम आवास योजना में नहीं आ पाया उन पर कार्रवाई की जाए। नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बाल्मिकीनगर को विकसित करने व उनकी भूमि बंदोबस्ती के लिए आवश्यक कार्य किये जाने का निर्देश नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में निदेश दिया गया कि जिन परिवारों ने आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए अपनी जमीन दी है उन परिवारों को सहायिका पद के नियुक्ति में प्राथमिकता दी जाए।

# इंटर महाविद्यालय में 12वीं प्री-बोर्ड परीक्षा आरंभ



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा में 12वीं कला और विज्ञान संकाय की प्री-बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस मे अर्थशास्त्र की परीक्षा आयोजित की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह समय कुछ खास कर दिखाने का है। उन्होंने छात्रों से अधिक मेहनत कर बेहतर परीक्षा परिणाम देने की आग्रह की। साथ ही, उत्तर पुस्तिका को साफ-सुथरा और व्यवस्थित तरीके से लिखने का सुझाव देते हुए कहा कि परीक्षकों को अंक काटने का मौका न दें। परीक्षा केंद्र में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि कुमारी,यशोदा कुमारी, ऋद्धि कुमारी, रेणु कुमारी, कविता कुमारी, सनोज कुमार साहू, नीतू कुमारी, रितेश कुमार पाठक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की बीडीओ ने की समीक्षा

**कुरडेग।** प्रखंड सभागार में गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग की अगुवाई में चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक बीडीओ नैमन कुजूर की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, प्रमुख सरस्वती देवी, प्रखण्ड बीससूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो उपस्थित थे। बैठक में चिकित्सा प्रभारी दिलीप बेहरा ने अभियान के तहत चल रहे कार्यक्रम के बारे में बताया। अभी तक 24 मरीजों की पहचान हो गई है और उनका इलाज प्रारंभ कर दिया गया है।

# शहीद के गांव का हाल : ग्रामीणों के सपने आज भी हैं अधूरे

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कुछ दिन पूर्व शहीद पांडेय गणपत राय के पैतृक गांव में एक बार फिर से विकास मेला आयोजित कर आश्वासनों का पिटारा खोला गया । वहीं विकास मेला के आयोजन को लेकर गांव के ग्रामीणों ने अपने गांव की बुनियादी समस्याओं से अवगत कराते हुए प्रशासनिक अमलो द्वारा पूर्व में किए गए विकास योजनाओं का जिक्र करते हुए गांव के अजय साहू, भोला साहू, कुलदीप उरांव व संतोष साहू ने बताया कि गांव में शहीद पांडेय गणपत राय के नाम से विकास मेला का आयोजन से गांव में विकास होने की संभावना



जगी थी पर वह सपना भी अब आश्वासनों में ही सिमट कर रह गया। गांव में पेयजल, सड़क, नाली, सिचाई सुविधाओं का घोर अभाव है। जबकि पूर्व के विकास मेले में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा हर वर्ष इन समस्याओं को ले वादे किए जाते है। गांव के संतोष कुमार ,सुमन साहू ,अजय कुमार अदि ने बताया कि गांव की बदहाली को देखकर कोई भी नहीं कह सकता है कि यह गांव आदर्श गांव है। गांव में जगह-जगह कीचड़ व गंदगी ही गांव की नियति बन गई है। नाली के अभाव में सड़को में नाली का गन्दा पानी बहता है जिसके ग्रामीण नरकीय युग में जीने को विवश है।

# मोबाइल वैन से विधिक जागरूकता

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत गांव गांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्राधिकार द्वारा मोबाइल वैन के जरिए विभिन्न गांवों में कैंप लगाकर लोगों को विधिक जानकारी दी जा रही है। गुरुवार को मोबाइल वैन के साथ प्राधिकार की टीम सदर प्रखंड के तामड़ा गांव पहुंच कर लोगों को कानून की जानकारी दी। इस मौके पर प्राधिकार के असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल,पारा लीगल वोलेंटियर दीपक कुमार,अजित केरकेट्टा आदि ने ग्रामीणों को डालसा के माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे बताया। सुकोमल ने बाल विवाह,बाल मजदूरी,शिक्षा का अधिकार,महिला हिंसा उन्मूलन के लिए बने कानून,वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,विकलांग पेंशन,राशन कार्ड आदि के बारे जानकारी दी। सुकोमल ने 25 जनवरी को नगर भवन में आयोजित होने वाले मेगा लीगल इंपावरमेंट कैंप के बारे जानकारी दी। असिस्टेंट एलएडीसीएस ने क्यू आर कोड और टॉल फ्री नंबर 15100 के बारे बताया। मौके पर मौजूद कई ग्रामीणों ने विधिक सेवा लेने के बारे जानकारी मांगी। जिसका सुकोमल ने जानकारी दी।

# भंडरा के कचमची में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भंडरा ।** थाना क्षेत्र के भीठा पंचायत के कचमची गांव में 17 वर्षीय युवक ने घर के आंगन में लगे अमरुद के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। भंडरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया है। बताया जाता है की कचमची गांव निवासी पवन ठाकुर के 17 वर्षीय पुत्र जयकुमार ठाकुर बीती रात खाना खाकर अपने रूम सोने चला गया। देर रात 10.30 बजे जयकुमार के पिता पवन शौच के लिए बाहर निकले तो जयकुमार के रूम का दरवाजा खुला देख रूम मे पहुचे तो रूम मे जयकुमार नहीं दिखा। तो पवन ने परिजनों के साथ जयकुमार को ढूंढने घर के बाहर निकले तो देखा की जयकुमार आंगन में लगे अमरुद के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जबतक पत्नी ने देखा और चिल्लाकर लोगों को बुलाया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता किया जा रहा है।

## एसपी ने गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दिए कई निर्देश

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसपी ने गुरुवार को जिले के सभी थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग कर सभी थाना के केस रिव्यू करने के साथ गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी पर सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा किए। एसपी ने बताए कि क्राइम मीटिंग के दौरान उन्होंने लंबित केस और सभी थाना क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारियों को कई निर्देश दिए। साथ हीं एसपी ने थाना वाइज केसों की समीक्षा करते हुए केसों के निष्पादन और क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ एसपी ने गणतंत्र दिवस के दौरान होने वाली भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी थाना प्रभारियों को कई निर्देश दिए। साथ हीं शहर के अलबर्ट एक्का स्टेडियम में गणतंत्र दिवस पर होने वाले मुख्य कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर कई निर्देश दिए। इसके साथ आगामी त्योहार बसंत पंचमी के दौरान जिले का सौहार्द बनाए रखने के लिए भी सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## कुडरूम पूरबटोली गांव में फांसी लगाकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र के कुडरूम पूरबटोली में गुरुवार को फांसी लगाकर गांव के लूकस सोरेंग नामक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर सिमडेगा थाना की पुलिस पहुंची और मृतक के शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि लुकस दो दिनों से परेशान था और खाना खाने के बाद घर में सोया था और अचानक आधी रात को घर में साड़ी के सारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर पुलिस शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया एवं आत्महत्या के कारणों का पता लग रही है। इस मामले में यूडी केस दर्ज की गई है।

## बोलबा के समसेरा अम्बा टोली गांव मे एक व्यक्ति की हत्या

**बोलबा।** बोलबा थाना क्षेत्र के समसेरा अम्बाटोली गाँव मे देर रात एक व्यक्ति गला रेतकर हत्या कर दी गयी। घटना देर रात की है ।घटना के सम्बन्ध मे मिली जानकारी के अनुसार सेमसरा अम्बा टोली गाँव मे अतुल एक्का नामक एक व्यक्ति की अज्ञात लोगों द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दिया गया ।घटना की सूचना मिलते ही बोलबा पुलिस घटना स्थल रवाना हो गया और शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम क लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया गया। घटना को लेकर पुलिस द्वारा लगातार छान -बीन किया जा रहा है ।मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों के अनुसार गाँव मे शादी था जिसमें मृतक की पत्नी भाग लेने गई थी जब वह घर लौटी तो उसका पति को किसी अज्ञात ब्यक्ति ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दिया है ।घटना की सूचना गाँव वालो की दिया गया इसके बाद बोलबा पुलिस को इसकी सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि मृतक अतुल एक्का लकवा ग्रसित व्यक्ति वह विस्तार पर ही लेटा हुआ रहता था, इस सम्बन्ध मे बोलबा थाना मे अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज मामले कि जांच कर रही है।

# करंगागुड़ी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का द्वितीय वार्षिकोत्स धूमधाम के साथ संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**केरसई।** करंगागुड़ी शिवधाम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का द्वितीय वार्षिकोत्सव शिवधाम प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया ।इस वार्षिक महोत्सव के अवसर पर विद्यालय में खेल कुद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव उपस्थित हुए एवं विशिष्ट के रूप में प्रान्त शिक्षा प्रमुख सुभाषचंद्र दुबे, सिमडेगा संकुल प्रमुख संतोष दास एवं विविकानंद शिशु विद्या मंदिर लचड़ागढ़ के प्राचार्य राजेंद्र साहु उपस्थित हुए ।बच्चों के द्वारा खेलकूद के विभिन्न प्रतियोगिता में अपनी अपनी सामर्थ्य का परिचय दिया गया। उपस्थित मुख्य अतिथि ने सभी को वार्षिकोत्सव की शुभकामनायें दी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने सम्बोधन में कहा संस्कार युक्त शिक्षा का जो सपना हमारे. महापुरुषों ने देखा था, उसे सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय बखूबी निभा रहा है और आज पुरे भारत में यह अनेक विद्यालय कर्मठ आचार्य के द्वारा सनातन परम्परा में निरंतर समाज को एक नई दिशा देने में लगे हुए हैं और हम आपके इन्ही कर्मठ प्रयास से ये नन्हे योद्धा राष्ट्र निर्माण एक नई भूमिका निभाएंगे ।कार्यक्रम को सफल बनाने में देवराम देहरी, नूतन कुमारी,प्रतिभा देवी, कालिंन्द्र राम आदि का सहयोग रहा।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो ने डालियामर्चा गांव पहुंचकर किया भ्रमण, बांटे कंबल

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो के द्वारा अहले सुबह प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत बेडाईरगी के अतिदुर्गम डालियामर्चा का दौरा किया गया ।गांव के सभी वृद्धो के बीच कंबल का वितरण किया गया तथा गांव के लोगों के बीच बैठकर वहां की मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली ।ग्रामीणों द्वारा पीने का पानी की समस्या बताई गई जिस पर तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमुदीन अंसारी ने वहां जल मीनार लगाने का आश्वासन दिया ।गांव के जितने भी कच्चे घर हैं उनको प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे में जोड़ने का निर्देश रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को दिया ।गांव के लोगों द्वारा सुमिगबेडा से डालियामर्चा तक रोड निर्माण हेतु आग्रह किया गया। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि जिला से बात करके तत्काल इस पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।, उन्होंने ग्रामीणोंको मनरेगा योजना से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया! जहाँ लोगो का आवागमन नहीं के बराबर होता हो वहाँ किसी पदाधिकारी को पाकर और अपनी समस्याओं को बताकर लोगो मे एक आशा की किरण जगी कि अब हमारी समस्या का समाधान घर बैठे हो पायेगा !उनके बीच की समस्याओं को सुनकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भरोसा दिलाया की समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुंचाई जाएगी।

# महिला ने पति सहित ससुरालवालों पर दहेज प्रताड़ना का दर्ज कराया केस

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा ।** थाना क्षेत्र के बेदाल गांव निवासी प्रियंका कुमारी ने ससुरालवालों पर मारपीट कर कई बार गर्भ नष्ट करने व दहेज के लिए उत्पीड़न किये जाने का मामला बुधवार को भंडरा थाना में दर्ज कराया है। प्रियंका ने पुलिस को बताया कि मेरी शादी सुचित कुमार प्रसाद पिता शिवचरण प्रसाद ग्राम- तिर्रा, थाना- पालकोट, जिला- गुमला से 16 जून 2022 को समपन्न हुई थी। शादी में वर के साथ बराती लगभग 400 आये थे, जिनकी खातिरदारी में किसी प्रकार की कोई कमी मेरे पिताजी के द्वारा नहीं किया गया। मेरी शादी में मेरे पिताजी के द्वारा दान दहेज तथा नगदी सहित लगभग 20 लाख रुपए खर्च हुआ था, जो कि मेरे पिताजी के द्वारा अपने रिस्तेदारों, दोस्तों से लेकर एवं जमीन बधिक कर पूरा किया गया। लिए गए कर्ज को मेरे पिताजी द्वारा आज भी



चुकाया जा रहा है तथा आगे भी चुकाना पड़ेगा। शादी के तीन माहीने तक अपने ससुराल में अच्छे से रही। शादी के बाद अच्छे दिन गुजरने के कारण में गर्भवती हुई। गर्भवती होने के उपरांत मेरे ससुराल वाले कार खरीदने हेतु पैसा की मांग करने लगे मांग पूरा नहीं करने के कारण गर्भधारण के दौरान ही मेरी सास विमला देवी, पति शिवचरण प्रसाद बड़े बेटे संजु प्रसाद पत्नी माला देवी एवं मेरे पति सुचित कुमार प्रसाद इन सभी के द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए मार-पीट किया गया जिस कारण मेरा गर्भपात हो गया। गर्भपात के दौरान भी मेरे ससुराल वाले के तरफ से कोई देख-भाल नहीं किया गया जिस कारण मेरी तबियत बहुत ज्यादा खराब हो गई थी। उस दौरान मेरे पिताजी मुझे लेकर आये तथा इलाज कराये तब मेरी तबियत ठीक हुई। तबियत ठीक होने के उपरांत मेरे ससुराल वाले के द्वारा पंचायत के समक्ष यह कुबुल किया गया कि अब ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। तत्पश्चात मैं ससुराल में पारिवारिक जीवन व्यतीत करने लगी। ससुराल जाने के दो माह बाद पुनः पूर्व के भांति उनके द्वारा यही ब्यवहार किया जाने लगा। इस दौरान मैं तीन बार गर्भवती हुई एवं तीनों बार मेरे ससुराल वालो के द्वारा मार-पीट एवं शारिरिक प्रताड़ना के कारण मेरा गर्भपात होता चला गया। दिनांक 9, जनवरी को रात 10:00 बजे के करीब फिर से मेरे ससुराल वालों के द्वारा मेरे बाल नोचते हुए मारपीट किया गया एवं शारिरिक क्षति पहुंचाई गयी।

# कृषि को व्यावसायिक रूप में करें तो ज्यादा बेहतर परिणाम : सुखदेव भगत

## सांसद ने कृषि मेला-सह-प्रदर्शनी का किया उद्घाटन, किसानों से की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला स्तरीय कृषि-सह-मेला प्रदर्शनी का आयोजन आज गुरुवार को सदर प्रखंड कार्यालय लोहरदगा के समीप मैदान में किया गया। मेला-सह-प्रदर्शनी का शुभारंभ सुखदेव भगत, माननीय सांसद, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र द्वारा फीता काटकर किया गया। दीप प्रज्वलन उपरांत किसानों को संबोधित करते हुए माननीय सांसद ने कहा कि किसानों को खेती-किसानी सिर्फ जीवन-यापन के लिए नहीं बल्कि व्यवासायिक रूप में करना चाहिए। लोहरदगा जिला में रागी का उत्पादन के लिए बेहतर अनुकूलता है। यहां के किसानों के लिए रागी में बेहतर संभावनाएं हैं। गुमला जिला में अभी पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया है। आगे लोहरदगा जिला में भी इसे



प्रारंभ किया जाएगा। आज इंटीग्रेटेड खेती की आवश्यकता है। कृषि पशुपालन मत्स्य पालन साथ-साथ करें। नदियों में जल सूख रहा है। यहां डोभा, तालाब को भरा जा रहा है जिसे खाली कर वाटर रिचार्ज करने की आवश्यकता है। किसान सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी लें और लाभ उठाएं। कृषि को सुदृढ करने का कार्य सरकार करेगी।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखवात ने कहा कि किसानों को ज्यादा पैदावार करने और बाजार में उसकी खपत के लिए प्रयास करना चाहिए। समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि उन्हें सुदृढ किया जा सके। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार सबके लिए खुला है। किसान इसका लाभ उठाएं। ऑर्गेनिक खेती करें जिसकी आज बहुत मांग है। टपक सिंचाई का इस्तेमाल कर अपनी उपज बढ़ाएं। आज के कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि आलोक साहू, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो समेत अन्य उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025

# सड़क सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** उपायुक्त के निर्देश पर सड़क सुरक्षा के द्वारा 16 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अवसर पर सिसई बाजार, सिसई ब्लॉक एवं रेडवा बाजार में नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को विशेष जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सिसई बाजार, सिसई ब्लॉक एवं रेडवा बाजार में लगने वाले हाट बाजार में नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन, सड़क दुर्घटना को लेकर किया गया सतर्क नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सबको सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुक किया गया जिसमें हाट बाजार के अधिक से अधिक लोगों में इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को हिट एंड रण स्कीम एवं गुड समेरियटन के बारे में जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा माह 2025 में इस प्रकार के आयोजनों से वैसे



स्थान जहां भीड़ भाड़ वाले हाट बाजार लगते हैं, को चिन्हित कर विभिन्न प्रकार से लोगों में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, और सबको हिट एंड रन और गुड समेरियटन पॉलिसी 2020 के बारे में जानकारी दी जा रही है। समाज के बीच के दायरे को कम करने के उद्देश्य से इस प्रकार का आयोजन बहुत जरूरी है। गोल्डन हावर में किसी भी दुर्घटना पीड़ित को बचाने में सोचें नहीं , पुलिस कभी भी आपको किसी की मदद करने पर परेशान नहीं कर सकती है, ऐसा गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के द्वारा आपको हक मिलता है जिससे पुलिस और अस्पताल आपसे अनावश्यक पूछताछ नहीं कर सकती है। और किसी भी प्रकार के कानूनी प्रक्रियाओं से आप मुक्त रहेंगे । गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के तहत किसी भी दुर्घटना पीड़ित की मदद करने 2000 रुपए से लेकर 5000 रुपए तक आपको सम्मानित किया जाता है। साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है। हेलमेट हमेशा पहन कर चलेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे तो ही आने वाली दुर्घटना को आप टाल सकते हैं , दुर्घटना होने पर व्यक्ति कर सिर ही वैसा अंग है। जिसका इलाज संभव नहीं है ,इसलिए अपने सिर को बचाने के लिए जब भी गाड़ी को चलाने या गाड़ी में बैठने का मौका मिले हेलमेट का उपयोग में बहाना ना बनाये। हेलमेट अवश्य पहने ज्ञात हो सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा 2025 के तहत विभिन्न प्रकार के आयोजनों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# उपायुक्त ने राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय टोटो का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुमला प्रखंड स्थित राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय टोटो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की और विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित किया।

**शैक्षणिक सुविधाओं का जायजा**

उपायुक्त ने विद्यालय में उपलब्ध पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर क्लास, मैट्रिक बोर्ड, प्री-बोर्ड, और ई-विद्या वाहिनी जैसी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे पिछले पांच वर्षों में परीक्षा में आए प्रश्नों का अभ्यास विद्यार्थियों से करवाएं, जिससे उनकी तैयारी सुदृढ़ हो सके।

**विद्यार्थियों के साथ संवाद**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कक्षा 10वीं, 11वीं, और 12वीं के विद्यार्थियों से उनकी परीक्षा की तैयारी के संबंध में बातचीत की और उनकी कठिनाइयों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और जीवन में बड़े सपने देखने का



संदेश दिया। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों के संदेह दूर करने के लिए डाउट क्लास भी लिया।

**शिक्षकों को निर्देशः**

उपायुक्त ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के परिणाम शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मैट्रिक और इंटर के बेहतर परिणाम को लेकर गंभीर है और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## न्यूज बॉक्स

### 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**गुमला।** 16 जनवरी 2025 को गुमला जिला आयुष कार्यालय के सभागार में 100 दिवसीय टीबी (क्षय रोग) उन्मूलन अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी आयुष चिकित्सा पदाधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आयुष पदाधिकारियों और उलड को 100 दिवसीय टीबी अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। इसमें 'निक्षय' पोर्टल में रोगियों का इनरोलमेंट, जांच रिपोर्ट की प्रविष्टि, और टीबी रोगियों की पहचान, उपचार एवं निगरानी की प्रक्रियाएं शामिल थीं। प्रशिक्षण सत्र में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. गणेश राम, पिरामल की डीपीसी रजनी किस्कू, और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के विशेषज्ञ मुकेश कुमार सिंह, अंशु निधि, उदय प्रताप ओहदार, तथा सहयोगी संस्था ळफ के चंद्रकांत पाठक ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने टीबी उन्मूलन के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की और उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

### रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




**गुमला।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा ने अपने 40वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 10 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैसे कुएं में स्थिर पानी गंदा हो जाता है, वैसे ही शरीर में रक्त का नियमित नवीनीकरण आवश्यक है। रक्तदान से न केवल दाता स्वस्थ रहता है, बल्कि यह जरूरतमंदों की जान बचाने में सहायक होता है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रत्येक तीन महीने में रक्तदान करने की अपील की। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन राकेश सिंह, अंजू किंडो, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष समित साबू, सचिव संजीव मालानी, पंकज साबू, अमित मंत्री (गोलू), प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष अंचल अग्रवाल, सचिव ज्योति फोगला, रचना अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन के लिए पीरामल फाउंडेशन का जागरूकता अभियान



**गुमला।** आगामी फाइलेरिया उन्मूलन चक्र को सफल बनाने के उद्देश्य से पीरामल फाउंडेशन, गुमला की टीम द्वारा सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज कार्तिक उरांव कॉलेज, गुमला में छात्रों को फाइलेरिया रोग, उसके बचाव, और उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। फाइलेरिया एक परजीवी जनित रोग है, जो मच्छरों के काटने से फैलता है। यह रोग लसीका तंत्र को प्रभावित करता है, जिससे अंगों में सूजन और विकृति हो सकती है। समय पर उपचार और दवा सेवन से इस रोग से बचाव संभव है। आगामी (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) राउंड 10 फरवरी से 25 फरवरी 2025 के बीच आयोजित होगा। इस दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाएगा, जिससे रोग के प्रसार को रोका जा सके। आग्रह किया गया। उन्हें स्वयं दवा सेवन करने के साथ-साथ अपने परिवार और समुदाय के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। इससे फाइलेरिया उन्मूलन के प्रयासों को बल मिलेगा। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए समुदाय के सभी वर्गों से सहयोग अपेक्षित है। सभी लोगों से अपील की गई है कि वे निर्धारित अवधि में दवा सेवन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि गुमला जिला फाइलेरिया मुक्त हो सके।

### सदर अस्पताल में 108 एंबुलेंस सेवा ठप परिजनों को निजी वाहन से रांची ले जाना पड़ा

**गुमला।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली फिर उजागर हुई है। बुधवार शाम सिसई थाना क्षेत्र के सुपाली गांव निवासी संजय कुमार मिंज को गंभीर हालत में सदर अस्पताल लाया गया। बाइक से गिरने के बाद घायल हुए मिंज को इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया। परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा के लिए संपर्क किया, लेकिन एंबुलेंस चालक ने वाहन की खराब स्थिति का हवाला देकर रांची ले जाने से मना कर दिया। मजबूर होकर परिजनों ने 2600 रुपये खर्च कर निजी वाहन से मरीज को रांची पहुंचाया। चालक ने बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद एंबुलेंस की मरम्मत नहीं हो रही है। सरकार की स्वास्थ्य सेवा के दावे इस घटना से झूठे साबित हो रहे हैं।

### ब्लॉक मोड़ के समीप चलाई गई वाहन जांच अभियान




**लोहरदगा।** ट्रैफिक इंचार्ज शिवशंकर मार्डी द्वारा बुधवार को ब्लाक मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाते हुए बिना हेलमेट के बाइक की सवारी करते और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों वाहन दुर्घटना के प्रति जागरूक किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यातायात नियमो की अनदेखी के कारण ही अधिक दुर्घटनाएं होती है और जानमाल का नुकसान होता है जिससे पूरा परिवार उजड़ जाता है बाल बच्चे अनाथ हो जाते है इसलिए बिना हेलमेट के बाइक चलना निषेध है। मौके पर 20 गाड़ियों को यातायात नियम की अनदेखी करने पर पकड़ा गया था और 10 हजार रुपैया का जुमार्ना वसूला गया। ट्रैफिक इंचार्ज शिवशंकर मार्डी ने कहा की बिना हेलमेट का बाइक नहीं चलाये, ट्रिपल सवारी न चलाएं और चार पहिया गाड़ी में सीट बेल्ट पहन कर ही गाड़ी चलाएं और सबसे जरुरी बात है की शराब का सेवन करके गाड़ी कदापि न चलाएं।

# पहाड़ की तराई में समाधि स्थल पर आयोजित हुआ भंडारा कार्यक्रम



**पहाड़ की बीच घिरा गांव चंदवा गढ़गांव महादेव मंडा पर्यटन स्थल के नाम से प्रसिद्ध है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में पहाड़ की तराई में ग्रामीणों के सहयोग से बाबा रघुनाथ दास के समाधि पर पुष्प अर्पित कर विधिविधान के साथ समस्त ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का कामना किया गया. ग्रामीणों के आपसी सहयोग से भंडारा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम लगतार 15 वर्ष से आयोजित किया जा रहा है. इससे पूर्व में पूजा अर्चना एवं भंडारे का कार्यक्रम पूर्वजो द्वारा आयोजित किया रहा था। परंतु किसी कारण से बीच मे स्थगित हो गया था। जिसको पुनः समाजसेवी त्रिलोकी सिंह भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद एवं जिला के वरिष्ठ पत्रकार दीपक मुखर्जी तथा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आरम्भ किया गया। जो आज भी कायम है। वही ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है।

कि मकर सक्रांति मेला के दूसरे दिन 16 जनवरी को प्रत्येक वर्ष बाबा रघुनाथ दास की समाधि स्थल पर पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया जाता है। गौरतलब हो कि चंदवा गढ़गांव स्थित पहाड़ में 12 सौ फीट ऊंची ऊपर गुफा में स्थित शिवलिंग का दर्शन कर पूजा करने श्रद्धालु भक्तजन पहुंचते हैं।वही बताया जाता है। कि यह स्थल लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव में स्थित है। जिसे प्रखंड व जिला का पर्यटक स्थल के रूप में जाना जाता है। वही इस स्थल को विकसित करने की दिशा में झारखण्ड सरकार का पर्यटन विभाग के द्वारा पहल किया गया था। जो आज तक पूर्ण नही हुआ है। फिलहाल पूर्व की भांति विशेष सुविधा भक्त और पर्यटकों के लिए मुहैया कराया गया है। स्थानीय ग्रामीण नंदगोपाल ठाकुर, रामलाल पाहन,हौडा उरांव, सीताराम मुंडा सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि 12 सौ फीट पगडंडी के रास्ते से गुफा तक पहुंच पूजा अर्चना करते थे।परन्तु जिला प्रशासन के तत्वधान में पर्यटन विभाग के सौजन्य से पथ निर्माण एवं सुन्दरीकरण किया गया है। जिससे पर्यटकों के लिए दूरी कम होने के साथ विशेष सुविधाएं मुहैया कराया गया।

# पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार

**गुमला।** गुमला पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए खोरा गांव के एक पुराने ईंट भट्ठे से 14 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सदर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने खोरा गांव स्थित एक खाली ईंट भट्ठे में छापेमारी की, जहां अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री हो रही थी। मौके से खोरा निवासी संतोष सिंह और सूरज सिंह को गिरफ्तार किया गया। बरामद 14 ग्राम ब्राउन शुगर की बाजार में कीमत लगभग 90,000 रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही, एक लाइटर और इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन भी जब्त की गई है। दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गुमला पुलिस नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और इस दिशा में यह एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।

# पंचायत में ग्राम सभा से पारित योजना का शुभारंभ करें पंचायत सचिव : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में विकास योजना का समीक्षा बैठक किया गया.वही समीक्षा बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि उगरा,झालजमीरा और चितरी डाडू पंचायत में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत ग्राम सभा से चयनित योजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कर सूचना दें।

पंचायत में विकास के साथ साथ मनरेगा कार्य मे अधिक से अधिक स्थानीय मजदुर को काम दें और मजदुरों का समय से मजदूरी भुगतान कराये । इसके अलावे सभी पंचायत में मनरेगा और 15 वीं वित्तीय योजना से काम को जल्द शुरू कराये। साथ ही कहा कि सभी कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण कराये और मनरेगा के तहत कच्ची नाली,टी सी बी,सिंचाई कूप और बागवानी का कार्य में ग्रामीण मजदूरों से ही कार्य कराये। 15 वीं वित्त योजना की राशि से पक्की नाली,पीसीसी पथ,बॉक्स पुलिया बनाने ध्यान दें। जिससे ग्राम पंचायत का विकास हो सके कार्य प्रारम्भ से पूर्व लाभुक समिति का गठन कर योजनाओं को ग्राम सभा से पारित करा कर विभागीय स्वीकृति के बाद ही कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर अंजू कुमारी,डॉली तिर्की,कनीय अभियंता शिव शंकर भगत,नागमनी उरांव,गुहा उरांव, आरती चेरमाको सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 50 दिवसीय डोकरा प्रशिक्षण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के बसिया प्रखंड के रामजरी गांव में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची, झारखंड द्वारा प्रायोजित कौशल उन्नयन योजना के तहत आयोजित 50 दिवसीय डोकरा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस अवसर पर 20 कारीगरों को उन्नत टूल किट प्रदान की गई, जिससे वे अपनी कला को और निखार सकें।

डोकरा कला हमारी समृद्ध परंपरा का प्रतीक है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रशिक्षण के माध्यम से कारीगरों को इस कला में दक्ष बनाया गया, जिससे वे अपनी आजीविका में सुधार कर सकें। समारोह में उपस्थित जिला समन्वयक ने कहा, डोकरा कला न केवल हमारी परंपरा का प्रतीक है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का भी माध्यम है। प्रशिक्षण प्राप्त कारीगर अब अपनी कला को नई ऊंचाई तक ले जाने और इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में सक्षम होंगे। प्रखंड उद्यमी समन्वयक, गंदुर उरांव ने कहा कि उन्नत टूल किट के माध्यम से कारीगर अब डोकरा कला से बनी मूर्तियां, खिलौने एवं अन्य वस्तुओं की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता को और अधिक बेहतर बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल से कारीगरों की आय में वृद्धि होगी और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। कार्यक्रम में प्रखंड उद्यमी समन्वयक, पालकोट और मुखिया पोकता एवं लुंगतू भी उपस्थित रहे। सभी ने कारीगरों को प्रोत्साहित करते हुए डोकरा निर्मित उत्पादों के विपणन और उनके बाजार को विस्तार देने का आश्वासन दिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कारीगरों को उनकी परंपरागत कला में दक्ष बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। उन्नत टूल किट के वितरण से कारीगरों की उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में सुधार होगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

# ऑटो की चपेट में आने से युवक की मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडू झालजमीरा पुल के समीप ऑटो जे एच 08 एच 7847 के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गया है। मृतक की पहचान झालजमीरा ग्राम निवासी विगन लोहरा के 27 वर्षीय पुत्र अजय लोहरा के रूप में किया गया। अजय लोहार एक संबंधी के साथ मोटरसाइकिल जे एच 01टी 1959 से चितरी घाघ मेला देखकर अपने गांव झाल जमीरा जा रहा था तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार व लापरवाही से ड्राइव करते आ रहा ऑटो चालक ने मोटरसाइकिल सवार को अपने चपेट में ले लिया। जिससे अजय लोहरा की मौत घटने स्थल पर हो गया। घटने के संबंध में थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि ऑटो के चपेट में आने से एक की मौत हुआ है और एक घायल हो गया है जिसे अपने वाहन से सदर अस्पताल में भर्ती करवा कर परिजनों को सूचना दिया गया वहीं ए एस आई जमशेद खान शस्त्र बल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पुलिस अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दी।

# सुदूरवर्ती विद्यालय में मध्याह्न भोजन की अव्यवस्था लकड़ी के चूल्हे पर बनता है भोजन, छात्र परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड मुख्यालय से 30 किमी दूर स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय कनारावा में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की अव्यवस्था सामने आई है। गुरुवार को दोपहर 1:30 बजे तक विद्यालय में पढ़ने वाले 350 छात्र-छात्राओं के लिए भोजन तैयार नहीं था। माता समिति की दो रसोइयां लकड़ी के चूल्हे पर चावल पका रही थीं, जिससे उठते धुएं के कारण उनकी आंखों से आंसू बह रहे थे। इस दौरान छात्र-छात्राएं किचन के आसपास भोजन के इंतजार में घूमते नजर आए। रसोइयों ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक उन्हें लकड़ी के चूल्हे पर ही भोजन बनाने का निर्देश देते हैं, जिससे भोजन तैयार करने में काफी देर हो जाती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवराज भगत ने कहा कि विद्यालय दूरस्थ और जंगली इलाके में स्थित है, जिससे गैस सिलेंडर लाने में कठिनाई होती है;



इसलिए लकड़ी का उपयोग किया जाता है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने मध्याह्न भोजन योजना के तहत सभी सरकारी विद्यालयों में गैस की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया है। सुदूरवर्ती इलाकों में गैस की आपूर्ति में कठिनाई होने पर जलावन के लिए कोयला या लकड़ी खरीदने के लिए भी राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसके बावजूद, इस विद्यालय में लकड़ी के चूल्हे पर भोजन पकाने से छात्रों को समय पर भोजन नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

विद्यालय में कक्षा 1 से 10 तक की पढ़ाई होती है, जिसमें कुल 8 शिक्षक नियुक्त हैं। सुदूरवर्ती इलाका होने के कारण कोई पदाधिकारी स्कूल का निरीक्षण नहीं करते हैं। हाल ही में, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए विद्यालय का दौरा किया था।

# सेन्हा के चितरी घाघ मेला में स्नान-ध्यान कर भक्तों ने की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उत्तरायण सूर्य का पर्व मकर संक्रांति सेन्हा प्रखंड के चितरी घाघ में धूमधाम से संपन्न हुआ। सेन्हा प्रखंड के चितरीडांडू कोयल नदी तट पर मकर संक्रांति पर्व के मौके पर बुधवार को चितरी घाघ मेला लगा। प्रकृति की अनुपम छटाओं के बीच यहां के जीवन में सादगी, सच्चाई, सहजता, स्नेह, आपसी प्रेम और भाईचारे को संजोया है। इसका धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व इसलिए है कि नदी उत्तर से दक्षिण की ओर बहकर जाती है। पूरब और पश्चिम में भगवान भोलेनाथ का मंदिर अवस्थित है।

हर धर्म के लोगों की भागीदारी के कारण यह मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक बन गया है। इस ऐतिहासिक चितरी मेला में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग सेन्हा प्रखंड के चितरी गांव स्थित कोयल नदी तट पर पहुंचे। पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने नदियों के बीच चट्टानों पर बैठ पिकनिक का आनंद लिया. लोहरदगा जिले के अलावा अन्य स्थानों से भी लोग पहुंचे थे. मेला में झूले लगाये गये थे, जहां बच्चों ने मस्ती की. मेला में महिलाओं ने जम कर खरीदारी की. हर ओर उत्साह का माहौल नजर आ रहा था. मेले में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये गये थे. जहां पर श्रद्धालुओं ने कोयल नदी में डुबकी लगाकर मकर संक्रांति का पवित्र स्नान करने के बाद नदी के पूर्वी छोर पर स्थित भगवान शिव के मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। बताया गया कि यहां पर ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन इस शिव मंदिर में पूजा करने वाले सभी व्यक्ति की मनोकामना भगवान भोले-शंकर पूरा करते हैं। कोयल नदी तट के पूर्वी छोर के मंदिर के पास कई पाषाण आकृति को लोग प्राचीन मंदिर का अवशेष मानकर श्रद्धा पूर्वक पूजा-अर्चना करते आ रहे है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं ने कोयल नदी में स्नान कर मंदिर में जल अर्पण कर प्रसाद चढ़ाकर दान-पुण्य किया। कोयल नदी तट पर मकर संक्रांति एवं महाशिवरात्रि के दिन हजारों की भीड़ उमड़ती है। मेला आने वाले ज्यादातर लोग घर से खाद्य पदार्थ लेकर आते है और पूजनोपरांत दही-चूड़ा व तिलकुट मिल-बांटकर खाते है। मेला स्थल पर लोगों का आना अहले सुबह से ही शुरू हुआ, जो शाम तक जारी रहा। कोयल नदी के बीचोबीच आड़े-तिरछे चट्टानों पर लगने वाला यह मेला खुद में अनोखा है। आकर्षण व रीझ-रंग से प्रभावित मेले में बच्चों का झूला, रंग-बिरंगे गुब्बारे, फिरकी, युवाओं के लिए तरह-तरह के मनोरंजक खेल, गन्ना एवं तिलकुट की दुकानें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए काफी थे। मेले में भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अनहोनी को लेकर सशस्त्र बल के साथ सेन्हा थाना पुलिस जगह-जगह पर दिखी। इसके साथ जिले की पुलिस सादे लिबास में मुस्तैद नजर आई।





## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस रही मुस्तैद

**(लोहरदगा)।** चितरी घाघ मेला में लोगों की उमड़ी भीड़ को देखते हुए एसपी हारिस बिन जमां ने सुरक्षा के चाक-चौबंध व्यवस्था किए थे। मेला स्थल के साथ-साथ चितरी जाने वाले रास्ते में सशस्त्र बलों के साथ सादे लिबास में महिला व पुरुष बल की तैनाती की गई थी। शस्त्र पुलिस बल द्वारा कोयल नदी के चारों ओर, आवागमन स्थल एवं मेले में भ्रमण कर लगातार सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली जा रही थी। महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटना को रोकने के लिए पुलिस पैनी नजर के साथ पूरी तरह से मुस्तैद नजर आई।

## स्नान व पूजा-अर्चना को उमड़े लोग

**लोहरदगा।** चितरी मेले में पहुंचने वाले लोगों ने कोयल नदी में स्नान कर नदी तट पर स्थित मंदिर में कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना की। मान्यता स्वरूप लोगों ने भोले नाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामना पूरी होने को लेकर प्रार्थना की। सुबह से लेकर देर शाम तक यह दौर चलता रहा।

किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय को लेने से पूर्व आपको मौन में बैठकर, परमपिता से उनके आशीर्वाद के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। तब आपकी शक्ति के पीछे ईश्वर का मन, एवं आपकी इच्छा-शक्ति के पीछे उनकी इच्छा-शक्ति होगी। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**



संपादकीय

## फर्जीवाड़े से भारत की छवि को दागदार बनाने का कुप्रयास

भारत को बदनाम करने के लिए भाजपा के विरुद्ध एक धारणा गढ़ने के लिए जो अस्तित्व में न हो, उसे कल्पित से वास्तविक बनाने के लिए झूठे किस्से गढ़े जाते हैं। फिर उसे सच की तरह दिखने वाली चमकदार पॉलिश की जाती है, ताकि सामान्य आदमी उसे स्थापित सत्य मान ले। जिस चर्चित फातिमा शेख को भारत की पहली मुस्लिम अध्यापिका कहा जाता रहा है, उस शख्सियत का कोई अस्तित्व ही नहीं रहा है। सार्वजनिक संवाद में इस तरह के धोखे अपवाद नहीं हैं। ये विश्वव्यापी टूलकिट का हिस्सा हैं, जो काल्पनिक तथ्यों के आधार पर एक सुनिश्चित नैरेटिव के मायाजाल की रचना करते हैं। पिछली दो शताब्दियों में अर्धसत्य, सफेद झूठ और विकृत तथ्यों पर नैरेटिव गढ़ने की एक विशेष विधा विकसित हुई है, जिसका भारत भी शिकार है।गत दिनों दलित-चिंतक दिलीप मंडल पर सोशल मीडिया में दावा किया कि उन्होंने बिना किसी ऐतिहासिक या पाठ्य-साक्ष्य के फातिमा शेख नामक काल्पनिक चरित्र को गढ़ा था। मंडल का कहना है कि समाज सुधारक ज्योतिराव गोविंदराव फुले (1827-90) और भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले (1831-1901) की रचनाओं में कहीं भी फातिमा शेख जैसा कोई नाम नहीं है, जो शिक्षिका रही हो। बकौल मंडल, संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर ने भी फातिमा का उल्लेख नहीं किया था। अब मंडल ने ऐसा क्यों किया था, यह उन्होंने नहीं बताया। परंतु यह छल संभवतः उस ह्यदलित-मुस्लिम एकता नामक नैरेटिव को तार्किक मजबूती देने का प्रयास था।इस ताजा फजीर्वाड़े के उद्घाटित होने पर ऐसे कई मामले याद आते हैं, जिन्हें खास विचार के टूलकिट और निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु गढ़ा गया था। हैदराबाद विश्वविद्यालय के 26 वर्षीय पीएचडी छात्र रोहित वेमुला ने 17 जनवरी, 2016 को छात्रावास के अपने कमरे में आत्महत्या कर ली थी। तब इस मामले को दलित हत्या का विषय बनाकर भाजपा, आरएसएस और एबीवीपी को कटघरे में खड़ा कर दिया गया था।?यह स्थिति तब थी, जब रोहित अनुसूचित-जाति वर्ग (दलित) से नहीं था। अपनी मौत की सच्चाई को रोहित ने जिस सुसाइड नोट में लिखा था, उसे दबाने का भरसक प्रयास हुआ था। उस चिट्ठी में एक अनुच्छेद लिखकर काटा गया था, जिसमें रोहित ने अपने वामपंथी संगठन से मोहभंग होने की बात कही थी। 23 सितंबर, 1998 को मध्य प्रदेश के झाबुआ में चार ननों से सामूहिक बलात्कार को 'सांप्रदायिक' बना दिया गया था, जबकि यह दो समूहों के बीच आपसी विवाद से जुड़ा मामला था। तब प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने बिना किसी साक्ष्य के इसका आरोप हिंदूवादी संगठनों पर मढ़ दिया। जांच के पश्चात इस अपराध में अदालत द्वारा दोषी वे स्थानीय आदिवासी पाए गए, जिन्हें इंजीलवादी-वामपंथी समूह हिंदू तक नहीं मानते।गुजरात में गोधरा रेलवे स्टेशन के निकट 27 फरवरी, 2002 को जिहादियों ने ट्रेन के एक डिब्बे में 59 कारसेवकों को जिंदा जला दिया था। वर्ष 2004-05 में रेल मंत्री रहते हुए राष्ट्रीय जनता दल के मुखिया लालू प्रसाद यादव ने एक जांच समिति का गठन करके यह स्थापित करने का प्रयास किया कि गोधरा कांड मजहबी घृणा से प्रेरित न होकर केवल हादसा मात्र था। समिति की इस रिपोर्ट को गुजरात उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया, तो कालांतर में अदालत ने मामले में हाजी बिल्ला, रज्जाक कुरकुर सहित 31लोगों को दोषी ठहराया।

# पुष्पाः बागी बनने का आसान फार्मूला

आज की बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

पुष्पाः द राइज, एक ऐसी फिल्म जो न केवल भारतीय सिनेमा में एक नया ट्रेंड सेट कर चुकी है, बल्कि हमारे कॉलेज के छात्रों की सोच और उनके व्यवहार पर भी गहरा असर डाल रही है। इस फिल्म ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई है, बल्कि युवाओं के बीच बागी बनने का एक नया फैशन भी शुरू कर दिया है। चलिए, इस फिल्म के प्रभाव पर एक मजेदार व्यंग्य करते हैं।

कॉलेज के पहले दिन ही, छात्रों की फजीहत शुरू हो गई थी। नई सेमेस्टर की शुरूआत में, सभी छात्र एक दूसरे से मिलते हुए अपने 'बागी' अंदाज में घुस आए। उस दिन क्लास में राजू, जो हमेशा लेट आता था, ने फिल्म के एक्शन सीन की नकल करते हुए कहा, 'मैं झुकेगा नहीं!'

प्रोफेसर शर्मा, जो अंग्रेजी के अध्यापक थे और कक्षा में नियमों के पालन के लिए जाने जाते थे, ने झुंझलाते हुए कहा, ह्लबच्चों, यह क्या बागीपन है? तुम लोगों को पढ़ाई करनी है, फिल्म नहीं देखनी है!

'सर, पढ़ाई तो बोरिंग है। पुष्पा तो बागी बनने का फॉमूर्ला सिखाती है!' सीमा ने चुटकी लेते हुए कहा।

प्रोफेसर शर्मा ने चश्मे के ऊपर से देखते हुए कहा, 'फॉमूर्ला? अगर बागी बनने का इतना ही शौक है, तो क्या तुम लोग अपनी किताबों को छोड़कर जंगल में जाकर लकड़ी काटने लगोगे?'

राजू ने जवाब दिया, ''सर, जंगल में जाने से तो अपनी 'क्लास' भी नहीं मिलेगी। वहाँ तो सब बागी हैं, और हम भी बागी बनकर राज करेंगे!''

''अरे भाई, बागी बनना इतना आसान नहीं है। तुम्हें पढ़ाई करनी होगी, नहीं तो एक दिन बागी बनने के चक्कर में तुम खुद को 'पुष्पा' का फॉलोअर बना लोगे!'' प्रोफेसर ने हंसते हुए कहा।


कक्षा में हंसी का एक ठहाका गूंज उठा। तभी, चंदू, जो हमेशा कुछ नया करने की सोचता था, बोला, ''सर, क्या हम पढ़ाई करते हुए बागी बन सकते हैं? जैसे 'पुष्पा' बागी था, वैसे ही हम भी बागी बनकर अच्छे अंक ला सकते हैं!''

''बागी बनने से अंक नहीं आते, बच्चों। पढ़ाई करने से आते हैं। और अगर तुम्हें बागी बनने का इतना ही शौक है, तो तुम किताबों को बागी बना दो। पढ़ाई की किताबों में से बागियों का डायलॉग निकालो और एक्शन मूवी की स्क्रिप्ट लिखो!'' प्रोफेसर ने व्यंग्य में कहा।

सभी छात्र फिर से हंस पड़े। सीमा ने कहा, ''तो क्या हम 'पुष्पा' की तरह किताबों में खुदाई करें? जैसे वह चोरों से लड़ा, हम किताबों में बैठकर पढ़ाई से लड़ेंगे?''

''बिल्कुल! और अगर तुम्हें किताबें नहीं मिलेंगी, तो तुम अपने से ज्यादा 'बागी' बन जाओगे,'' प्रोफेसर ने कहा।

फिर राजू ने मजाक में कहा, ''सर, अगर हम पढ़ाई नहीं करेंगे, तो क्या हमें भी अपने माता-पिता से भागना पड़ेगा? जैसे 'पुष्पा' अपने परिवार से भागा।''



''हाँ, लेकिन ध्यान रखना, जब तुम भागोगे, तो तुम्हारे माता-पिता तुमसे कहेंगे, 'बेटा, पढ़ाई से भागना ठीक नहीं है, लेकिन बागी बनने में कोई बुराई नहीं!' प्रोफेसर ने मुस्कुराते हुए कहा।

इस तरह, छात्रों ने एक-दूसरे से सलाह-मशविरा करना शुरू कर दिया। चंदू ने कहा, ''क्या तुमने देखा, 'पुष्पा' ने कैसे अपने दुश्मनों को मात दी? हमें भी उसी तरह क्लास में अपनी किताबों के दुश्मनों को हराना होगा!''

सीमा बोली, ''हाँ, लेकिन ध्यान रहे, बागी बनने के लिए हमें अपनी पढ़ाई का भी ध्यान रखना होगा। नहीं तो एक दिन जब हमारी परीक्षा होगी, तब हमें पता चलेगा कि 'पुष्पा' का एक्शन कोई काम नहीं आया!''

राजू ने कहा, ''चलो, फिर हम सब मिलकर एक बागी ग्रुप बनाते हैं। हमारा नाम होगा 'पुष्पा के फॉलोअर्स'। हम पढ़ाई तो करेंगे, लेकिन बागी अंदाज में!''

''और जब हमें क्लास में सवाल पूछे जाएंगे, तो हम 'मैं झुकेगा नहीं' बोलकर सबको चौंका देंगे!'' चंदू ने उत्साहित होकर कहा।

तभी प्रोफेसर शर्मा ने एक और बात जोड़ी, ''लेकिन बच्चों, ध्यान रखना, बागी बनने से तुम्हारे अंक नहीं बढ़ेंगे। अगर तुम पढ़ाई में बागी बन गए, तो तुम्हारे माता-पिता तुम्हें बागी बना देंगे!''

इस बातचीत के बाद, छात्रों ने ठान लिया कि वे पढ़ाई को बागी बनने के तरीके के रूप में लेंगे। लेकिन असलियत में, जब परीक्षा का समय आया, तो सबको एहसास हुआ कि 'पुष्पा' की बागीगिरी केवल फिल्म तक ही सीमित थी। असल जीवन में, पढ़ाई और मेहनत के बिना कुछ नहीं मिलता।

तभी राजू ने हंसते हुए कहा, ''अब समझ में आया, 'पुष्पा' बनना आसान है, लेकिन पढ़ाई करना बहुत कठिन है!''

''सच में! 'पुष्पा' के एक्शन ने हमें एक बागी बनाने की प्रेरणा दी, लेकिन असलियत में हमें पढ़ाई की बागी बनना चाहिए!'' सीमा ने मुस्कुराते हुए कहा।

अलग बात

## कुछ रिश्ते खून से भी बढ़कर होते हैं



डॉ दीपक प्रसाद
रंगकर्मी, निर्देशक
चिंतक, सहायक आचार्य
कार्तिक उरांव
महाविद्यालय, गुमला
रांची विश्वविद्यालय, रांची

रिश्तों की दुनिया केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं होती। कई बार मानवता, आत्मीयता, करुणा, स्नेह और व्यवहारिकता से बने रिश्ते खून के रिश्तों से भी अधिक महत्वपूर्ण और गहरे हो जाते हैं। ऐसे रिश्तों में निहित स्नेह, विश्वास और कर्तव्य भावना उन्हें अनमोल बना देती है। यह विचार केवल आज के समाज में ही नहीं, बल्कि प्राचीन भारतीय दर्शन, संतों की वाणी और ऋषियों के उपदेशों में भी गहराई से प्रतिध्वनित होता है।

भगवद्गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्मयोग का उपदेश देते हुए कहते हैं: ''सर्वभूतेषु येनैकं भावमव्ययमीक्षते। अविभक्तं विभक्तेषु तज्ज्ञानं विद्धि सात्विकम्॥'' (अध्याय 18, श्लोक 20)
इसका अर्थ है कि जो व्यक्ति सभी प्राणियों में एक समान चैतन्य का दर्शन करता है, वही सच्चा ज्ञान है। गीता का यह उपदेश मानवता की भावना को जागृत करता है। यह हमें यह समझने की प्रेरणा देता है कि रिश्तों की गहराई खून से नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति प्रेम, करुणा, और सहायता से होती है। 'विद्या विनय संपन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि। शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥' (अध्याय 5, श्लोक 18)
इस श्लोक का अर्थ है कि जो व्यक्ति सच्चे ज्ञान से युक्त है, वह हर जीव को समान दृष्टि से देखता है। यह उपदेश हमें यह समझने की प्रेरणा देता है कि सच्चा संबंध केवल खून से नहीं, बल्कि समानता, करुणा, और प्रेम की भावना से बनता है।

हमारे जीवन में कई ऐसे लोग आते हैं, जिनसे खून का रिश्ता नहीं होता, लेकिन वे हमारे सुख-दुख के सच्चे साथी बन जाते हैं। मित्रता, गुरु-शिष्य संबंध, समाज सेवा में जुटे लोग, या जरूरत के समय मदद करने वाले अजनबी - ये सभी उदाहरण हैं कि मानवता और व्यवहारिकता से बने रिश्ते खून से परे जाकर महत्व रखते हैं। एक उदाहरण ले सकते हैं कि एक डॉक्टर और उसके मरीज के बीच खून का रिश्ता नहीं होता, लेकिन डॉक्टर की करुणा और समर्पण उसे मरीज के लिए परिवार के सदस्य जैसा बना देता है। इसी प्रकार, जब कोई अनजान व्यक्ति सड़क पर किसी घायल की मदद करता है, तो वह मानवता का एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। आधुनिक युग में जब परिवार छोटे हो गए हैं और लोगों का जीवन व्यस्त हो गया है, तब व्यावहारिकता के आधार पर बने रिश्ते अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। चाहे वह आपका किराएदार हो, मकान मालिक हो या सहकर्मी, पड़ोसी, ड्राइवर, दुकानदार और मित्र ऐसे रिश्ते हैं जो जीवन को सरल और सुंदर बनाते हैं। गीता हमें सिखाती है कि हर व्यक्ति के भीतर ईश्वर का अंश है, और इसी कारण हमें प्रत्येक व्यक्ति के साथ आदर और प्रेमपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। यह दृष्टिकोण हमें खून के रिश्तों से परे जाकर मानवता को अपनाने की प्रेरणा देता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## निजी शिक्षकों पर अविश्वास : क्या शिक्षा क्षेत्र में भेदभाव उचित है?



प्रो. आरके जैन
'अरिजीत', बड़वानी (मप्र)

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में निजी स्कूलों के शिक्षकों को परीक्षा कार्य से दूर रखने का निर्णय शिक्षा जगत में चर्चा का एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। यह फैसला सीधे-सीधे यह सवाल खड़ा करता है कि क्या निजी शिक्षकों की पेशेवर क्षमता पर अविश्वास करना उचित है। शिक्षा का उद्देश्य समानता, पारदर्शिता, और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है, लेकिन इस निर्णय से ऐसा प्रतीत होता है कि यह उद्देश्य कहीं न कहीं पीछे छूट रहा है। शिक्षकों की भूमिका किसी भी शिक्षा प्रणाली में केवल शिक्षण कार्य तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता सुनिश्चित करने में भी समान रूप से महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ऐसे में किसी विशेष वर्ग के शिक्षकों को इस प्रक्रिया से बाहर करना, न केवल उनके योगदान को कम आंकने जैसा है, बल्कि यह निर्णय शिक्षा क्षेत्र में असमानता को भी बढ़ावा देता है।

इस निर्णय के समर्थन में जो तर्क दिए जा रहे हैं, उनमें कहा गया है कि निजी स्कूलों में परीक्षा के दौरान गड़बड़ी की संभावना अधिक होती है। हालांकि, यह धारणा केवल पूर्वाग्रहों पर आधारित है और सभी निजी स्कूलों तथा उनके शिक्षकों को एक ही दृष्टिकोण से देखने की प्रवृत्ति को प्रकट करती है। यह मान लेना कि सभी निजी स्कूल और उनके शिक्षक परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने में सक्षम नहीं हैं, उनके पेशेवर जीवन पर एक गहरी चोट है। शिक्षकों की योग्यता का आकलन उनके प्रदर्शन और जिम्मेदारियों के आधार पर होना चाहिए, न कि इस बात पर कि वे सरकारी स्कूल में कार्यरत हैं या निजी। ऐसा भेदभाव न केवल अनुचित है, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में अव्यवस्था को बढ़ावा देने वाला भी है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि निजी और सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के बीच पहले से ही मौजूद भेदभाव को इस प्रकार के निर्णय और गहरा कर सकते हैं। शिक्षा प्रणाली में पहले से मौजूद खाई को पाटने की बजाय, इस निर्णय से यह खाई और चौड़ी हो सकती है। निजी शिक्षकों को परीक्षा प्रक्रिया से बाहर रखना उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने के साथ-साथ उनके कार्य के प्रति समर्पण को भी कमजोर करता है। इसके परिणामस्वरूप, यह शिक्षा क्षेत्र में प्रेरणा की कमी का कारण बन सकता है, जो अंततः विद्यार्थियों के प्रदर्शन और शिक्षा गुणवत्ता को प्रभावित करेगा। शिक्षा प्रणाली में विश्वास और निष्पक्षता सुनिश्चित करना एक अत्यंत आवश्यक पहलू है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं होना चाहिए कि किसी विशेष वर्ग के शिक्षकों को पूरी प्रक्रिया से बाहर रखा जाए। इसके बजाय, एक ऐसा तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है, जो सभी शिक्षकों को शामिल करते हुए पारदर्शिता को बढ़ावा दे। शिक्षकों को उनकी जिम्मेदारियों से अलग करना समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि यह एक अस्थायी कदम है, जो दीर्घकालिक सुधार की आवश्यकता को टालने जैसा प्रतीत होता है। यदि किसी क्षेत्र में गड़बड़ी की संभावना अधिक है, तो उस क्षेत्र में विशेष निगरानी समितियों का गठन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करना और उनके कार्य के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करना शिक्षा प्रणाली को अधिक सशक्त और पारदर्शी बना सकता है। इस निर्णय का प्रभाव केवल शिक्षकों तक सीमित नहीं है। यह विद्यार्थियों पर भी गहरा असर डालता है। जब विद्यार्थी यह देखते हैं कि उनके शिक्षकों पर विश्वास नहीं किया जा रहा है, तो यह शिक्षा प्रणाली के प्रति उनके मन में नकारात्मक धारणा उत्पन्न करता है। शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच का रिश्ता कमजोर हो सकता है, जो उनकी शिक्षा प्रक्रिया और सीखने की क्षमता को प्रभावित करता है। एक शिक्षक केवल ज्ञान का स्रोत नहीं होता, बल्कि वह अपने विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक और प्रेरणा का स्रोत भी होता है। ऐसे में शिक्षकों की क्षमता और उनके कर्तव्यों पर सवाल उठाना उनके आत्मसम्मान और शिक्षा प्रणाली दोनों को कमजोर करने जैसा है।

यह निर्णय इस सवाल को भी जन्म देता है कि क्या शिक्षा प्रणाली में सभी शिक्षकों को समान अधिकार और जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। क्या शिक्षा का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना नहीं है? यदि हां, तो ऐसे फैसले जो भेदभाव को बढ़ावा देते हैं, शिक्षा के मूल उद्देश्य के विपरीत हैं। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जो समाज में समानता, सहयोग और निष्पक्षता को बढ़ावा देता है। इसलिए, किसी भी निर्णय को लागू करने से पहले यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वह निर्णय इन मूल्यों को कमजोर न करे। शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए शिक्षकों को अलग-थलग करने की बजाय, उनके मुद्दों और समस्याओं को समझना और उनका समाधान निकालना अधिक महत्वपूर्ण है। शिक्षकों को सही प्रशिक्षण देना, उनकी जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना, और परीक्षा प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना ही एक दीर्घकालिक समाधान हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

फेसबुक वॉल से




X से




आज का दोहा

**कलम जिसे लिखती रही, गीतों में भगवान।**
**वह भी अब दिखने लगा, साधारण इंसान॥**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

देश की बात

## कृषि क्षेत्र को नई दिशा देगा हल्दी आयोग का गठन



प्रभुनाथ शुक्ल

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली में हल्दी बोर्ड के गठन की घोषणा की है। गंगा रेड्डी को बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे हल्दी की उन्नतशील खेती में किसानों को जहाँ मदद मिलेगी, दूसरी तरफ वैश्विक बाजार पर भारत का सौ फीसदी कब्जा होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हल्दी उत्पादक और खपत वाला देश है। वैश्विक जरूरत की 70 फीसदी की आपूर्ति भारत करता है। हल्दी के निर्यात को पांच साल में एक बिलियन अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। हल्दी हमारी संस्कृति और संस्कार में बसी है। हमारे यहाँ हल्दी को शुभ माना जाता है। हाथ पीले करने के लिए हल्दी आवश्यक है। कोई भी संस्कार बगैर हल्दी के संम्पन्न नहीं होता। जीवन के आगमन और महाप्रयाण में भी हल्दी का अपना महत्व है। हल्दी आयुर्वेद की सबसे गुणकारी औषधि है, यह एंटीबायोटिक भी है। अब हल्दी की उपज करने वाले भारतीय किसानों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने हल्दी किसानों की 40 सालों से चली आ रही लंबी मांग को मान लिया है। सरकार ने हल्दी आयोग गठित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। बोर्ड का मुख्यालय तेलंगाना के निजामबाद में होगा।



देश के हल्दी किसान जहाँ समृद्ध होंगे वहीं हल्दी निर्यात में भारत का दबदबा होगा। भारत में सबसे अधिक दक्षिण भारत में हल्दी उत्पादन होता है। आयोग के गठन से जहाँ हल्दी की नई-नई प्रजातियों का विकास होगा। इसके अलावा हल्दी का कृषि क्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक होगा। देश के दूसरे हिस्सों में भी शोध के जरिए जलवायु और मिट्टी की गुणवत्ता से हल्दी की नई प्रजाति का विकास कर इसके उत्पादन को और व्यापक बनाया जा सकता है। इससे जहाँ हल्दी के किसानों की आय दोगुनी होगी। देश के तकरीबन 20 राज्यों में व्यापक पैमाने पर हल्दी की खेती होती है। इनमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मेघालय जैसे राज्य शामिल हैं। हल्दी बोर्ड अच्छा उत्पादन देने वाली किस्मों का विकास करेगा। जिसका लाभ देश के किसानों को मिलेगा। हल्दी से कई दवाएं बनती हैं। साथ ही सौंदर्य प्रसाधन में भी हल्दी का प्रयोग होता है। हमारे जीवन में हल्दी का बहुत उपयोग है। निश्चित रूप से हल्दी बोर्ड सरकार के अन्य मंत्रालयों और विभागों से मिलकर हल्दी के निर्यात की रणनीति बनाएगा। भारत ने बीते साल 2023-2024 में 226.5 मिलियन डॉलर की हल्दी का निर्यात किया। कुल 1.62 लाख टन हल्दी और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया गया। बोर्ड के गठन के कृषि वैज्ञानिकों के अनुसन्धान से गुणवता परक हल्दी का निर्यात ग्लोबल स्तर पर होगा। भारत को एक टिकाऊ स्पर्धा का बाजार उपलब्ध कराएगा। इससे जहाँ हल्दी का उत्पादन बढ़ेगा वहीं इसके निर्यात से विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि होगी।

सरकार को परम्परागत कृषि को समृद्ध करने के साथ-साथ औषधीय खेती और दूसरे कृषि उत्पाद पर भी इस तरह के आयोग का गठन करना चाहिए, जिसका प्रभाव दुनिया के कृषि बाजार पर व्यापक होगा। देश का किसान आर्थिक रूप से समृद्ध होगा और भारतीय कृषि उत्पादों का एकाधिकार बढ़ेगा। कृषि के वैश्विक बाजार पर पकड़ बनाने के लिए भारत के पास अपार संभवानाएं हैं। अब सरकार किसानों के लिए कितना कुछ कर पाती है यह उस पर निर्भर है। भारत में गतवर्ष यानी 2023-2024 में 3.05 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में हल्दी की खेती कर 10.74 लाख टन उत्पादन किया गया। हमारे यहाँ हल्दी की तीस प्रजातियों की खेती की जाती है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई थी और इस दौरान उत्पादन 11.61 लाख टन रहा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक हल्दी उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक है और यहां हल्दी की 30 किस्में उपजाई जाती हैं। सरकार को उम्मीद है कि पांच साल यानी 2030 तक हल्दी निर्यात एक बिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगा। केंद्र ने हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है।

दुनिया के हल्दी उत्पादन में भारत अग्रणी है। यहां विश्व के कुल हल्दी उत्पादन का 60 से 70 फीसदी उत्पादन किया जाता है। साल 2022 और 2023 में हल्दी और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया गया, जिससे 207.45 मिलियन अमरीकी डॉलर की आय हुई। भारत के प्रमुख हल्दी आयातकों में अमेरिका, यूएई, मलेशिया और बांग्लादेश शामिल हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नागा साधुओं का जीवन जानने के लिए पांच हजार तक का है टूर पैकेज




**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ कुंभ के अखाड़े व वहां रहने वाले नागा साधुओं, अघोरियों, कल्पवासियों का रहस्यमय जीवन जानने व उनके प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने के लिए उप्र सरकार 2000 से 3500 रुपये में अखाड़ों के सशुल्क दौरे की पेशकश करेगी। इस दौरे में ढाई से पांच घंटे का समय लगेगा जो इस बात पर निर्भर करेगा कि आप कौन सा पैकेज चुनते हैं। जो लोग थोड़ा अलग अनुभव चाहते हैं, वे 5000 रुपए का योग टूर पैकेज या 2500 रुपये प्रति व्यक्ति का फोटोग्राफी पैकेज चुन सकते हैं। महाकुंभ से कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आस्था व अर्थव्यवस्था के बीच संबंध बताते हुए कहा था, 'आस्था से आर्थिक स्थिति तक'। उन्होंने कहा था कि इस आयोजन से राज्य की अर्थव्यवस्था को 2 लाख करोड़ रुपये का बढ़ावा मिलेगा। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार की विभिन्न शाखाएं काम कर रही हैं। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, जिसने पहले कुंभ में 1,296 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से हेलीकॉप्टर यात्रा की बुकिंग शुरू की थी, ने अब तीर्थयात्रियों को सनातन धर्म के अनदेखे पक्ष की झलक दिखाने के लिए ये पैदल यात्राएं शुरू की हैं। सनातन संस्कृति और 13 अखाड़ों के इतिहास में 900 से अधिक स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित किया गया है और पर्यटन प्रदान करने के लिए रजिस्टर किया गया है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार - 'यहां आने वाले कई लोगों को कुंभ या अखाड़ों के बारे में बुनियादी जानकारी नहीं है । हालांकि कई लोग इसे देखना चाहते हैं, लेकिन उनके मन में आशंकाएं हैं। उनके डर को दूर करने और कुंभ में जीवन का अनुभव करने में उनकी मदद करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित गाइड उनकी सहायता करेंगे।' उन्होंने कहा कि ज्यादातर गाइड स्थानीय लोग हैं जिन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। यह पूछे जाने पर कि क्या इससे सरकार को अपना लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी, उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से क्योंकि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। इतिहास में प्रशिक्षित होने के बाद करीब 900 गाइड पहले ही तैनात किए जा चुके हैं। उन्हें उनके मोबाइल नंबर के साथ रजिस्टर किया गया है और अधिकारी भी वहां मौजूद हैं।' अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इन टूर की पेशकश करने के अलावा, पर्यटन विभाग ने कुंभ में विभिन्न स्थानों पर डेस्क स्थापित किए हैं और इन पैकेजों के विवरण के साथ पर्चे वितरित किए हैं। पैकेज में कम से कम 3 से 5 लोगों का समूह होना चाहिए। सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक पांच घंटे के टूर के लिए 3,500 रुपये खर्च करने होंगे। केवल अखाड़ों के ढाई घंटे के छोटे टूर की कीमत 2,000 रुपये है, जबकि नागा साधुओं, अघोरियों या कल्पवासियों के जीवन की झलक दिखाने वाले टूर की कीमत 2,000 रुपये होगी। अधिकारियों ने बताया कि यह टूर सेक्टर 25 स्थित टेंट सिटी से शुरू होगा जबकि ड्रोन और वॉटर लेजर शो निशुल्क रहेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने लगाई संगम में डुबकी, बोले

# महाकुंभ 2025 दे रहा दुनिया को एकता का संदेश...

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ में 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न अखाड़ों का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने न केवल महाकुंभ के धार्मिक महत्व को समझा बल्कि भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं को भी अनुभव किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया, जिससे उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता साक्षात देखने को मिली। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुंभ नगर जरूर आना चाहिए। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिनिधि सैली एल अजाब ने कहा कि वो मध्य पूर्व से भारत आई हैं। यह एक अद्भुत क्षण है। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। यहां सब कुछ पूरी तरह से व्यवस्थित है। उन्होंने महाकुंभ की भव्यता की तारीफ करते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। उन्हें यहां करोड़ों श्रद्धालुओं और उनकी विधिवत सुरक्षा व्यवस्था को देखकर भारतीय संस्कृति की महानता का अहसास हुआ। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने विभिन्न अखाड़ों का भी भ्रमण किया। यहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की और महाकुंभ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जाना। साधु-संतों ने महाकुंभ की प्राचीन परंपराओं, अखाड़ों की भूमिका और भारतीय संस्कृति की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि संतों के विचारों से गहरे प्रभावित हुए और उन्होंने भारतीय धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। महाकुंभ का आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ में भी एकता का प्रतीक है। महाकुंभ के दौरान 10 देशों के 21 प्रतिनिधियों ने इस आयोजन की भव्यता और उसकी वैश्विक पहचान को नजदीक से महसूस किया। महाकुंभ ने दुनिया को यह संदेश दिया कि दुनिया के विभिन्न कोनों से लोग एकत्रित हो सकते हैं, भले ही उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग क्यों न हो। महाकुंभ में फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि पहुंचे हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने महाकुंभ का दौरा करके भारतीय संस्कृति की विविधता और धार्मिक एकता का अनुभव किया। सभी यहां की संस्कृति से अभिभूत नजर आए। उनके लिए यह यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुभव है, बल्कि एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर में हिस्सा लेने का भी एक शुभ अवसर है।



## महाकुंभ की व्यवस्था से श्रद्धालु गदगद, जमकर किया पीएम मोदी और सीएम योगी का गुणगान

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ में चौथे दिन श्रद्धालुओं का उत्साह बरकरार है। देश-दुनिया से लोग यहां आए हुए हैं, जो यहां दैवीय आनंद की अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। कई श्रद्धालुओं ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान अपने अनुभव साझा किए। एक श्रद्धालु अमन वरादे ने कहा, "मैंने बचपन से ही कुंभ के मेले के बारे में सुना था लेकिन, कभी इसमें शामिल होने का मौका नहीं मिला। अब हमें इसमें शामिल होने का मौका मिला है। बहुत अच्छा लग रहा है। सरकार ने महाकुंभ की व्यवस्था जबरदस्त की है। आज हमें इतने सारे सनातनियों को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। इतनी स्वच्छता देखकर सुखद अनुभूति हो रही है। यह अपने आप में अद्भुत है कि 144 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है। श्रद्धालु विजय प्रकाश शर्मा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिल से धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने इतनी अच्छी व्यवस्था कराई। करोड़ों की संख्या में लोग जुटे लेकिन साफ-सफाई इतनी अच्छी रही कि मैं हैरान हूं। यह अपने आप में अद्भुत है कि 144 साल बाद इस तरह का संयोग बना है। मैं यहां आकर मंत्रमुग्ध हो गया। जयपुर से आए श्रद्धालु शिवानंद शर्मा के दिल पर रोशनी में नहाए महाकुंभ नगर की छवि छा गई है। कहते हैं लाइटिंग की व्यवस्था भी बिल्कुल ठीक है। फिलहाल, तो किसी भी श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है। इस बार जिस तरह से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डिजिटल का उपयोग किया गया है, वह अपने आप में अद्भुत है। वहीं, दिल्ली से आए एक श्रद्धालु संजय कुमार ने बताया कि मैं ट्रेन से सफर करके आया हूं। ट्रेन की सुविधा अच्छी रही। हमें टिकट भी आसानी से मिल गई। जब हम यहां पर आए, तो काफी साफ-सफाई देखने को मिली। रास्ते में भी आपको कोई गंदगी देखने को नहीं मिलेगी। यहां पूरा माहौल पूरी तरह से स्वच्छ है। कुल मिलाकर मैं यही कहना चाहूंगा कि सीएम योगी ने बहुत अच्छा तैयार किया है।

## ड्राइविंग लाइसेंस रिव्यू का जिम्मा अब डॉक्टरों को

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में 40 वर्ष की उम्र होने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस को रिव्यू करवाना होता है। अब ड्राइविंग लाइसेंस को रिव्यू कराने के लिए मेडिकल कराने के लिए आवेदन ऑनलाइन करना होगा। परिवहन विभाग ने ये फैसला किया है। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस रिव्यू करने के लिए परिवहन विभाग ने डॉक्टरों को जिम्मेदारी दी है। यानी अब सिर्फ परिवहन विभाग द्वारा चयनित डॉक्टरों द्वारा जारी किए सर्टिफिकेट ही मान्य होंगे। इनके अलावा किसी अन्य डॉक्टर का सर्टिफिकेट मान्य नहीं होगा। बता दें कि मेडिकल सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए यूजर को पहले ऑनलाइन आवेदन के बाद डॉक्टर को विजिट करना होगा। इसके लिए यूजर को अपाइंटमेंट मिलेगा। दरअसल कई ऐसी वेबसाइट भी हैं जो अवैध रुप से बिना जांच किए ऑनलाइन मेडिकल रिपोर्ट जारी की है। इन सर्टिफिकेट को परिवहन विभाग रद्द कर रहा है। बता दें कि मेडिकल सर्टिफिकेट की जांच के लिए परिवहन विभाग की ओर से दो सदस्यों की जांच टीम बनाई गई है। इस टीम के जरिए सीनियर अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी और जांच कराई जाएगी। गौरतलब है कि मेडिकल सर्टिफिकेट 40 वर्ष की उम्र के बाद लाइसेंसे रिन्यूअल के दौरान लगता है। इसके अलावा 50 वर्ष की उम्र में भी नया लाइसेंस बनवाने के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट की जरुरत होती है। अब इन सर्टिफिकेट को जारी करने का अधिकार जिला अस्पताल के चार डॉक्टरों को ही दिया गया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें।

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनै-शनै बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान-पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी।

**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी।

### केजरीवाल के हलफनामे पर भाजपा का सवाल

# बिना किसी अन्य स्रोत के कैसे बढ़ गई 40 फीसदी आय?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

● 2014-15 से अरविंद केजरीवाल अपने आय स्रोत को विधायक पारिश्रमिक के रूप में दिखाते हैं



● 2014-15 में 7 माह सामान्य विधायक रहे तो उन्हे 55,000 रूपए का वेतन एवं भत्ते मिले होंगे

● 17 सितम्बर 2015 के बाद से फिर उन्हे सामान्य विधायक का 90,000 रूपए वाला वेतन मिल रहा होगा

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया, जिसमें उन्होंने अपने परिवार की कुल संपत्ति 4.2 करोड़ रुपये घोषित की। 2020 में, केजरीवाल ने 3.4 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की थी, जो 2015 से 1.3 करोड़ रुपये की मामूली वृद्धि थी। 2015 में केजरीवाल की कुल संपत्ति 2.1 करोड़ रुपये थी। चुनाव आयोग (ईसी) को सौंपे गए केजरीवाल के हलफनामे के अनुसार, केजरीवाल के पास कुल 3,46,849 रुपये की चल संपत्ति है, जिसमें 50,000 रुपये नकद शामिल हैं। उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल के पास 1,00,89,655 रुपये की चल संपत्ति है, जिसमें 42,000 रुपये नकद शामिल हैं। उनकी अचल संपत्ति 1.7 करोड़ रुपये की है।

हलफनामे में यह भी खुलासा हुआ कि केजरीवाल के पास कोई घर या कार नहीं है। हालांकि, इसको लेकर सियासत तेज हो गई है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि 2014-15 से, अरविंद केजरीवाल अपने आय स्त्रोत को विधायक पारिश्रमिक के रूप में दिखाते हैं। बिना किसी अन्य स्त्रोत के 2020-21 में उनकी आय 40% कैसे बढ़ गई। ये पैसा कहां से आया? उन्होंने कहा कि 2020-21 वह समय था जब लोग कोविड के कारण घर पर थे, वे उस समय लोगों की जान बचाने में लगे हुए थे। उस समय आप और आपके 'शराब' मंत्री दिल्ली की शराब नीति बना रहे थे।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की फरवरी 2023 में वेतन भत्ते वृद्धि से पूर्व में दिल्ली में तत्कालीन मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल को 72,000 रूपए प्रति माह मिलता होगा जो वृद्धि के बाद 1,70,000 रूपए प्रति माह मिला होगा। इसी तरह जब वह पूर्व में 2014-15 में 7 माह सामान्य विधायक रहे तो उन्हे 55,000 रूपए का वेतन एवं भत्ते मिले होंगे। अब 17 सितम्बर 2015 के बाद से फिर उन्हे सामान्य विधायक का 90,000 रूपए वाला वेतन मिल रहा होगा। इस हिसाब से चलते हुए हम देखें तो अरविंद केजरीवाल के 2013-14 से 2024-25 तक की जो बेसिक बिना भत्ता आय भी बनती है वह उनके द्वारा कल 15 जनवरी 2025 को नामांकन पत्र दायर करते हुए जो हालफनामा दायर किया है उसमें दिए विवरण से मेल नही खाती। उन्होंने कहा कि इस हिसाब से चलते हुए हम देखें तो अरविंद केजरीवाल के 2013-14 से 2024-25 तक की जो बेसिक बिना भत्ता आय भी बनती है वह उनके द्वारा कल 15 जनवरी 2025 को नामांकन पत्र दायर करते हुए जो हालफनामा दायर किया है उसमें दिए विवरण से मेल नही खाती। वर्ष 2014-15 में जब उनकी विधायक आमदानी 3 माह बंद थी उस वर्ष उनकी सामान्य आय से कहीं अधिक है। इस वर्ष उन्होने आय 7,42,884 दिखाई है। 2015-16 वर्ष में जब 30,000 के बेसिक एवं 72,000 रूपए प्रति माह उनका भत्ते सहित वेतन था उस वर्ष उन्होने अपनी वार्षिक आय मात्र 2,46,946 रूपए बताई है। लगभग इतनी ही आय उन्होने 2016-17, 2017-18 एवं 2018-19 में भी दिखाई है। फिर वर्ष 2019-20 में अचानक उनकी आय घट कर 1,57,823 रूपए रह गई।

### मनाली में बर्फबारी के बीच मस्ती करते नजर आए पर्यटक

# पुलिस ने लाहौल आने वाले सैलानियों के लिए जारी की एडवाइजरी

● मनाली में बर्फबारी का मजा लेने के लिए पर्यटक सोलंग नाला, अटल टनल का भी रुख कर रहे हैं।

**एजेंसी। मनाली**



हिमाचल प्रदेश में गुरुवार को ऊपरी इलाकों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश हो रही है। इस बीच लाहौल स्पीति पुलिस ने लाहौल आने वाले पर्यटकों व स्थानीय लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश में आगामी चार दिनों तक खराब मौसम रहने की चेतावनी दी गई है। कुल्लू, मनाली और लाहौल स्पीति में भी बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। मनाली में बर्फबारी के बीच पर्यटक मस्ती कर रहे हैं। मनाली में बर्फबारी का मजा लेने के लिए पर्यटक सोलंग नाला, अटल टनल का भी रुख कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, अभी मनाली में बर्फबारी कम है। यदि बर्फबारी ज्यादा होती है तो मनाली पुलिस पर्यटकों की आवाजाही को रोक देगी। इस बीच लाहौल स्पीति पुलिस ने लाहौल आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। लाहौल पुलिस ने पर्यटकों और आमजन से अपील की है कि घाटी में बर्फबारी तेज हो गई है। ऐसे में भी आवश्यक कारणों के चलते ही अपने घरों से निकले। वहीं, अगर कोई पर्यटक या वाहन चालक बर्फ के बीच फंस जाता है, तो वह तुरंत पुलिस प्रशासन से संपर्क करें। ताकि समय पर उसे मदद दी जा सके।

बता दें कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, गुरुवार को लाहौल स्पीति, किन्नौर, कांगड़ा, शिमला, कुल्लू और चंबा की ऊंची चोटियों पर अच्छी बर्फबारी की आशंका जताई है। आने वाले चार दिनों तक चंबा, किन्नौर और लाहौल स्पीति में बर्फबारी होने की संभावना है।

वहीं, मौसम विभाग ने ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी, सोलन और सिरमौर जिले में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है।

बता दें कि किसानों को जनवरी में बारिश और बर्फबारी का इंतजार रहा है। मौसम विभाग ने 20 जनवरी तक हिमाचल प्रदेश में मौसम खराब रहने की आशंका जताई है। ऐसे में निचले क्षेत्रों तक फिर बर्फबारी देखने को मिल सकती है, जिससे किसानों को राहत मिलेगी और सीजन में फसल भी बेहतरीन होने की उम्मीद है।

## पांच लाख के इनामी नक्सली कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

**कोंड़ागांव।** छत्तीसगढ़. के कोंड़ागांव में टेक्निकल टीम एरिया कमेटी कमाण्डर के रूप में नक्सली संगठन में सक्रिय पांच लाख के इनामी नक्सली कमाण्डर गिंजरू राम उसेण्डी ने गुरुवार को आत्मसर्पण किया है। इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोंड़ागांव में जिला कोणडागांव, कांकेर, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा व बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय एवं उत्तर बस्तर डिविजन अंतर्गत टेक्निकल टीम एरिया कमेटी कमाण्डर के रूप में काम कर रहे 45 वर्ष नक्सली संगठन में सक्रिय पांच लाख इनामी नक्सली कमाण्डर गिंजरू राम उसेण्डी उर्फ कमलदास उसेण्डी निवासी ग्राम राये थाना आमाबेड़ा, जिला कांकेर ने कोंड़ागांव एसपी वाय अक्षय कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उसे प्रोत्साहन राशि 25 हजार रुपये प्रदाय किया गया। इसके अतिरिक्त शासन की पुनर्वास नीति के तहत अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। राज्य में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत समय-समय पर सुरक्षा बल नक्सल प्रभावित ग्रामों में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रदाय सुविधाओं के लाभ की जानकारी बैनर/पोस्ट/पाम्पलेट आदि के माध्यम से अवगत कराते रहते हैं।

## मिल्कीपुर की जनता राम विरोधियों के विरोध में जाएगी : भूपेंद्र चौधरी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का कहना है कि अयोध्या में मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव में पार्टी के उम्मीदवार की जीत होगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मिल्कीपुर की जनता राम विरोधियों के विरोध में जाएगी। अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में गुरुवार को सात मंत्री और खुद प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे। गुरुवार को मिल्कीपुर सीट से भाजपा उम्मीदवार चंद्रभानु के नामांकन से पहले प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत की। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि चुनाव एक सामान्य परिवार की विचारधारा से भगवान श्री राम के सेवक के रूप में चंद्रभानु पासवान का भगवान श्रीराम के मंदिर पर कारसेवकों का नरसंहार करने वाले समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के बीच है। मुझे विश्वास है मिल्कीपुर की जनता हमारे साथ खड़ी होगी, राष्ट्रवादियों के साथ खड़ी होगी और परिवार विरोधियों तथा राम विरोधियों के विरोध में जाएगी। बता दें कि चंद्रभानु पासवान के नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने मिल्कीपुर में एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "जनपद अयोध्या में मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव 2025 के लिए भाजपा प्रत्याशी चंद्रभान पासवान के नामांकन सभा में सम्मिलित हुआ।

## दिल्ली चुनाव में आप को समर्थन का मतलब कांग्रेस का विरोध नहीं : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का दलि्ली में आप को समर्थन का मतलब यह नहीं है कि हम कांग्रेस के विरोध में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी चुनावी लड़ाई में नजर आ रही है। इंडिया गठबंधन में पहले भी इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है कि जो क्षेत्रीय दल जहां मजबूत होगा, वहां उसको समर्थन दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले की निंदा करते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि सैफ अली खान जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। इसके पीछे क्या कारण है और किस कारण से यह हुआ, ये जांच का विषय है। मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि वहां हमारा प्रत्याशी पीडीए का प्रतिनिधि है। मुझे उम्मीद है कि चुनाव आयोग पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराएगा। मिल्कीपुर की जनता ने भाजपा को हराने का मन बना लिया है। किसान, महिला और व्यापारी भाजपा को हराने जा रहे हैं। पीडीए का उम्मीदवार जनता की पहली पसंद है। यह चुनाव भाजपा के लिए सबक होगा।

## ड्रग्स तस्करों से मिलीभगत के आरोप में बंजरिया थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान निलंबित

**पूर्वी चंपारण।** एसपी स्वर्ण प्रभात ने बंजरिया थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान को निलंबित कर दिया है।बताया गया है,कि निलंबित थानेदार जो स्वयं वादी होने बाबजूद ट्रायल के दौरान NDPS एक्ट के अभियुक्त को पहचानने से इनकार कर दिया। इस मामले में सरकारी वकील के रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने डीएसपी मुख्यालय को जांच का निर्देश दिया,जिन्होने जांचोपरांत इस मामले की रिपोर्ट सौपी है। जिसके बाद थानेदार को निलंबित किया गया।साथ ही एसपी ने थानेदार के विरुद्ध शराब माफिया व ड्रग्स तस्करो से मिलीभगत होने की जांच का भी आदेश दिया है। जहां इंद्रजीत पासवान थानेदार के रूप में पदस्थापित थे। हालांकि डेढ वर्ष के भीतर न्यायालय में ट्रायल के दौरान उन्होंने अभियुक्त को पहचानने से मना कर दिया।एसपी स्वर्ण प्रभात की इस कारवाई के बाद ट्रायल के दौरान अभियुक्त से मोटी रकम लेकर होस्टाइल होने वाले पुलिस पदाधिकारियो में हडकंप व्याप्त है।एसपी ने कहा है,कि शराब माफिया व ड्रग्स तस्करो से मिलीभगत करने वाले सभी थानेदारो की संपत्ति की जांच कर समुचित कारवाई की जाएगी।



# मैदान में वापसी के लिए तैयार शिखर धवन

नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय क्रिकेट के पूर्व स्टार शिखर धवन फरवरी 2025 में होने वाली लीजेंड 90 लीग में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। धवन, जो इस लीग में दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, ने टीम के मनोबल को बढ़ाते हुए आगामी सीजन के लिए अपनी तैयारियों पर भरोसा जताया। धवन ने कहा, लीजेंड 90 लीग के इस सीजन में मैं दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलूंगा। मैदान पर अपने फॉर्म को दिखाने और हर पल को यादगार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। इतने समय बाद प्रशंसकों से मिल रहे प्यार के लिए मैं दिल से आभारी हूं।

## दिल्ली रॉयल्स की नई ताकत

हाल ही में खत्म हुए खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में दिल्ली रॉयल्स ने कई दिग्गज और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। इन खिलाड़ियों में वेस्ट इंडीज के जेरोम टेलर और दिनेश रामदीन, श्रीलंका के दनुष्का गुनाथिलका, और भारत से सुमित नरवाल, परविंदर अवाना, शरद लुंबा, लखविंदर सिंह, तथा राजविंदर सिंह शामिल हैं। दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर के साथ इन खिलाड़ियों के आने से टीम का संतुलन और भी मजबूत हुआ है। टीम के मालिक और उत्तर भारत के अग्रणी हॉस्पिटैलिटी ब्रांड मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंदर कादयान ने कहा, इन नए खिलाड़ियों के शामिल होने से हमारी टीम की गहराई और ताकत में जबरदस्त इजाफा हुआ है। दिग्गज अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों का यह मेल हर चुनौती के लिए तैयार है।

## लीग का रोमांचक प्रारूप

लीजेंड 90 लीग, 90 गेंदों का एक तेज-तर्रार फॉर्मेट है, जिसमें कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एक साथ खेलते नजर आएंगे। यह लीग उनके लिए एक उत्सव है, जो उन्हें अपने सुनहरे दिनों को दोबारा जीने का मौका देती है। पिछले महीने टीम ने अपने लोगो का अनावरण किया था, जो एक ढाल और कवच के प्रतीक के साथ उनकी ताकत, एकजुटता और वीरता को दशार्ता है।

# स्वीयाटेक तीसरे राउंड में, राडुकानू से भिड़ेंगी



मेलबर्न(आईएएनएस)। इगा स्वीयाटेक ने गुरुवार को स्लोवाकिया की रेबेका स्रामकोवा को 6-0, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अपेक्षाकृत हल्की और हवादार परिस्थितियों में, स्वीयाटेक ने 16 विनर्स लगाए और 14 अनफोर्स्ड एरर किए और उन्हें ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कोर्ट पर दबदबा बनाया और 26 रैलियों में से 20 में जीत हासिल की, जो पांच शॉट या उससे अधिक समय तक चलीं।


स्वीयाटेक ने कहा, मैंने आज वास्तव में ठोस महसूस किया। यह वास्तव में एक कुशल खेल था। मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा क्योंकि कभी-कभी आपको लगता है कि यह थोड़ा आसान लगता है और यह बाद में समस्या पैदा कर सकता है क्योंकि आपका ध्यान भटक सकता है, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा और मैं ठोस थी।"

स्वीयाटेक ने अब ग्रैंड स्लैम में पहले दो राउंड में अपने पिछले 40 मैच जीते हैं। स्रामकोवा के खिलाफ उनका पहला सेट 2020 की शुरूआत से ग्रैंड स्लैम में उनका 24वां 6-0 सेट है। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, आर्यना सबालेंका नौ सेट के साथ इस अवधि में अगली सर्वश्रेष्ठ हैं।

तीसरे दौर में स्वीयाटेक 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू से भिड़ेंगी। राडुकानू अमांडा अनिसिमोवा के खिलाफ दूसरे दौर में एक कठिन ड्रॉ से गुजरीं, दोनों सेटों में ब्रेक डाउन से वापस आकर 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की और पहली बार मेलबर्न पार्क में तीसरे दौर में जगह बनाई।

### बल्लेबाजी कोच बनने के लिए उपलब्ध हैं केविन पीटरसन

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने भारतीय पुरुष टीम के सहायक स्टाफ में बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल होने में रुचि दिखाई है। यह



घटनाक्रम उन खबरों के बीच हुआ है, जिनमें कहा गया है कि भारत अपने मौजूदा सहायक स्टाफ में बल्लेबाजी कोच जोड़ने पर विचार कर रहा है। फिलहाल गौतम गंभीर मुख्य कोच हैं, अभिषेक नायर और रेयान टेन डेशकाटे सहायक कोच हैं, जबकि मोर्न मोर्कल और टी. दिलीप क्रमशः गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच हैं।

### कर्नाटक पांचवी बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में

वड़ोदरा। देवदत्त पड़िक्कल और अभिलाष शेट्टी के प्रदर्शनों की बदौलत कर्नाटक सेमीफाइनल में हरियाणा को पांच विकेट से हराकर पांचवीं बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गया है। वड़ोदरा में पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की पूरी टीम 50 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 237 रन बना पाई और हरियाणा को इस स्कोर पर रोकने में सबसे अहम भूमिका बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अभिलाष शेट्टी ने निभाई जिन्होंने 10 ओवर में महज 34 रन देकर चार विकेट झटके।

# पीवी सिंधु और किरण जॉर्ज इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में

- भारतीय शटलर ने मैच की शुरूआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा और ब्रेक तक 11-6 की बढ़त के साथ आगे बढ़ी।
- दूसरे गेम में 11-2 की बढ़त बना ली। उन्होंने 21-13 से गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया



**21-15, 21-13 से हराया।**

नई दिल्ली (आईएएनएस)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने गुरुवार को जापान की मनामी सुइजू पर दूसरे दौर की जीत के साथ इंडिया ओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 29 वर्षीय विश्व नंबर 14 सिंधु ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में 46 मिनट तक चले मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को 21-15, 21-13 से हराया। भारतीय शटलर ने मैच की शुरूआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा और ब्रेक तक 11-6 की बढ़त के साथ आगे बढ़ी। उन्होंने बढ़त का फायदा उठाया और गेम 21-15 से समाप्त किया। दूसरे गेम में, हैदराबाद में जन्मी सिंधु ने पूरी ताकत लगाई और जापानी खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। शादी के बाद पहली बार खेल रहीं सिंधु ने पूरी ताकत से खेलते हुए दूसरे गेम में 11-2 की बढ़त बना ली। उन्होंने 21-13 से गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूनार्मेंट के अंतिम आठ में जगह बना ली। सिंधु ने मैच के बाद कहा, मैं पहली बार उनके साथ खेल रही थी और कुछ लंबी रैलियां थीं और मैं इसके लिए तैयार थी। मुझे खुशी है कि मैं अपना 100 प्रतिशत दे पाई। अब मुझे कल के लिए वापसी करनी है और मजबूत होकर वापसी करनी है। सिंधु का अगला मुकाबला शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग से होगा। इससे पहले दिन में भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने फ्रांस के विश्व नंबर 38 एलेक्स लैनियर के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय शटलर ने फ्रांस के नंबर 1 खिलाड़ी को 46 मिनट में 22-20, 21-13 से हराया। जॉर्ज अब शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में चीन के वेंग होंगयांग से भिड़ेंगे। इस बीच, तनिषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय महिला युगल जोड़ी को राउंड ऑफ 16 में जापान की युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो के खिलाफ 9-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

> मुझे खुशी है कि मैं अपना 100 प्रतिशत दे पाई।

## आईपीएल 2025 के तुरंत बाद इंग्लैंड के दौरे पर जाएगी इंडिया-ए टीम



नई दिल्ली (आईएएनएस)। जून में होने वाले भारत के इंग्लैंड टेस्ट दौरे पर अपना दावा पेश करने के लिए युवा भारतीय खिलाड़ियों के पास एक बेहतरीन मौका होगा। इंडिया ए की टीम आईपीएल 2025 समाप्त होने के तुरंत बाद इंग्लैंड लायंस की टीम से तीन 4-दिवसीय मैचों का मुकाबला करने के लिए इंग्लैंड के दौरे पर जाएगी। यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी निश्चित तारीखों का ऐलान बाकी है। 25 मई को आईपीएल का फाइनल मुकाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज की शुरूआत होगी। भारत के बल्लेबाज टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। भारत को जिस तरह से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से मात मिली है, ऐसा हो सकता है कि कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी भी इस इंडिया ए के दौरे पर जाएं। भारत-इंग्लैंड वनडे सीरीज शुरू होने से पहले एक रणजी ट्रॉफी मुकाबला है, जहां ये बल्लेबाज लाल गेंद की क्रिकेट में अपना हाथ आजमा सकते हैं। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई ने अपने बल्लेबाजों को कहा है कि वह इस सीरीज को

### संन्यास लेने के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा हूं : ख्वाजा

नई दिल्ली,(आईएएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनमें टीम के लिए योगदान देने की भावना रहेगी, तब तक वह टेस्ट मैच खेलते रहेंगे। 38 वर्षीय ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 की जीत में यादगार प्रदर्शन नहीं किया, उन्होंने पांच मैचों में 20.44 की औसत से 184 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 57 रन रहा। ख्वाजा ने एसईएन रेडियो से कहा, मैं इसे श्रृंखला दर श्रृंखला देख रहा हूं। मुझे अभी भी लगता है कि मैं योगदान दे रहा हूं; हम मैच जीत रहे हैं; हम लगभग तीन वर्षों से दुनिया की नंबर एक टीम हैं।

### आकाश दीप ने टीम में दरार की रिपोर्टों को खारिज किया

नई दिल्ली। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दौरान टीम के भीतर दरार की ओर इशारा करने वाली रिपोर्टों पर विचार करते हुए, भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसे कारक वास्तव में टीम की एकता को प्रभावित नहीं करते हैं क्योंकि खिलाड़ी अपने ऑन-फील्ड प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 184 रनों की बड़ी हार के बाद, भारतीय ड्रेसिंग रूम में बेचैनी की खबरें सामने आईं, जिसमें दावा किया गया कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपने भाषण में कहा, 'बहुत हो गया' (मुझे बहुत हो गया), ड्रेसिंग रूम का माहौल 'आदर्श से बहुत दूर' था।

## भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए आयरलैंड पर जुर्माना



नई दिल्ली(आईएएनएस)। आयरलैंड पर राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में भारत के खिलाफ हाल ही में संपन्न सीरीज के तीसरे और अंतिम वनडे के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक बयान में कहा कि खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाता है। यह आरोप मैदानी अंपायर किम कॉटन और अक्षय टोट्रे, तीसरे अंपायर वीरेंद्र शर्मा और चौथे अंपायर वृंदा राठी द्वारा लगाया गया था। आईसीसी के मैच रेफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल के मैच रेफरी जी एस लक्ष्मी ने आयरलैंड पर यह जुर्माना लगाया।



# भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ बंद




मुंबई(आईएएनएस)। भारत के घरेलू बेंचमार्क सूचकांक गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुए। अदाणी पोर्ट्स टॉप गेनर्स की लिस्ट में शामिल रहा। सेंसेक्स 318.74 अंक या 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,042.82 पर बंद हुआ और निफ्टी 98.60 अंक या 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,311.80 पर बंद हुआ। अदाणी पोर्ट्स 22.85 रुपये या 2.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,151 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। जानकारों के अनुसार, "अमेरिका में मुद्रास्फीति के हल्के आंकड़ों के बाद निवेशकों की सकारात्मक भावना के कारण बेंचमार्क इंडेक्स सकारात्मक रूप से कारोबार करते रहे, जिसने फेडरल रिजर्व द्वारा संभावित दर कटौती की उम्मीदें जगाई।" इसके अलावा, इजरायल-हमास युद्धविराम में अनुकूल घटनाक्रम और व्यापार घाटे में कमी ने बाजार को ऊपर की ओर गति को और बढ़ावा दिया।

# इस साल भारत में इंटरनेट यूजर्स की संख्या पहुंचेगी 900 मिलियन के पार

नई दिल्ली(आईएएनएस)। डिजिटल कंटेंट के लिए इंडिक भाषाओं के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से भारत में इंटरनेट यूजर बेस 2025 तक 900 मिलियन को पार कर जाएगा। गुरुवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भारत में एक्टिव इंटरनेट यूजर्स की संख्या 2024 में 886 मिलियन तक पहुंच गई, जो सालाना आधार पर 8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि को दशार्ता है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) और कंतार की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण भारत इस मामले में पीछे नहीं है। 488 मिलियन यूजर्स के साथ वह काफी आगे है और कुल इंटरनेट आबादी का 55 प्रतिशत हिस्सा यहां बसता है। लगभग सभी इंटरनेट यूजर्स (98 प्रतिशत) ने इंडिक भाषाओं में कंटेंट का इस्तेमाल किया, जिसमें तमिल, तेलुगू और मलयालम अपनी व्यापक उपलब्धता के कारण सबसे लोकप्रिय बनकर उभरे। रिपोर्ट के अनुसार, शहरी इंटरनेट यूजर्स में से आधे से अधिक (57 प्रतिशत) क्षेत्रीय भाषाओं में कंटेंट का उपभोग करना पसंद करते हैं, जो विभिन्न

### एआई साबित होगा 'गेमचेंजर'



प्लेटफार्मों पर स्थानीय भाषा के कंटेंट की बढ़ती मांग को दशार्ता है। पिछले एक साल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (एआई) एक महत्वपूर्ण गेम चेंजर के रूप में उभरा है। 10 में से नौ इंटरनेट यूजर्स ने एम्बेडेड एआई क्षमताओं वाले ऐप्स का प्रयोग किया है। कंतार इनसाइट्स-दक्षिण एशिया के निदेशक बीटूबी और प्रौद्योगिकी, बिस्वप्रिया भट्टाचार्य ने कहा, एआई को लेकर व्यापक स्वीकृति और उत्साह डिजिटल कंपनियों को भारत में अगली पीढ़ी के एआई फीचर पेश करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

# भारत 'दुनिया का जीसीसी कैपिटल' बनने के लिए पूरी तरह तैयार

नई दिल्ली(आईएएनएस)। सरकार ने गुरुवार को कहा कि भारत 1,700 वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के साथ दुनिया का जीसीसी कैपिटल बनने के लिए तैयार है, जिसमें दो मिलियन से अधिक लोग काम करेंगे। यह संख्या 2030 तक तेजी से बढ़ने का अनुमान है। जीसीसी एआई, डेटा एनालिटिक्स, रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन, डिजिटल कॉमर्स, साइबर सिक्योरिटी, ब्लॉकचेन, ऑगमेंटेड रिएल्टी और वर्चुअल रिएल्टी जैसी उभरती टेक्नोलॉजी को अपनाने में अग्रणी हैं। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के अनुसार, शिक्षा और रोजगार में तालमेल बिठाने के लिए 'स्किल डेवलपमेंट' हमारे प्रयासों के मूल में होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, इनोवेशन को बढ़ावा देने, उत्पादकता बढ़ाने और कार्यबल के लिए व्यक्तियों को तैयार करने के जरिए, हम नौकरियां पैदा कर रहे हैं और ग्लोबल टैलेंट हब का निर्माण कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूत कर, हम भारत की अनूठी जरूरतों के अनुरूप कौशल मॉडल बना सकते हैं।

> **शिक्षा और रोजगार में तालमेल बिठाने के लिए 'स्किल डेवलपमेंट' हमारे प्रयासों के मूल में होना चाहिए**
> डॉ. मनसुख मांडविया



**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा के अनुसार, तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में सफल होने के लिए, तीन प्रमुख प्रश्न उभरे हैं।**

**तीन प्रश्न हैं**

- हम तेजी से टेक-संचालित जॉब मार्केट में आगे बढ़ने के लिए डिजिटल रूप से कुशल वर्कफोर्स कैसे विकसित कर सकते हैं?
- हम वास्तव में इंक्लूसिव वर्कफोर्स बनाने के लिए कौन सी रणनीति अपना सकते हैं, जहां विविधता को महत्व दिया जाता है और सभी को समान अवसर दिए जाते हैं?
- इसके अलावा, जैसा कि उद्योग पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता देते हैं, हम अपने वर्कफोर्स कल्चर में इको-फ्रेंडली प्रैक्टिस और वैल्यू को कैसे इंटीग्रेट कर सकते हैं?

# 81 प्रतिशत भारतीय कंपनियों को पसंद आई पीएम इंटर्नशिप स्कीम




नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम का 80 प्रतिशत से अधिक भारतीय कंपनियों ने समर्थन किया है। अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) पहलों को इस स्कीम के साथ जोड़ा है। यह जानकारी गुरुवार को एक रिपोर्ट में दी गई।

टीमलीज एडटेक की रिपोर्ट में कहा गया कि 932 कंपनियों से प्राप्त जानकारियों से पता चलता है कि भारत में युवाओं के लिए कौशल अंतराल को पाटने और रोजगार क्षमता को बढ़ाने में इंटर्नशिप की बड़ी भूमिका है। रिपोर्ट में बताया गया कि 76 प्रतिशत से ज्यादा कंपनियां अपने इंटर्नशिप कार्यक्रमों में टेक्नोलॉजी से जुड़े रोल को प्राथमिकता दे रही हैं, जो उभरती हुई मांगों को पूरा करने के लिए डिजिटल रूप से कुशल प्रतिभाओं पर उद्योग के फोकस को दशार्ता है। इसके अलावा 73 प्रतिशत कंपनियां अपने इंटर्न में से कम से कम 10 प्रतिशत को कर्मचारियों के रूप में नियुक्त करने का इरादा रखती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस योजना को काफी समर्थन मिल रहा है और 81 प्रतिशत कंपनियां इसे सभी कॉरपोरेट्स तक बढ़ाने की वकालत कर रही हैं। वहीं, 73 प्रतिशत कंपनियों ने माना है कि छोटी से मध्यम अवधि यानी एक से छह महीने की इंटर्नशिप कौशल विकास के लिए सबसे उचित है।

## अडाणी के खिलाफ रिपोर्ट जारी करने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च ने समेटा अपना कारोबार

वाशिंगटन/नई दिल्ली(हि.स.)। गौतम अडाणी, जैक डोर्सी और कार्ल इकान समेत कई अरबपति कारोबारियों को निशाना बनाने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपना कारोबार समेट लिया है। इसके संस्थापक नाथन एंडरसन ने गुरुवार को कंपनी बंद करने की घोषणा की। हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी के फाउंडर नाथन एंडरसन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि उन्होंने कंपनी को बंद करने का फैसला लिया है। उन्होंने लिखा, ह्यहमारी प्लानिंग थी कि हम जिन विचारों पर काम कर रहे थे, उन्हें पूरा करने के बाद कंपनी को बंद कर दिया जाए। आखिरकार वह दिन आज आ गया है। दरअसल, जनवरी 2023 में अडाणी समूह के शेयरों को लेकर सनसनीखेज आरोपों के कारण ये अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म चर्चा में आई थी।

### वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में बजट पूर्व संगोष्ठी का आयोजन, कहा

# हर तबके के लोगों का सुझाव बजट में किया जाएगा शामिल



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आगामी 2025-26 के बजट को अबुआ बजट का नाम दिया है। इस बजट में झारखंड के जंगलों,दूर दराज में रहने वाले गरीब लोगों, किसानों, राज्य के हर तबके, जाति, धर्म के लोगों के हितों को ध्यान में रख कर योजनाएं शामिल की जाएगी। लोगों की चेहरे में खुशहाली ला सकें, ऐसा बजट हम तैयार करेंगे । इसलिए आम लोगों से रायशुमारी ली जा रही है। इसी संदर्भ में आज कृषि , सिंचाई , वन-पर्यावरण, ग्रामीण विकास, आजीविका मिशन, नगर विकास, पर्यटन,उद्योग, खान एवं भूतत्व, श्रम एवं कौशल विकास के क्षेत्र में एक्सपर्ट लोगों के सुझाव एवं विचार आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आपके कई बहुमूल्य सुझाव प्राप्त हुए हैं उन बहुमूल्य सुझावों को आगामी 2025-26 के बजट में शामिल करने का प्रयास रहेगा। वह गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित अबुआ बजट कार्यशाला (बजट पूर्व संगोष्ठी 2025-26) को संबोधित कर रहे थे । मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हमारा बजट राज्य की संस्कृति, भौगोलिक व्यवस्था ,यहाँ रहने वाले लोगों की परंपराओं को ध्यान में रख कर तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह इस राज्य का 25वाँ बजट होगा जहाँ राज्य की कई चुनौतियां हमारे समक्ष है। हम उन दृष्टिकोण को ध्यान में रख कर बजट तैयार करेंगे जिससे झारखंड का आर्थिक ,सामाजिक एवं भौगोलिक विकास हो सके। उन्होंने कहा कि बजट की मॉनिटरिंग भी होनी जरूरी है ताकि बजट में जो योजनाएं शामिल की गई उसकी धरातल पर क्या स्थिति है उसका पता चल सके। उन्होंने राजस्व बढ़ाने पर भी जोर दिया। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जंगल में रहने वालों को तो वनपट्टा मिल जाता है परंतु कनेक्टिविटी की कमी के कारण उस क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पाती है । प्रयास करें वहां तक पहुंचने के लिए सड़कें हों। उन्हें ग्राम सभा के माध्यम से बेसिक नीड्स उपलब्ध कराने पर जोर दें साथ ही महुआ आधारित शराब बनाने पर जोर दे ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले ।

## आगामी बजट झारखंड को विकास के पथ पर लेकर जाएगा आगे : ग्रामीण विकास मंत्री

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आगामी बजट में झारखंड की महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर दिया जाएगा। जेएसएलपीएस से करीब 32 लाख महिलाएं जुड़ी हुई है । महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से दी जा रही आर्थिक सहायता को इकोनॉमिक एंगेज्ड कर उन्हें कैसे मदद दी जाए ताकि वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़े इस पर विभाग का फोकस है आगामी बजट में। महिलाओं को फाइनेंशियली ट्रेंड कर उन्हें कैसे रोजगार से जोड़ा जाए इसे ध्यान में रखा जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं को अर्बन मार्केट से कनेक्ट करने का प्रयास किया जाएगा साथ ही ग्रामीण इलाकों में रूरल ड्रिंकिंग वाटर के छोटे छोटे प्रोजेक्ट को भी शामिल करने पर जोर दिया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में सोलर एनर्जी को भी बढ़वा दिया जाएगा।

## आगामी बजट में किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने पर दिया जाएगा जोर : कृषि मंत्री

कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने कहा कि हमारे राज्य के किसानों को ध्यान में रख कर आगामी बजट में उन्हें शामिल किया जाएगा । आगामी बजट में किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने पर जोर दिया जाएगा । हमारे किसान पारंपरिक तौर पर एकल खेती पर निर्भर है, हमारा प्रयास होगा कि उन्हें पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराते हुए बहुकृषि करने पर जोर दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के तहत बिरसा पाठशाला प्रोग्राम चलाया जा रहा है जिसे आगामी बजट में बृहत पैमाने पर चलाया जाएगा। जहां हम किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करायेंगे , उनकी कैपेसिटी बिल्डिंग करेंगे ताकि वे अपने जमीन पर बेहतर तरीके से खेती कर सकें। उन्होंने कहा कि विभाग की योजनाओं जिसमे मुख्यमंत्री पशुधन योजना , झारखंड मिल्क फेडरेशन को और मजबूत करने की जरूरत है साथ ही मत्स्य पालन में भी हमलोग बेहतर कर रहे हैं ।उन्होंने किसानों द्वारा की जा रही रबी फसलों की खेती को सिंचाई के साथ साथ पर्याप्त साधन उपलब्ध करने पर आगामी बजट में शामिल करने पर जोर दिया । इसके अलावा जल संसाधन विभाग सह वित्त विभाग के प्रधान सचिव प्रशांत कुमार, योजना एवं विकास विभाग के सचिव मस्त राम मीना सहित अन्य ने भी अपने विचार रखे।

# केंद्रीय राज्य मंत्री तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे झारखंड



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के तहत 16 से 18 जनवरी 2025 तक तीन दिवसीय समीक्षात्मक दौरे पर गुरुवार को झारखंड पहुंचे।

रांची एयरपोर्ट पर आगमन उपरांत पीआईबी और केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने मंत्री को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र से स्वागत किया। दूरदर्शन, आकाशवाणी और जिला प्रशासन, चाईबासा के अधिकारियों ने भी मंत्री का सत्कार किया।

इस अवसर पर उन्होंने सीबीसी रांची द्वारा एयरपोर्ट पर चलाए जा रहे वेव्स हस्ताक्षर जागरूकता अभियान में भाग लिया। दूरदर्शन न्यूज से बात करते हुए उन्होंने आकाश जिला और ब्लॉक कार्यक्रम के तहत चाईबासा में होने वाली मुख्य गतिविधियों पर चर्चा भी किया। अपने दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को मंत्री चाईबासा के जगन्नाथपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) और केज फिशरीज-करंजिया का दौरा करेंगे। इसके बाद सेल खदान का साइट विजिट किया जाएगा।

वहीं अंतिम दिन मंत्री का जिला अधिकारियों और विभाग प्रमुखों के साथ बातचीत पर केंद्रित होगा, जिसके बाद चाईबासा में एडीपी और एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) के संकेतकों का आकलन करने और एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स प्रोग्राम (एडीपी) के सभी मापदंडों में जिले के विकास को उत्प्रेरित करने के लिए एक समीक्षा बैठक होगी।

2018 में शुरू किया गया एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स प्रोग्राम एक परिवर्तनकारी पहल है जिसका उद्देश्य भारत भर में 112 अपेक्षाकृत पिछड़े और दूरदराज के जिलों के विकास को गति देना है। कमजोर नागरिकों के उत्थान के लिए परिकल्पित, एडीपी विकास के 81 संकेतकों में मापन योग्य प्रगति पर केंद्रित है, जो स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास, और बुनियादी ढांचा रूपी पाँच महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित है। इस कार्यक्रम का ठोस प्रभाव पड़ा है, जिससे लाखों लोगों के जीवन में सुधार आया है और क्षेत्रीय विषमताओं को दूर किया गया है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) 329 जिलों में 500 ब्लॉकों को लक्षित करता है, जहाँ पर 40 संकेतकों में मापी गई आवश्यक सरकारी सेवाओं की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित हो।

## पंचायत स्वंयसेवकों ने सीएम का जताया आभार

**रांची।** राज्य स्तरीय पंचायत सहायक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने गुरुवार को पंचायत सहायक के पद पर चयन की सारी प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। इससे पंचायत स्वंयसेवकों में खुशी है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडे, पंचायती राज के निदेशक निशा उरांव के प्रति आभार जताया। ज्ञात हो कि 10 माह से पंचायत सहायकों के चयन की प्रक्रिया रुकी हुई थी। सरकार ने उन्हें प्रत्येक महीना 2500 रुपए मानदेय देने की घोषणा की थी।

### राहुल गांधी के बयान पर बोले बाबूलाल मरांडी

# कांग्रेस पार्टी बाहरी ताकतों के प्रभाव में कर रही कार्य



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि राहुल गांधी का हालिया बयान, जिसमें उन्होंने कांग्रेस की लड़ाई केवल आरएसएस और भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि भारत के खिलाफ भी बताया है, बेहद चिंताजनक और विभाजनकारी है। कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता बाहरी शक्तियों, जैसे जॉर्ज सोरोस और उनके समर्थकों के प्रभाव में काम कर रहे हैं। कहा कि यह बयान भारतीय राजनीति में एक खतरनाक मोड़ है, जो यह दशार्ता है कि कुछ नेता देश के हितों से अधिक अपनी राजनीति और बाहरी ताकतों के दबाव को प्राथमिकता दे रहे हैं। श्री मरांडी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अपील करते हुए कहा कि वे इस प्रकार की देशविरोधी और विभाजनकारी बयानबाजी पर सख्त कदम उठाएं। यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि भविष्य में इस तरह के बयान न दिए जाएं और देश के खिलाफ बोलने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## गैर इरादतन हत्या के जुर्म में दोषी युवक को सात साल की सजा

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त की अदालत ने गैर इरादतन हत्या के जुर्म में दोषी बोड़ेया रोड निवासी सुमित लोहरा उर्फ पटेल लोहरा उर्फ पेट्रोल(26) को दोषी पाकर 7 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उस पर गज्जू नामक व्यक्ति को बांस से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। घटना का अंजाम 10 फरवरी 2029 को दी गई थी। घटना को लेकर मृतक की बहन गीता देवी ने लालपुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 6 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

## महेंद्र सिंह का 20वां शहादत दिवस मनाया गया

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा गुरुवार को कामरेड महेंद्र सिंह की 20वीं शहादत दिवस मेन रोड स्थित महेंद्र सिंह भवन परिसर में मनाई गई। भवन परिसर में लगी उनकी भित्ति चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्य की रक्षा के संघर्ष में कामरेड महेंद्र सिंह ने अपना सब कुछ गंवा दिया। 90 के दशक में झारखंड अलग राज्य के पक्ष में विशाल जनसभा मोरहाबादी में आयोजित किये थे। उनका कृत्वय एवं व्यक्तित्व जाती पार्टी धर्म से ऊपर था। वे पूंजीवाद, उपनिवेशवाद, निजीकरण के खिलाफ लगातार संघर्ष जारी रखें। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में डॉ रामनाथ मेहता, मो जबीरूल्लाह अंसारी, मो जैदी, ए खलखो आदि शामिल थे। दूसरी तरफ भाकपा माले केंद्रीय कमेटी ने महेंद्र सिंह भवन में संकल्प सभा का आयोजन किया। कमेटी के सदस्य शुभेंदु सेन ने इसका संचालन किया। इसमें हिंद्र सिंह को श्रद्धांजलि देकर एक मिनट का मौन रख कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सभा में 20 जनवरी को पश्चिमी छोटा नागपुर जन कन्वेंशन करने का फैसला लिया गया। सभा में फैसल अनुराग, टोनी, सुशील एक्का, कुमार वरुण, अनंत प्रसाद गुप्ता, समर सिन्हा, सोहेल अंसारी, मोइन, प्रमोद, अजय मंडल, गोपाल, नसीम, राजेश कुमार, इनामुल हक, मोहन दत्ता, निषाद, शांति सेन, एती तिर्की, जगरनाथ उरांव, आकाश रंजन, मुजाहिदीन, प्रताप नारायण दास, नदीम खान, अलमा खलखो, सिंघी खलखो, सुदामा खलखो, नंदिता भट्टाचार्य, राम नाथ, पुस्कर महतो, मो खालिख, राम महतो शामिल हुए। कार्यक्रम में कहा गया कि भाकपा माले के विधायक महेंद्र सिंह के 20वें शहादत के संकल्प दिवस पर, देश में अघोषित आपातकाल और फासीवाद के इस स्थिति में आज हमें महेंद्र सिंह के विचारों को लेकर सड़क पर लड़ाई को जोर देना होगा।

# एनडीपीएस एक्ट पर पुलिस कर्मियों को मिला विशेष प्रशिक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने नवीन पुलिस केन्द्र में दो दिवसीय एनडीपीएस एक्ट पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उप महानिरीक्षक सह रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने किया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिलों में हो रहे अफीम की अवैध खेती की रोकथाम के लिए सैटेलाइट इमेज से संबंधित विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले में पदस्थापित पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, पुलिस अवर निरीक्षक एवं सहायक पुलिस अवर निरीक्षक ने भाग लिया। इससे पूर्व यह विशेष प्रशिक्षण से चतरा, पश्चिम सिंहभूम चाईबासा एवं खूंटी जिला में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षित किया गया है और निकट भविष्य में शीघ्र ही राज्य के अन्य जिलों में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# झारखंड में सरकारी कार्यालय के बाहर लगाए मेधा डेयरी बूथ : शिल्पी नेहा तिर्की

- सरकार से स्थल मुहैया कराने के लिए विभाग करेगा पत्राचार
- शहरी क्षेत्र के स्कूल के बाहर उपलब्ध रहेगा मेधा डेयरी प्रोडक्ट



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पशुपालन निदेशालय हेसाग में झारखंड मिल्क फेडरेशन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कई निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान मेधा डेयरी के प्रचार-प्रसार की जरूरत को महसूस किया गया। इसके लिए शहरी क्षेत्र में स्कूल के बाहर मेधा डेयरी के अस्थाई बूथ दिखेंगे। स्कूली बच्चों के बीच मेधा डेयरी के उत्तम उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। विभाग का मानना है कि स्कूली बच्चें मेधा डेयरी के प्रचार का सबसे सशक्त माध्यम हो सकते है। इसके लिए स्कूल के बाहर मेधा डेयरी के द्वारा कई तरह के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

रांची के मांडर, चान्हो, बेड़ों प्रखंड में भी मेधा डेयरी का बूथ खोलने का निर्देश विभागीय मंत्री ने दिया है। जमशेदपुर के बजाय सरायकेला- खरसांवा जिले में डेयरी प्लांट के लिए स्थल चयन का निर्देश मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया है। पशुपालन विभाग के द्वारा संचालित फॉर्मर ट्रेनिंग सेंटर को आवासीय बनाने की बात मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों से कही है। ताकि ऐसे ट्रेनिंग सेंटर पर 200 से 300 किसानों की आवासीय ट्रेनिंग हो सके। गो सेवा आयोग के साथ एक कार्यशाला आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है। इस कार्यशाला में गो पालकों को कई तरह की जानकारी दी जाएगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है फेडरेशन के साथ- साथ डेयरी कॉपरेटिव सोसाइटी का गठन किया जाए। ये झारखंड के लिए सफल साबित होगा । ऐसा करके ग्रामीण स्तर पर लोगों को जोड़ा जा सकता है। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा और विभाग का अपने लक्ष्य को पाने में भी सफल साबित होगा।

# युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी नीतिश सिंह ने दिया इस्तीफा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** युवा आजसू सह प्रभारी नीतिश सिंह ने अपनी प्राथमिक सदस्यता और पार्टी के अन्य सभी पदों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे में संगठन में बढ़ती बाहरी-भीतरी मतभेदों और कार्य-संस्कृति में आई गिरावट का हवाला दिया। नीतिश सिंह ने 2015 से संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने छात्रों और युवाओं के बीच राजनीतिक जागरूकता फैलाने, चुनावी प्रक्रियाओं में भाग लेने और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा संगठन के हितों को प्राथमिकता दी और अपने पद का किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए उपयोग नहीं किया। उन्होंने संगठन में हाल के दिनों में पारदर्शिता की कमी और आंतरिक गुटबाजी पर दुख जताया। इसके कारण कई सक्रिय कार्यकर्ता संगठन से अलग हो गए।

### स्वास्थ्य मंत्री ने एसएनएमएमसीएच का किया औचक निरीक्षण, कहा

# सरकारी अस्पतालों की अनदेखी नहीं होगी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और रांची से आई डॉक्टरों की टीम के साथ शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने अस्पताल के डॉक्टरों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की और अस्पताल परिसर का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ। अंसारी ने अस्पताल में पाई गई कई खामियों पर नाराजगी जताई और अधीक्षक को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सबसे पहले इमरजेंसी परिसर स्थित महिला वार्ड का निरीक्षण किया, जहां मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और सुविधाओं की जानकारी ली। वार्ड में बेड की खराब स्थिति और घटिया चादरों को देखकर मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। डॉ। अंसारी ने ओपीडी और ऑर्थो वार्ड का भी निरीक्षण किया, जहां अव्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने अधीक्षक को फटकार लगाई। उन्होंने कहा, हम इतने खर्च करते हैं और उसके बावजूद अस्पताल की यह स्थिति चिंताजनक है। अस्पताल की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मरीजों को बार बार रेफर करना उचित नहीं- मंत्री डॉ इरफान अंसारी मंत्री ने मीडिया से बातचीत में बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद पहली बार एसएनएमएमसीएच का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल काफी पुराना है और इसे दुरुस्त करने की जरूरत है। साफ-सफाई और मरीजों के इलाज की व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को बार-बार रेफर करना उचित नहीं है और सरकारी अस्पताल की अनदेखी नहीं की जाएगी। डॉ। अंसारी ने घोषणा की कि संथाल परगना के लोगों को जल्द ही सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल की सौगात मिलेगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल के निर्माण में करोड़ों की लागत आई है और अब इसे छह माह के भीतर चालू किया जाएगा। डॉक्टरों की कमी दूर कर अस्पताल को पूरी तरह से संचालित किया जाएगा। धनबाद में आउटसोर्सिंग विवाद पर बोलते हुए उन्होंने कहा, धनबाद में गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोयला हमारा है, जमीन हमारी है, लेकिन फायदा केंद्र सरकार उठा रही है। भाजपा ने धनबाद को लूट का अड्डा बना दिया है, जो अब नहीं चलने दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि खरमास समाप्त हो चुका है, अब ऑपरेशन इरफान अंसारी शुरू हो गया है। हमारा लक्ष्य है कि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाकर जनता को बेहतर सुविधा दी जाए।

# विस्थापन सेल का होगा गठन खरखरी परियोजना कांड की होगी जांच

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद के साथ त्रिपक्षीय समीक्षा बैठक सीआई एम के कोलकाता मुख्यालय में हुई। इसमें सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने विस्थापित सेल का गठन करने की मांग रखी, इस पर कोल इंडिया के चेयरमैन ने सहमति प्रदान करते हुए विस्थापित सेल का शीघ्र गठन करने का आश्वासन दिया। सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी खरखरी कोयला परियोजना में एमटीओ हिलटॉप हाईरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित गोलीकांड की ओर कोल इंडिया के चेयरमैन का ध्यान आकृष्ट कराया। इस उन्होंने तत्काल रिटायर्ड डीजीपी स्तर के आईपीएस ऑफिसर के नेतृत्व में खरखरी गोलीकांड के लिए विशेष जांच दल के गठन का आदेश दिया। इससे एमडीओ हिल टॉप हाईरिंग प्राइवेट लिमिटेड पर गाज गिर सकती है। एरिया- 3 के जीएम भी जांच के दायरे में है। इस क्रम में 2 दिसंबर 23 के सांसद के पत्र में 22 सूत्री मांग के आलोक में 8 जनवरी 24 को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में हुई बैठक की समीक्षा की गई। सांसद चन्द प्रकाश चौधरी ने विस्थापितों के पेप कार्ड की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त की। इस पर चेयरमैन ने द्वारा दो माह के अंदर कैंप लगाकर विस्थापितों के पेप कार्ड बनाने का आश्वासन दिया। साथ ही सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने विस्थापितों के लिए 15 मार्च 24 को ट्रिब्यूनल गठन के आदेश के बाद भी चालू नहीं होने पर चिंता व्यक्त की। इस पर कोल इंडिया के चेयरमैन ने आश्वासन दिया की बहुत जल्द ट्रिब्यूनल गठन की विधिक प्रक्रिया पूरा कर लिया जाएगा। कोल इंडिया के चेयरमैन ने सांसद को आश्वासन दिया कि विस्थापितों के साथ खरखरी परियोजना जैसी गोली कांड की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए वरीय प्रबंधक के साथ उच्च स्तरीय बैठक होगी। उधर, गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के प्रयास से विस्थापितों के लिए ऐतिहासिक ट्रिब्यूनल के गठन के बाद विस्थापित सेल का गठन का आदेश विस्थापितों के हित के लिए ऐतिहासिक निर्णय है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि खरखरी गोलीकांड कांड का कोई भी दोषी कानून से ऊपर नहीं है।

**सांसद चद्रप्रकाश चौधरी के साथ त्रिपक्षीय समझौता में कोल इंडिया के चेयरमैन ने दिया आश्वासन**




## केशव महतो ने प्रभारी सीरी बेला से की मुलाकात

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश दिल्ली दौरे पर हैं। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह झारखंड प्रभारी सीरी बेला प्रसाद, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं संगठन प्रभारी वेणुगोपाल से मुलाकात कर कांग्रेस के नये मुख्यालय के उद्घाटन की बधाई दी।

## पेज एक के शेष

### अब घर बैठे ही कटेगी...

द्वारा उसके अविलंब निष्पादन किए जाने, अंचल कार्यालयों में निरीक्षण करने समेत राजस्व बढ़ाने जैसे अन्य महत्वपूर्ण मामलों में दिशा निर्देश दिया। वर्चुअल बैठक में मंत्री ने रांची प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी मिश्रा, हजारीबाग प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार, पलामू प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा, दुमका प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल, चाईबासा प्रमंडलीय आयुक्त हरिप्रसाद केसरी के आए सुझाव पर अमल करने के निर्देश दिए। मौके पर मुख्य रूप से मंत्री श्री दीपक बिरुआ के अलावे पांचों प्रमंडलीय आयुक्त, विभागीय प्रधान सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशिप्रकाश झा समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

### धनबाद हिंसक झड़प : झामुमो...

इससे पहले पुलिस ने इस मामले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में कुल अलग-अलग 9 प्राथमिकी दर्ज की गई है। 100 से अधिक नामजद आरोपी बनाए गए हैं। आपको बता दें कि 9 जनवरी को मधुबन थाना क्षेत्र के हिल टॉप आउटसोर्सिंग में रैयत और कंपनी प्रबंधन के गुर्गों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। जिसमें गोलीबारी, बमबाजी और पथराव की घटनाएं हुई थीं। साथ ही गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के कार्यालय में आग लगा दी गई थी। घटना के तुरंत बाद बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मुख्य आरोपी कारू यादव को गिरफ्तार करने पहुंचे। इस दौरान कारू यादव के समर्थकों ने पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस पर पथराव किया गया। इस घटना में बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल उनका इलाज दुर्गापुर मिशन अस्पताल में चल रहा है। कारू यादव पूरी घटना का मास्टरमाइंड है। उसकी गिरफ्तारी के लिए धनबाद पुलिस एसडीपीओ के नेतृत्व में बिहार के जमुई में छापेमारी कर रही थी। पुलिस उसके पूरे नेक्सस को ध्वस्त करना चाहती है। कारू यादव की गिरफ्तारी एक अहम सफलता मानी जा रही है।

**100**

से अधिक यूनिकॉर्न की ओर से संचालित यह जीवंत इकोसिस्टम, वैश्विक मंच पर नवाचार और उद्यमशीलता को लगातार परिभाषित करता है

### स्टार्टअप इंडिया पहल की नौवीं वर्षगांठ पर बोले प्रधानमंत्री

# भारत की युवा शक्ति की ताकत व कौशल पर गर्व है

**16**

जनवरी 2016 को भारत सरकार ने स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत की थी इसका उद्देश्य नवाचार को प्रोत्साहन देनाऔर स्टार्टअप की प्रगति को उत्प्रेरित करना है



**नई दिल्ली (हि.स.)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को स्टार्टअप इंडिया पहल की नौवीं वर्षगांठ पर कहा कि यह एक ऐतिहासिक पहल है, जिसने नवाचार, उद्यमिता और विकास को फिर से परिभाषित किया है। उन्होंने युवाओं से स्टार्टअप को बढ़ाने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि आप निराश नहीं होंगे। मोदी ने भारतीय स्टार्टअप्स के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाप छोड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि भारत की युवा शक्ति की ताकत और कौशल पर गर्व है, जिसने भारत को स्टार्टअप्स के लिए सबसे आकर्षक स्थानों में से एक बना दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि आज हम स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, यह एक ऐतिहासिक पहल है, जिसने नवाचार, उद्यमिता और विकास को फिर से परिभाषित किया है। यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि यह युवा सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने का एक शक्तिशाली तरीका बनकर उभरा है। पिछले नौ वर्षों में, इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम ने अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है, उनके अभिनव विचारों को सफल स्टार्टअप में बदल दिया है।

उन्होंने कहा कि जहां तक सरकार का सवाल है, हमने स्टार्टअप की संस्कृति को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हमारी नीतियों ने 'कारोबार में आसानी', संसाधनों तक अधिक पहुंच और सबसे महत्वपूर्ण बात, हर मोड़ पर उनका समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हम सक्रिय रूप से नवाचार और इनक्यूबेशन केंद्रों को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि हमारे युवा जोखिम उठाने वाले बनें। मैं व्यक्तिगत रूप से उभरते स्टार्टअप के साथ नियमित रूप से बातचीत करता रहा हूं।

**आज का भारत गतिशील आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए है तैयार**

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया की यह सफलता दर्शाती है कि आज का भारत गतिशील, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार है। इस यात्रा को चिह्नित करते हुए, हम एक उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जो हर सपने को पूरा करता है और आत्मनिर्भर भारत में योगदान देता है।

# पीएम मोदी ने सफल सैटेलाइट डॉकिंग पर इसरो को दी बधाई

**● सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट पर लिखा, 'इसरो को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग की सफलता के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और पूरे अंतरिक्ष समुदाय को बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों की ओर बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम है। वहीं केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, 'इसरो ने आखिरकार यह कर दिखाया। स्पैडेक्स ने अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की है। डॉकिंग पूरी हो गई है और यह पूरी तरह स्वदेशी 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' है।

इससे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रयान 4 और गगनयान समेत भविष्य के महत्वाकांक्षी मिशनों के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। पीएम मोदी का निरंतर संरक्षण बेंगलुरु में उत्साह को बढ़ाता रहता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट पर लिखा, 'इसरो को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई। भारत सफलतापूर्वक अंतरिक्ष डॉकिंग हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है, जो हमारी अंतरिक्ष क्षमताओं में एक बड़ी छलांग है। यह असाधारण मील का पत्थर मिशन के पीछे प्रतिभाशाली दिमागों के समर्पण और विशेषज्ञता को उजागर करता है। भारत के लिए यह गौरव का क्षण है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। बताया कि स्पैडेक्स मिशन के उपग्रहों की सफल डॉकिंग के साथ ही भारत अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। इसरो ने दो छोटे अंतरिक्ष यान एसडीएक्स01, चेजर, और एसडीएक्स02, टारगेट के विलय की जानकारी दी, जिनमें से प्रत्येक का वजन लगभग 220 किलोग्राम है।

### कैबिनेट : इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में तीसरे लॉन्च पैड की स्थापना को मंजूरी




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में तीसरे लॉन्च पैड (टीएलपी) की स्थापना को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने पत्रकार वार्ता में कहा कि इसके लिए कुल निधि की आवश्यकता 3984.86 करोड़ रुपये है और इसमें लॉन्च पैड और संबंधित सुविधाओं की स्थापना शामिल है। यह परियोजना उच्च प्रक्षेपण आवृत्तियों और मानव अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष अन्वेषण मिशनों को शुरु करने की राष्ट्रीय क्षमता को सक्षम करके भारतीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगी। इसे अधिकतम उद्योग भागीदारी के साथ साकार किया जाएगा, जिसमें पहले के लॉन्च पैड स्थापित करने में इसरो के अनुभव का पूरा उपयोग किया जाएगा और मौजूदा लॉन्च कॉम्प्लेक्स सुविधाओं को अधिकतम साझा किया जाएगा।

**हाथरस**

## कृषि विभाग ने अवैध खाद फैक्ट्री पर की छापेमारी, मची भगदड़

उत्तर प्रदेश में हाथरस के सासनी कोतवाली क्षेत्र के सांदलपुर गांव में कृषि विभाग ने पुलिस को साथ लेकर खाद बनाने की अवैध फैक्ट्री पर छापा मारा। जिस समय ये कार्रवाई की गई उस दौरान करीब तीन ट्रकों में माल बिना मार्का के कट्टों में भरकर भेजने की तैयारी की जा रही थी। टीम के पहुंचते ही मौके पर भगदड़ मच गई। अधिकारियों के अनुसार, मशीनें व करीब दो हजार कट्टे डीएपी, यूरिया और पोटाश के बरामद किए गए हैं। फैक्ट्री में खुले में डीएपी पड़ा हुआ था। लगभग 400 कट्टे डीएपी के पैक हो चुके थे। ट्रकों में भी डीएपी लदा हुआ था। एक तरफ यूरिया का पाउडर बनाया जा रहा था। यूरिया पाउडर बनाने के लिए मशीनें लगी हुई थीं। विभाग की टीम ने यूरिया, डीएपी और पोटाश के करीब दो हजार कट्टों को पांच ट्रकों में भरवा लिया। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फैक्ट्री संचालकों के पास न तो स्टोरेज और ना ही उत्पादन संबंधी लाइसेंस है।

**मनाली**

## मनाली में बर्फबारी के बीच मस्ती करते नजर आए पर्यटक

हिमाचल प्रदेश में गुरुवार को ऊपरी इलाकों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश हो रही है। इस बीच लाहौल स्पीति पुलिस ने लाहौल आने वाले पर्यटकों व स्थानीय लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश में आगामी चार दिनों तक खराब मौसम रहने की चेतावनी दी गई है। कुल्लू, मनाली और लाहौल स्पीति में भी बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। मनाली में बर्फबारी के बीच पर्यटक मस्ती कर रहे हैं। मनाली में बर्फबारी का मजा लेने के लिए पर्यटक सोलंग नाला, अटल टनल का भी रुख कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, अभी मनाली में बर्फबारी कम है। यदि बर्फबारी ज्यादा होती है तो मनाली पुलिस पर्यटकों की आवाजाही को रोक देगी। इस बीच लाहौल स्पीति पुलिस ने लाहौल आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। लाहौल पुलिस ने पर्यटकों और आमजन से अपील की है कि घाटी में बर्फबारी तेज हो गई है। ऐसे में भी आवश्यक कारणों के चलते ही अपने घरों से निकले। वहीं, अगर कोई पर्यटक या वाहन चालक बर्फ के बीच फंस जाता है, तो वह तुरंत पुलिस प्रशासन से संपर्क करें।

**नई दिल्ली**

## फैटी लिवर से हो सकता है लिवर सिरोसिस का खतरा

वर्तमान में कई लोग बदलती जीवनशैली से फैटी लिवर की समस्या के शिकार हो रहे हैं। यह समस्या आगे बढ़कर बेहद गंभीर हो सकती है, जो लिवर सिरोसिस की बीमारी को जन्म दे सकती है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और हेपटोबिलिअरी साइंसेज के निदेशक डॉ. पंकज पुरी आईएएनएस को बताया, ''सिरोसिस एक लिवर की बीमारी है जिसमें लिवर सख्त हो जाता है और उसके फंक्शन में खराबी आ जाती है। लिवर की समस्या से जूझ रहे 10 प्रतिशत लोग लिवर सिरोसिस के शिकार होते हैं। ऐसे में उनका लिवर खराब हो सकता है, पेट में पानी भर सकता है और खून की उल्टी तक हो सकती है। डॉ. पुरी ने बताया कि लिवर सिरोसिस ये जूझ रहे पांच प्रतिशत लोगों को आगे जाकर कई तरह की गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। लिवर की बीमारी के कई कारण हो सकते है,जिनमें हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, फैटी लिवर शामिल हैं। फैटी लिवर में लिवर में सूजन आ जाती है। शराब भी इसके मुख्य कारणों में से एक हो सकती है।

## भारत की तीन संस्थाओं को अमेरिका ने परमाणु प्रतिबंध सूची से हटाया

**● अमेरिका ने मई 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद इन और अन्य भारतीय संगठनों को इकाई सूची में शामिल किया था।**

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिका ने इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और इंडियन रेयर अर्थ्स को 'एंटीटी लिस्ट' से हटा दिया है। ये अमेरिकी कंपनियों के विशिष्ट सामानों के लिए निर्यात प्रतिबंध सूची के अधीन थीं। अमेरिकी उद्योग एवं सुरक्षा ब्यूरो (बीआईएस) ने बुधवार को कहा कि इन निष्कासनों से "इन संस्थाओं को हटाने से उन्नत ऊर्जा सहयोग, संयुक्त अनुसंधान और विकास, और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग में बाधाएं कम होंगी। यह अमेरिका और भारत की साझा ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों और लक्ष्यों को बढ़ावा देगा। इसमें आगे कहा गया कि "अमेरिका और भारत शांतिपूर्ण परमाणु सहयोग और संबंधित अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, साथ ही पिछले कई वर्षों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को मजबूत किया गया है, जिससे दोनों देशों और दुनिया भर के उनके साझेदार देशों को लाभ हुआ है। निर्यात प्रशासन के लिए वाणिज्य के प्रधान उप सहायक सचिव मैथ्यू बोरमैन ने कहा, "तीन भारतीय संस्थाओं को हटाने से अमेरिका और भारत के बीच अधिक महत्वपूर्ण खनिजों और स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए घनिष्ठ सहयोग संभव होगा। यह कार्रवाई अमेरिका-भारत साझेदारी की समग्र महत्वाकांक्षा और रणनीतिक दिशा के साथ संरेखित है और उसका समर्थन करती है। अमेरिका ने मई 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद इन और अन्य भारतीय संगठनों को इकाई सूची में शामिल किया था। उनमें से नौ को राष्ट्रपति बराक ओबामा के प्रशासन के दौरान 2015 में इकाई सूची से हटा दिया गया था।

# महाकुंभ कल्पवास के दौरान एलर्जी होने के कारण लॉरेन पॉवेल वापस गईं

**कैलाशानंद गिरि ने लॉरेन पॉवेल को महाकाली के बीज मंत्र की दीक्षा दी, वह "ॐ क्रीं महाकालिके नमः" का जाप करेंगी**

**संवाददाता । प्रयागराज**

एप्पल के को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल महाकुंभ में 10 दिन कल्पवास करने के लिए 13 जनवरी को आई थीं। लेकिन धूल आदि प्रदूषण से एलर्जी हो जाने के कारण महाकुंभ से तीन दिन रहकर ही वापस चली गईं। यहां से वह भूटान गई हैं , वहां कुछ दिन प्रवास के बाद अमेरिका चली जाएँगी।यह प्रयागराज हवाई अड्डा से अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू होने के चलते हुआ है। मालूम हो कि 1932 में प्रयागराज से लंदन के लिए विमान का संचालन हुआ था। अब महाकुंभ में इस बार कुछ देशों से प्रवासी भारतीय व विदेशी नागरिक विमान से सीधे प्रयागराज आ रहे हैं। इसी कारण एयरपोर्ट पर पहली बार इमिग्रेशन विभाग के भी कर्मचारियों की तैनाती हुई है। नई टर्मिनल बिल्डिंग में इनकी तैनाती महाकुंभ मेला अवधि के लिए की गई है। इसी बीच रॉयल भूटान एयरलाइंस का विमान बुधवार सुबह जब लैंड हुआ तो तमाम कर्मचारी उसे देख अचंभित हो गए। इसके आने की खबर चुनिंदा लोगों को ही थी। बाद में पता चला कि उक्त विमान से लॉरेन पॉवेल जॉब्स को रवाना होना है। कुछ ही देर में लॉरेन पॉवेल जॉब्स एयरपोर्ट पहुंचीं। वहां एयरपोर्ट निदेशक मुकेश उपाध्याय से उनकी मुलाकात हुई। इमिग्रेशन विभाग की औपचारिकता पूरी होने के बाद लॉरेन पॉवेल का विमान प्रयागराज से सीधे भूटान के लिए रवाना हो गया।



मालूम हो कि ब्रिटिश शासन के दौरान प्रयागराज से इंटरनेशनल विमान संचालित हुआ करते थे। 1932 तक यहां से लंदन के लिए सीधी फ्लाइट थी। इसके 93 वर्ष बाद प्रयागराज एयरपोर्ट से बुधवार 15 जनवरी को इंटरनेशनल फ्लाइट संचालित हुई। हालांकि इस भूटान एअर लाइंस के विमान से सिर्फ लॉरेन पॉवेल जॉब्स व उनके कुछ सहयोगी ही रवाना हुए। लॉरेन पॉवेल जॉब्स महाकुंभ में में तीन दिन निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविर में प्रवास किया। मकर संक्रांति पर स्नान करने की भी उनकी इच्छा थी, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वह अमृत स्नान नहीं कर सकीं। बुधवार को उन्होंने अपने गुरु आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि से दीक्षा ली। लॉरेन पॉवेल को महाकाली के बीज मंत्र की दीक्षा दी गई है। वह ॐ क्रीं महाकालिके नमः का जाप करेंगी।आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि ने बताया कि सभी प्रश्न सनातन धर्म के इर्द-गिर्द घूमते हैं और उन्हें उत्तरों में बहुत खुशी और संतुष्टि मिलती हैं। लॉरेन की आध्यात्मिकता की खोज उन्हें महाकुंभ में ले आईं। यहां उनको नया नाम कमला दिया गया है। वह बहुत ही सरल, सौम्य हैं और यहां हैं। आध्यात्मिकता की उनकी खोज उन्हें यहाँ ले आई। जिस तरह से उन्होंने अखाड़े में भक्ति भाव से सब कुछ किया उससे यह स्पष्ट होता है कि दुनिया के सबसे अमीर और सबसे प्रसिद्ध लोगों में से एक होने के बावजूद, वह अहंकार रहित हैं और दिखावा नहीं करती हैं। यहां वह सादे कपड़े पहनती हैं और आचरण करती हैं। वह लो प्रोफाइल रहती हैं। वह यहां हमारी शाश्वत व कालजयी सनातनी संस्कृति, सभी चेतनाओं के मूल को देखने आई हैं। वह यहां सनातनी आस्था के प्रहरियों, साधु-संतों से मिल रही हैं। पुरी ने कहा कि कहा कि लॉरेन पहली बार महाकुंभ में आई हैं। वह काशी विश्वनाथ के दर्शन करके महाकुंभ आई थीं। गंगा में नौकायन के बाद सिर पर दुपट्टा डालकर बाबा विश्वनाथ के दरबार पहुंची थीं। गर्भगृह के बाहर से ही बाबा का आशीर्वाद लिया। सनातन धर्म में गैर हिंदू शिवलिंग का स्पर्श नहीं करते, इस बात का ध्यान रखते हुए उन्होंने बाहर से ही दर्शन किया था।

## 1991 के उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम की वैधता के विरूद्ध दाखिल भाजपा नेताओं की याचिका में दखल के लिए कांग्रेस ने लगाई याचिका

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लगा कांग्रेस ने 1991 के उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम की वैधता के विरूद्ध दाखिल भाजपा नेताओं की याचिकाओं का विरोध किया और सुप्रीम कोर्ट से इस जनहित याचिका (पीआईएल) में दखल देने का आग्रह किया।यह अधिनियम धार्मिक स्थलों के स्वरूप को वैसे ही बनाए रखता है, जैसा वे 15 अगस्त 1947 को थे।भारतीय जनता पार्टी के नेता व वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर की गई जनहित याचिका में इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। जिसके विरूद्ध याचिका में कांग्रेस ने कहा कि यह कानून भारत में धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने के लिए जरूरी है और इस पर उठाए गए सवाल जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण प्रयास प्रतीत होते हैं, जो धर्मनिरपेक्षता के स्थापित सिद्धातों को कमजोर करने के लिए गए हैं। पार्टी ने कहा कि उसे आशंका है कि अगर इस कानून में कोई बदलाव हुआ, तो इससे भारत में सांप्रदायिक सद्भावना और धर्मनिरपेक्षता को खतरा पैदा हो सकता है, जो देश की संप्रभुता और अखंडता को भी खतरे में डाल सकता है।

कांग्रेस ने यह भी कहा कि वह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध है और इस कानून को पारित करने में उसका अहम योगदान था, जब वह और जनता दल पार्टी लोकसभा में बहुमत में थे। पार्टी ने आगे कहा कि वह अपने निर्वाचित सदस्यों के जरिए उपासना स्थल कानून को पारित करने के लिए जिम्मेदार थी, इसलिए उसे इस मामले में दखल देने की अनुमति मिलनी चाहिए और उपासना स्थल कानून की वैधता का बचाव किया जाना चाहिए। विपक्षी पार्टी ने आरोप लगाया कि उपाध्याय ने संदिग्ध और गोपनीय उद्देश्यों से याचिका दायर की है। याचिका में यह गलत दावा किया गया है कि उपासना स्थल कानून केवल हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदायों पर लागू होता है। इस कानून के अनुसार सभी धर्मों के समुदायों के पूजा स्थलों पर समान रूप से लागू होता है और यह 15 अगस्त 1947 के बाद की स्थिति को सुनिश्चित करता है, न कि किसी विशेष समुदाय के प्रति पक्षपात, जैसा कि दावा किया गया है।

मालूम हो कि संसद ने 18 सितंबर 1991 को उपासना स्थल अधिनियम, 1991 (अधिनियम) पारित किया था। उपासना स्थल कानून में सात धाराएं हैं। शुरुआती खंड में कानून का उद्देश्य किसी भी उपासना स्थल के बदलाव पर रोक लगाना और किसी भी उपासना स्थल के धार्मिक चरित्र को 15 अगस्त, 1947 के अनुसार बनाए रखना बताया गया है। यह अधिनियम उस समय चुनौती के दायरे में आया जब सर्वोच्च न्यायालय अयोध्या स्थित विवादित ढांचे के मसले का फैसला कर रहा था। 9 नवंबर 2019 को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से विवादित संपत्ति का मालिकाना हक श्री रामलला विराजमान को दिया। इस फैसले ने 450 साल पुराने विवाद की फाइलें बंद कर दीं। उस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने उपासना स्थल अधिनियम, 1991 की वैधता को बरकरार रखा। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय में कई याचिकाएं दायर की गई, जिनमें दावा किया गया है कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26, 29 का उल्लंघन करता है। इन मामलों में याचिकाकर्ताओं में भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय, पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, धर्मगुरु स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती और देवकीनंदन ठाकुर, काशी नरेश विभूति नारायण सिंह की बेटी कुमारी कृष्णा प्रिया और सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी अनिल कबोत्रा शामिल हैं।

**मप्र सरकार के परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया ने कहा-**

## सनातन धर्म की समृद्धि के लिए ब्राह्मण चार बच्चे पैदा करें

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मप्र सरकार के परशुराम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया ने कहा कि ब्राह्मण समाज के लोग सनातन धर्म की समृद्धि के लिए विवाह के बाद चार संतानों को जन्म दें। चार संतान को जन्म देने वाले ब्राह्मण समाज के युगलों को परशुराम कल्याण बोर्ड की ओर से एक लाख रुपए की राशि भेंट की जाएगी। मैं अध्यक्ष रहूं या नहीं, यह धनराशि निश्चित रूप से मिलती रहेगी। राजोरिया इंदौर में सनाढ्य ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे। उनके इस बयान को लेकर तरह -तरह की चर्चा हो रही है। तमाम लोग कह रहे हैं कि एक लाख रुपये से क्या होने वाला है । उससे ज्यादा तो बच्चा पैदा होते समय अस्पताल में ही खर्च हो जाएगा। आगे पढ़ाई लिखाई क्या भिक्षा मांग कर कराया जाएगा , या भिक्षा मांगकर पेट पालने , जीवन जीने के लिए 4 बच्चे पैदा किया जाए। जहां तक राजोरिया की बात है तो उन्होंने आगे कहा कि उनके बोर्ड की ओर से समाज के जरूरतमंद बालिकाओं का सर्वे भी किया जा रहा है, ताकि आईआईटी, आईआईएम, नीट जैसी तैयारी समेत विवाह में उनकी मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि समाज के युवक-युवतियों से मेरा विशेष आग्रह है कि वे देश के भविष्य के निर्धारक हैं, इसलिए उन्हें एक या दो बच्चे पैदा करने के बजाय चार बच्चे तो कम से कम पैदा करना ही चाहिए। अब जो भी युगल शादी करें, वे इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें चार बच्चे पैदा करना हैं, अन्यथा विधर्मी लोग देश पर कब्जा कर लेंगे। अपने राष्ट्र, समाज, धर्म की रक्षा और समृद्धि के लिए हमें यह संकल्प करना ही होगा। हमारे पूर्वजों ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए बहुत त्याग किए हैं। हमें भी उनकी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सनातन धर्म की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे, यही वक्त की मांग है।

# संघर्ष विराम समझौते को मंजूरी देने से नेतन्याहू का इनकार

**एजेंसी । तेल अवीव**

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने गुरुवार को कहा कि जब तक हमास 'अंतिम क्षण के संकट' से पीछे नहीं हटता, तब तक उनका मंत्रिमंडल गाजा संघर्ष विराम समझौते को मंजूरी देने के लिए बैठक नहीं करेगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर 'अंतिम क्षण में रियायतें लेने' के प्रयास में समझौते के कुछ हिस्सों से पीछे हटने का आरोप लगाया। बता दें कि, इस्राइली मंत्रिमंडल गुरुवार को समझौते की पुष्टि करने वाला था।



**अक्तूबर 2023 में इस्राइल पर हमास ने किया था हमला**

हमास ने सात अक्तूबर, 2023 को इस्राइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1200 से ज्यादा लोग मारे गए थे और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इस्राइल ने जवाबी हमले किए, जिसमें 46000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए। इसके अलावा गाजा की अनुमानित 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई और भयावह मानवीय संकट पैदा हो गया।

**पहले भी नेतन्याहू ने जताई थी असहमति :** इससे पहले नेतन्याहू ने बुधवार की देर रात कहा कि हमास के साथ संघर्ष विराम समझौता अभी पूरा नहीं हुआ है और इसे अंतिम रूप देने पर काम किया जा रहा है। बता दें कि, नेतन्याहू के इस बयान से कुछ घंटे पहले ही अमेरिका और कतर ने संघर्ष विराम समझौते की घोषणा की थी। इससे गाजा में 15 महीने से बनी हुई युद्ध की स्थिति को रोकने और बड़ी संख्या में बंधकों के रिहा होने का रास्ता साफ होगा।

**भारत ने समझौते की घोषणा का किया स्वागत :** वहीं भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस पर कहा कि हम बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्ध विराम के लिए समझौते की घोषणा का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि इससे गाजा के लोगों को मानवीय सहायता की सुरक्षित और निरंतर आपूर्ति होगी। हमने लगातार सभी बंधकों की रिहाई, युद्ध विराम, बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया है।

## अवैध खदान में फंसे 246 श्रमिकों को बचाया गया, 78 शव बरामद

**जोहान्सबर्ग (आईएएनएस)।** तीन दिनों के बचाव अभियान के दौरान दक्षिण अफ्रीका में एक बंद पड़ी सोने की खदान से 246 को जीवित बाहर निकाला गया है। वहीं 78 शवों बरामद किए गए हैं। बुधवार रात 8:00 बजे जारी एक बयान में दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा (एसएपीएस) ने कहा कि उत्तर पश्चिमी प्रांत में स्टिलफोंटेन खदान में सोमवार को बचाव अभियान शुरू होने के बाद से 246 अवैध खनिकों को जमीन से जीवित निकाला गया है और उन्हें गिरफ्तार किया गया है। वहीं 78 शवों को बरामद किया गया है। एसएपीएस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एथलेंडा मैथे ने सिन्हुआ को बताया, "हम निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि इस अभियान को बंद कर दिया गया है।